नई दिल्ली
मंगलवार 19 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 30, अंक : 30
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 43
न्यून. 30

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## प्रचंड गर्मी और लू से बचाव के लिए आयुष मंत्रालय की एडवाइजरी: हीट स्ट्रोक से बचने की सलाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



देश के कई हिस्सों में बढ़ती भीषण गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए ने मंगलवार को विस्तृत पब्लिक हेल्थ एडवाइजरी जारी की। मंत्रालय ने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, दोपहर के समय सीधे धूप में जाने से बचने, हल्के सूती कपड़े पहनने और इलेक्ट्रोलाइट युक्त मौसमी फल एवं पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि लोगों को गर्मी से होने वाली बीमारियों के लक्षणों के प्रति सतर्क रहना चाहिए। इनमें चक्कर आना, सिरदर्द, मतली, मानसिक भ्रम, शरीर का अत्यधिक गर्म होना, डिहाइड्रेशन, बेहोशी और दौरे पड़ना शामिल हैं। एडवाइजरी में हीटस्ट्रोक को मेडिकल इमरजेंसी बताते हुए गंभीर स्थिति में तुरंत 108 और 102 हेल्पलाइन पर संपर्क करने की सलाह दी गई है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, यह एडवाइजरी आम जनता, संवेदनशील वर्गों, श्रमिकों, नियोक्ताओं तथा बड़े सार्वजनिक आयोजनों और खेल गतिविधियों में शामिल लोगों के लिए जारी की गई है। मंत्रालय ने कहा कि शिशु, बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग, बाहर काम करने वाले मजदूर और हृदय रोग या हाई ब्लड प्रेशर जैसी पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोग हीट-वेव के दौरान अधिक जोखिम में रहते हैं। कार्यस्थलों और सार्वजनिक आयोजनों के लिए मंत्रालय ने छायादार विश्राम स्थल, नियमित पानी पीने के ब्रेक, श्रमिकों को गर्मी के अनुकूल बनाने के उपाय और लू के लक्षणों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की सिफारिश की है। एडवाइजरी में आयुर्वेद, सिद्ध, योग, यूनानी और होम्योपैथी पद्धतियों के पारंपरिक उपायों को भी शामिल किया गया है। मंत्रालय ने छाछ, नारियल पानी, नींबू आधारित पेय, निम्बूकफल ▶▶ शेष पेज 5 पर

किसी अफवाह में न पड़ने, न फैलाने की सलाह

# पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र का आश्वासन, पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का है पर्याप्त भंडार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और आयात प्रभावित होने की आशंकाओं के बीच केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों और उर्वरकों की कोई कमी नहीं है तथा सभी रिफाइनरियां सामान्य रूप से काम कर रही हैं। सरकार ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की है। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालात पर आयोजित अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने बताया कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस की



पर्याप्त उपलब्धता है और किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप में सप्लाई बाधित होने की सूचना नहीं मिली है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में अफवाहों के कारण घबराहट में खरीदारी देखी गई है। उन्होंने कहा कि जिन खुदरा एलपीजी केंद्रों पर दबाव बढ़ा है वहां तुरंत अतिरिक्त आपूर्ति भेजी जा रही है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 200 लाख मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक उपलब्ध

*वहीं की संयुक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने कहा कि खरीफ सीजन के लिए राज्यों में 50 प्रतिशत से अधिक उर्वरक उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि देशभर में 200 लाख मीट्रिक टन से अधिक उर्वरकों का भंडार मौजूद है और प्रमुख उर्वरकों के अधिकतम खुदरा मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि संकट के बाद घरेलू उत्पादन में तेजी आई है और अब तक 86.2 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का उत्पादन हो चुका है, जबकि 22 लाख मीट्रिक टन से अधिक आयातित उर्वरक भारतीय बंदरगाहों पर पहुंच चुके हैं।*

### सिमी जहाज भारत पहुंचा

*इस दौरान के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि मार्शल आइलैंड के झंडे वाला एलपीजी कैरियर "सिमी जहाज" शनिवार रात गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल पोर्ट पहुंचा। जहाज में करीब 19,965 मीट्रिक टन एलपीजी भारत के लिए लाई गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 96 घंटों में किसी भारतीय जहाज या विदेशी जहाजों पर तैनात भारतीय नाविकों से जुड़ी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है।*

### 2551 भारतीय नागरिक सुरक्षित निकाले


*अतिरिक्त सचिव असीम महाजन ने कहा कि ईरान सहित पश्चिम एशिया के देशों में भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावास चौबीसों घंटे हेल्पलाइन संचालित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने अब तक 2551 भारतीय नागरिकों को जमीनी सीमा मार्गों के जरिए सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की है। सरकार ने कहा कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है और ऊर्जा, खाद्य तथा समुद्री आपूर्ति श्रृंखला को बाधित नहीं होने दिया जाएगा।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरआर एलएसजी
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### प्रेमानंद महाराज की फिर तबीयत बिगड़ी



**वृंदावन।** प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज की तबीयत अचानक बिगड़ने के कारण उनकी रोजाना होने वाली पदयात्रा और एकांतिक दर्शन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिए गए हैं। केली कुंज आश्रम के अनुसार डॉक्टरों ने उन्हें पूर्ण आराम की सलाह दी है। यात्रा पर नहीं निकले।

### आईआरटीसी: इंदौर से नेपाल चलेगी गौरव ट्रेन



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने इंदौर से नेपाल के लिए नई भारत गौरव ट्रेन शुरू की है। यह ट्रेन पशुपतिनाथ नेपाल दर्शन यात्रा पैकेज के तहत चलाई जा रही है। यह 10 दिन की यात्रा आईआरटीसी द्वारा आयोजित की गई है। यह कोई आम ट्रेन सेवा नहीं है, बल्कि एक पूरा टूर पैकेज है।

### रुपया 96.35 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर



**नई दिल्ली।** रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 54 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 96.35 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव से वैश्विक बाजार धारणा प्रभावित बनी हुई है। ये भी एक बड़ा कारण है।

नॉर्वे के प्रधानमंत्री स्टोरे के साथ ओस्लो में हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद दिए साझा प्रेस वक्तव्य में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# भारत-नॉर्वे एकमत, सैन्य संघर्ष से नहीं निकल सकता किसी मुद्दे का समाधान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए हर पहलू की व्यापक रूप से समीक्षा करने के अलावा साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई है। वैश्विक मुद्दों में खासतौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम-एशिया संकट और आतंकवाद की चुनौती जैसे मामलों को प्रमुखता के साथ शामिल किया गया। बैठक के बाद दिए गए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने साफ शब्दों में यह स्पष्ट कर दिया कि भारत और नॉर्वे इस बात को लेकर पूरी तरह से एकमत हैं कि चाहे वो रूस-यूक्रेन हो या फिर पश्चिम-एशिया का मसला। ऐसे किसी भी मुद्दे का समाधान 'सैन्य संघर्ष' नहीं हो सकता है। बिगड़ी हुई बात (समाधान) तो आखिरकार बातचीत और कूटनीति के जरिए ही बनेगी। दोनों देश नियम आधारित व्यवस्था और बातचीत-कूटनीति में ही अटूट विश्वास रखते हैं। इसके अलावा दोनों इन संघर्षों की जल्द से जल्द समाप्ति और शांति स्थापित करने के लिए जारी प्रयासों का समर्थन करते हैं और आगे भी हम अपने इसी रुख पर कायम रहेंगे। बैठक से इतर प्रधानमंत्री ने नॉर्वे के सम्राट से शिष्टाचार भेंट की है। विदेश मंत्रालय ने पीएम के इस बयान को मीडिया से साझा किया है।

दोनों देशों ने जताया बातचीत और कूटनीति में अपना अटूट विश्वास

यूक्रेन, पश्चिम-एशिया संकट की जल्द समाप्ति, शांति के हर प्रयास को जारी रहेगा दोनों का समर्थन

आज ओस्लो में तीसरे नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे पीएम मोदी



### आतंकवाद पर जताई साझा प्रतिबद्धता

*पीएम ने यह भी कहा आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकना हमारी साझा प्रतिबद्धता है। भारत और नॉर्वे इस बात पर भी सहमत है कि बढ़ती हुई वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं (यूएन, डब्ल्यूटीओ, आईएमएफ आदि) में सुधार करने की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पहले मुझे पिछले साल 2025 में नॉर्वे की यात्रा करनी थी। लेकिन तभी हमारे देश के जम्मू-कश्मीर स्थित पहलगाम में आतंकवादी हमला हो गया और मुझे अपनी यात्रा स्थगित करनी पड़ी। उस वक्त नॉर्वे ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ मजबूती से खड़े होकर जिस तरह से अपनी सच्ची मित्रता का परिचय दिया था। आज जब में नॉर्वे आया हूं, तो मैं आपकी उस सद्भावना के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। वर्तमान में पूरी दुनिया अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। ऐसे में भारत और यूरोप अपने संबंधों के एक नए और स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रहे हैं।*

### व्यापार समझौते पर लिए बड़े निर्णय

*उन्होंने कहा कि 2025 में भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने फ्री ट्रेड एंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (एफटीईपीए) लागू किया है। यह समझौता भारत, नॉर्वे के बीच साझा प्रगति और समृद्धि सुनिश्चित करने का ब्लू प्रिंट है। समझौते में अगले डेढ़ दशक में यानी 15 साल में भारत में 100 बिलियन डॉलर का निवेश करने और 1 मिलियन रोजगार का सृजन का लक्ष्य रखा गया है। आज की बैठक में हमने इस समझौते में किए गए वादों को परिणामों में तब्दील करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।*

### ग्रीन स्ट्रैटेजिक साझेदारी में बदले संबंध

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हम दोनों देशों के संबंधों को ग्रीन स्ट्रैटेजिक साझेदारी का स्वरूप प्रदान कर रहे हैं। जिससे स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु रेसिलिएंस, ब्लू इकॉनमी, ग्रीन शिपिंग जैसे हर क्षेत्र में भारत के कौशल, गति और प्रतिभा को नॉर्वे की तकनीक और कैपिटल से जोड़कर हमारी कंपनियां वैश्विक समाधान विकसित करेंगी। हमारी यह ग्रीन स्ट्रैटेजिक साझेदारी पूरी दुनिया के लिए लाभदायक होगी। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि आज नॉर्वे हिंद-प्रशांत ओसियन कदम से जुड़ गया है। शोध, शिक्षा, नवाचार भी हमारे संबंधों के अहम स्तंभ हैं। हमने सतत विकास, समुद्री ऊर्जा, जिओलॉजी व स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। इंजीनियरिंग, एआई, साइबर, डिजिटल जैसे क्षेत्रों में हम अपने विश्वविद्यालयों को जोड़कर भागीदारी को भविष्योन्मुखी बनाएंगे। कौशल विकास, प्रतिभा से जुड़ी गतिशीलता में भी हमारा सहयोग व्यापक होगा।*

### यूं स्पेस सहयोग में जुड़ेंगे नए आयाम

*उन्होंने कहा कि नॉर्वे आर्कटिक क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण देश है। दोनों देशों के बीच आर्कटिक और पोलर शोध में लंबे वक्त से सहयोग रहा है। आर्कटिक में भारत के शोध स्टेशन हिमाद्रि के ऑपरेशन के लिए हम नॉर्वे के आभारी हैं। इसरो और नॉर्वे की स्पेस एजेंसी के बीच 18 मई को हुआ समझौता ज्ञापन हमारे सहयोग को नया आयाम प्रदान करेगा। इन तमाम क्षेत्रों में गहरे सहयोग से हमारे वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन को समझने, फ्रैजाइल इकोसिस्टम को संरक्षित करने और मानव भविष्य को सुरक्षित करने में योगदान देंगे।*

### ग्लोबल साउथ का मिलकर करेंगे विकास

*भारत और नॉर्वे दो बड़े समुद्री देश हैं। हम साथ मिलकर समुद्री अर्थव्यवस्था, समुद्री सुरक्षा और क्षमता विकास में सहयोग देंगे। हमने ट्रायंगुलर डेवलपमेंट कॉपरेशन एग्रीमेंट किया है। अब हम साथ मिलकर ग्लोबल साउथ के देशों में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स से मानव विकास में योगदान देंगे।*

नॉर्वे के सम्राट हेराल्ड पंचम और नॉर्वे की जनता के प्रति पीएम ने व्यक्त की गहरी कृतज्ञता

## नॉर्वे के सर्वोच्च सम्मान 'द रॉयल नॉर्वे ऑर्डर ऑफ मेरिट, ग्रैंड क्रास' से सम्मानित हुए प्रधानमंत्री

- रविवार को स्वीडन ने भी 'रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार, कमांडर ग्रैंड क्रॉस' से नवाजा था

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अपनी विदेश यात्रा के चौथे पड़ाव नॉर्वे पहुंचने पर जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वहां की सरकार और इस यूरोपीय देश में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों ने जोरदार अंदाज में स्वागत किया। तो वहीं, दूसरी उन्हें नॉर्वे के सर्वोच्च सम्मान 'द रॉयल नॉर्वे ऑर्डर ऑफ मेरिट, ग्रैंड क्रास' से सम्मानित किया गया है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि सोमवार को पीएम मोदी को ओस्लो में आयोजित किए गए एक विशेष समारोह में नॉर्वे के महामहिम सम्राट हेराल्ड पंचम ने इस सम्मान से सम्मानित किया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में सम्मान के लिए नॉर्वे के सम्राट और वहां की आम जनता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने इस सम्मान को दोनों देशों के बीच स्थापित ऐतिहासिक मित्रता को समर्पित करते हुए आम जनता के बीच साझा की गई अटूट गर्मजोशी, विश्वास और स्नेह के प्रति श्रद्धांजलि बताया।



### सम्मान की विशेषता

*मंत्रालय ने कहा कि विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को प्रदान किया जाने वाला यह सम्मान नॉर्वे का सर्वोच्च सम्मान है। जिसे नॉर्वे तथा मानवता के हित में उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सम्मान भारत और नॉर्वे के बीच मौजूद सद्भावना के गहरे बंधन का प्रतीक है। जो भविष्य में दोनों देशों की मित्रता और सहयोग की यात्रा का मार्गदर्शन करेगा। यहां बता दें कि अभी तक पीएम मोदी को दुनिया के कुल करीब 32 देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है। जिसमें अमेरिका, रूस, फ्रांस, स्वीडन और नॉर्वे सहित दुनिया के अन्य देश शामिल हैं।*

### स्वीडन ने भी किया सम्मानित

*बीते रविवार को प्रधानमंत्री मोदी को स्वीडन की प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन ने अपने देश के सर्वोच्च सम्मान 'रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार, कमांडर ग्रैंड क्रॉस' से सम्मानित किया था। जो किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष या सरकार के प्रमुख को स्वीडन द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।*

मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक बस्तर में आज

## मप्र समेत 4 राज्यों के सीएम करेंगे विकास और सुरक्षा मुद्दे पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्रीय परिषद (सीजेडीसी) की बैठक छत्तीसगढ़ के बस्तर में होने जा रही है। यह बैठक 19 मई को होगी। इसमें विकास एवं सुरक्षा के मुद्दे पर विशेष तौर पर चर्चा होगी। इसमें मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत चार राज्यों उप्र, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। नक्सल प्रभावित छवि से बाहर




निकल रहे बस्तर में अब देश की बड़ी प्रशासनिक बैठकों का दौर शुरू हो गया है। मध्य क्षेत्रीय परिषद की यह 26 वीं बैठक है। बस्तर में पहली बार इस स्तर की अंतरराज्यीय बैठक हो रही है। इसे केंद्र सरकार की उस रणनीति से जोड़कर देखा ▶▶ शेष पेज 5 पर

मॉडल व एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर भोपाल से लेकर नोएडा तक हंगामा

## पति समर्थ की गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम, उसके विदेश भागने का शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स स्थित बागमुगलिया एक्सटेंशन में 12 मई की रात संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मॉडस, एक्ट्रेस व एमबीए पढ़ी ट्विशा की मौत के मामले में सोमवार को दशम अपर सत्र न्यायाधीश पल्लवी द्विवेदी ने पति समर्थ शर्मा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। दरअसल, ट्विशा के वकील ने जमानत पर आपत्ति जताई थी। साथ ही सामाजिक संगठन भी सामने आया और खुद को न्याय मित्र बताते हुए समर्थ की जमानत पर आपत्ति जताई थी। हालांकि, कोर्ट ने सामाजिक संगठन की आपत्ति अस्वीकार कर दी। कोर्ट ने अपराध की प्रकृति, शादी के बाद मृतका की मृत्यु की समयावधि और अपूर्ण विवेचना के मद्देनजर आरोपी की जमानत खारिज ▶▶ शेष पेज 5 पर



वीडी सतीशन केरलम सीएम बने

## 64 साल बाद राज्य में किसी सीएम ने पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली



### कैबिनेट की पहली बैठक में 3 बड़े फैसले

| | | |
|---|---|---|
| 15 जून से महिलाएं केएसआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी | राज्य के बुजुर्गों के लिए एक विशेष विभाग बनाने की घोषणा की गई | आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय 3,000 बढ़ाया गया |

**समारोह में राहुल-प्रियंका गांधी मौजूद रहे, पूर्व सीएम विजयन को भी मंच पर बैठाया**

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस नेता वीडी सतीशन सोमवार को केरलम के 13वें मुख्यमंत्री बने। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उनके अलावा पूरी कैबिनेट (20 मंत्रियों) को शपथ दिलाई। ऐसा 64 साल के बाद हुआ। इससे पहले राज्य के तीसरे कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहे आर शंकर ने 1962 में पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली ▶▶ शेष पेज 5 पर



अम्मालू अम्मा से गले मिले राहुल गांधी

सम्मेलन में कृषि विकास एवं किसान कल्याण के विभिन्न मुद्दों पर होगा व्यापक मंथन

## भुवनेश्वर में पूर्वी क्षेत्र का कृषि सम्मेलन आज, शिवराज चौहान करेंगे भागीदारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आज मंगलवार को भुवनेश्वर, ओडिशा में पूर्वी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। सम्मेलन में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी सहित विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक, किसान प्रतिनिधि, कृषि विशेषज्ञ, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), स्टार्टअप, बैंकों एवं अन्य हितधारकों की भागीदारी होगी। इस सम्मेलन का उद्देश्य कृषि क्षेत्र के समग्र विकास, किसानों की आय वृद्धि तथा केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करना है। सम्मेलन के दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान किसान रजिस्ट्री की प्रगति, बागवानी क्षेत्र की संभावनाएं, दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल–तिलहन मिशन,पीएम-आशा, राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन, फार्म क्रेडिट एवं किसान क्रेडिट कार्ड से संबंधित मुद्दों पर विशेष चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त नकली कीटनाशकों एवं उर्वरकों पर नियंत्रण, उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने, उर्वरकों के संतुलित उपयोग और वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श होगा।

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई को मिली बड़ी सफलता

## लातूर से आरसीसी कोचिंग संचालक मोटेगांवकर गिरफ्तार, एनटीए तक जुड़े थे तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में एक और बड़े आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने महाराष्ट्र के लातूर स्थित आरसीसी कोचिंग इंस्टीट्यूट के संचालक प्रो. शिवराज मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के अनुसार, प्रो. मोटेगांवकर नीट परीक्षा की तैयारी कराने वाले आरसीसी कोचिंग संस्थान का संचालन करता है, जिसकी 9 शाखाएं हैं और मुख्य केंद्र लातूर में स्थित है। जांच में सामने आया है कि उसकी करीबी पहचान एनटीए से जुड़े केमिस्ट्री लेक्चरर पी.वी. कुलकर्णी से थी। एजेंसी ने बताया कि कोचिंग संस्थान और आरोपी के आवास पर की गई तलाशी के दौरान एक केमिस्ट्री प्रश्न बैंक बरामद हुआ, जिसमें वही प्रश्न ▶▶ शेष पेज 5 पर



### 24 घंटों में 5 स्थानों पर छापेमारी

*सीबीआई ने पिछले 24 घंटों में देश के विभिन्न हिस्सों में 5 स्थानों पर छापेमारी भी की है। इस दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। जब्त सामग्री की विस्तृत जांच की जा रही है। गौरतलब है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की शिकायत पर सीबीआई ने 12 मई को इस मामले में केस दर्ज किया था। मामला दर्ज होते ही विशेष जांच टीमें गठित की गईं और देशभर में कई स्थानों पर छापेमारी कर संदिग्धों से पूछताछ शुरू की गई।*

### धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस, जयराम ने राज्यसभा के सभापति से की कार्रवाई की मांग



**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सांसद ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। यह नोटिस राज्यसभा की कार्यवाही एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम 187 के तहत राज्यसभा सभापति को सौंपा गया है। जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि शिक्षा मंत्री ने नीट पेपर लीक मामले पर संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों को लेकर की गई टिप्पणी से संसद, संसदीय समितियों और उनके सदस्यों की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। नोटिस में कहा गया है कि 15 मई 2026 को नई दिल्ली में आयोजित एक आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मीडिया ने पूछा था कि उनके मंत्रालय ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों को क्यों लागू नहीं किया? इस पर मंत्री ने कहा था कि वह संसदीय स्थायी समिति की "रेड फ्लैग" टिप्पणियों पर कुछ नहीं बोलेंगे क्योंकि समिति में विपक्ष के सदस्य भी होते हैं और "वे चीजों को एक खास तरीके से लिखते हैं।" जयराम रमेश ने अपने नोटिस में कहा है कि यह बयान "बेहद आपत्तिजनक" और संसदीय समितियों की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अब तीन दिन जला सकती है भीषण लू

# सूरज के प्रकोप से झुलस रही है दिल्ली, पारा 44 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



गत चार दिनों से लगातार सूरज के प्रकोप से झुलस रही दिल्ली में सोमवार को पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार रिज एरिया में अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री और आया नगर में अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी के अनुसार जबकि सफदरजंग वेधशाला में दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक है। यह आंकड़ा इस सीजन का सबसे उच्च आंकड़े के रूप में दर्ज हुआ है। वहीं न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से महज 0. 2 डिग्री सेल्सियस कम है। आईएमडी ने कहा है कि अगले तीन दिल्ली में येलो अलर्ट किया है जिसमें लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। यानी कहा जा सकता है मंगलवार-गुरुवार तीन दिन दिल्ली वालों को भीषण गर्म लू की मार सहनी पड़ेगी। अनुमान में कहा गया है कि मंगलवार से गुरुवार के बीच आसमान साफ रहेगा, कई जगह लू चलेगी और 20-30 किमी की गति से हवाएं चलेगी। इस दौरान राजधानी के अधिकतम तापमान में कोई बड़ी गिरावट की संभावना नहीं है। दूसरी तरफ निजी मौसम अनुमान विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि दिल्ली में गर्मी बढ़ रही है और यह मौसमी गर्मी के स्तर तक पहुँच रही है। बेस स्टेशन सफदरजंग में अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस महीने का अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है। वहीं बीते कल यानी रविवार को अधिकतम तापमान 41.9 दर्ज किया गया था। कंपनी ने बताया कि मैदानी इलाकों में लू की घोषणा तब की जाती है, जब अधिकतम तापमान 40 या उससे ज़्यादा हो और सामान्य तापमान से अंतर 4.5 से 6.4 डिग्री के बीच हो। कंपनी ने बताया कि चूँकि इस समय दिल्ली का सामान्य तापमान लगभग 40-41 डिग्री के बीच रहा, इसलिए लू की स्थिति के लिए पारे को कम से कम 44 का आंकड़ा पार करना होगा। लेकिन इस हफ्ते इस आंकड़े का तापमान रहने की संभावना है, जिससे मानसून से पहले के इस मौसम में लू का दूसरा दौर शुरू हो सकता है। कंपनी ने बताया कि दिल्ली के पास बनने वाली सामान्य पूर्व-पश्चिम द्रोणिका अब काफ़ी उत्तर की ओर खिसक गई है। हवा का रुख बदल गया है, और पूरे हफ्ते इस क्षेत्र में तेज और शुष्क उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलेंगी। राजस्थान के सीमावर्ती इलाके और उससे सटे पाकिस्तान के क्षेत्र 45 डिग्री से ज़्यादा तापमान की वजह से तप रहे हैं। हवा का रुख ऐसा है कि यह गर्मी उत्तरी भारत के दूसरे मैदानी इलाकों, जिनमें दिल्ली भी शामिल है, तक पहुँच सकती है।

## इस गर्मी पहली बार बिजली की मांग पहुंची 7500 मेगावाट के पार, टूट सकता है पुराना रिकॉर्ड

नई दिल्ली( सोमवार को इस गर्मी के सीजन में दिल्ली वालों ने पहली बार बिजली की खपत का आंकड़ा 7500 मेगावाट के पार पहुंचा दिया। वर्तमान मांग के आंकड़े को देखकर जानकारों का अनुमान है कि इस बार बिजली खपत के पुराने रिकॉर्ड टूट सकते है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली पर दोपहर 4 बजे बिजली की अधिकतम मांग का ग्राफ बढ़कर 7542 मेगावाट पहुंच गई। एसएलडीसी के एक आला अधिकारी ने अनुमान जताया कि देर रात यह मांग और अधिक पहुंच जाएगी। यह आंकड़ा इस गर्मी में अब तक की मांग का सबसे अधिक आंकड़ा है। इससे पहले 28 अप्रैल 2026 को 7091 मेगावाट और 27 अप्रैल 2026 को 7078 मेगावाट खपत दर्ज हुई थी। उसके बाद अब मांग का आंकड़ा 7542 मेगावाट पहुंचा है। बिजली कटौती को लेकर निजी विद्युत आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल का कहना है कि ऐसा कहीं नहीं है। बिजली की मांग बेशक बढ़ी है लेकिन पहले से ही सभी तैयारियों के चलते दिल्ली में बिजली की कोई कमी नहीं है। बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल ने बताया कि लगभग 9200 मेगावाट बिजली की मांग पहुंचने के पूर्व अनुमान के तहत पूरी तरह से तैयार है। जबकि ऑल टाइम रिकॉर्ड के तहत 19 जून 2024 को बिजली की मांग 8656 मेगावाट दर्ज हो चुकी है। जबकि दूसरे नंबर पर गत वर्ष यानी 2025 में 19 जून 2025 को बिजली की मांग 8442 मेगावाट दर्ज हुई थी। ऐसी संभावना लग रही है कि इस बार बिजली की मांग 9200 मेगावाट के पार तक पहुंच सकती है।

## अवैध स्विमिंग पूल तत्काल बंद कराएं और दोषियों पर सख्त-सख्त कार्रवाई हो: अंकुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ भाजपा पर निशाना साधते हुए परिजनों को मुआवजा देने की मांग की

आम आदमी पार्टी ने स्विमिंग पूल में डूबने से हुई मासूम बच्चे की मौत और एक पार्क में करंट की चपेट में आने से गई युवक की जान के लिए भाजपा की चार इंजन सरकार के लापरवाह सिस्टम को जिम्मेदार बताया है। आप से एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने सोमवार को कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ फोटोशूट में व्यस्त है और उसका जर्जर सरकारी सिस्टम दिल्लीवालों की जान ले रहा है। कबाड़ हो चुके सरकारी सिस्टम के चलते ही स्विमिंग पूल में मासूम बच्चे और पार्क में करंट लगने से युवक की जान गई है। उन्होंने मांग की कि सरकार दिल्ली में चल रहे सभी अवैध स्विमिंग पूल तत्काल बंद कराए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे। साथ ही, सरकारी लापरवाही के कारण अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों को 50-50 लाख रुपए दिया जाए। एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि दिल्ली में अवैध स्विमिंग पूल, खुले बिजली के तार, बदहाल पार्क और असुरक्षित सार्वजनिक स्थान मौत के जाल में बदल चुके हैं, लेकिन भाजपा सरकार जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय केवल प्रचार और फोटोशूट की राजनीति में व्यस्त है।

नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि हर हादसे के बाद सरकार चुप्पी साध लेती है, जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती और पीड़ित परिवारों को न्याय तक नहीं मिलता। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर भाजपा सरकार कब तक अपनी नाकामियों को छिपाती रहेगी? क्यों कोई भाजपा नेता पीड़ति परिवारों के बीच जाकर उनका दर्द साझा नहीं करते? क्या सरकार इन घटनाओं को दबाने की कोशिश कर रही है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक जैन** निवासी धर्म नगर, जैन मंदिर के पास, पलवल, हरियाणा ने सी.टी. संख्या 1976/2019 धारा 138 एन.आई. एक्ट, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक जैन** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक जैन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सी.टी. संख्या 1976/2019 धारा 138 एन. आई. एक्ट, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **दीपक जैन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **27.08.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री हिमांशु सेहलोथ,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03, (उत्तर)
कमरा नं. 213,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6418/OD/2026


## लूट के दौरान व्यक्ति के हाथों के अंगूठे काटने के मामले में वांछित भगोड़ा अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के द्वारका इलाके में 2020 में लूटपाट और जबरन वसूली के प्रयास के दौरान एक इवेंट मैनेजर के दोनों अंगूठे काटने के आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया गया है। यह आरोपी छह साल से गिरफ्तारी से बचने का प्रयास कर रहा था। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि भगोड़ा घोषित किये गये आरोपी ब्रह्मदेव भगत (70) को बिहार के पूर्णिया से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना में पीड़ित को लाठी-डंडों से पीटा गया, चाकू के बल पर लूटा गया और 11 लाख रुपये के भुगतान के लिए दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए कथित तौर पर मजबूर किया गया, जिसके बाद उसके अंगूठे काट दिए गए थे। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) पंकज कुमार ने एक बयान में कहा, ''यह घटना 17 मार्च, 2020 को उस वक्त हुई, जब 'इवेंट मैनेजर' सुरिंदर नंदा को एक पार्टी बुकिंग को लेकर संपर्क किया गया और उन्होंने अपने प्रबंधक कपिल चड्ढा को अपनी ओर से द्वारका में बैठक में शामिल होने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि बाद में, फोन के जरिये संपर्क करने वालों ने नंदा से व्यक्तिगत रूप से मिलने का आग्रह किया, जिसके बाद वह अपने चालक के साथ एक कार में द्वारका सेक्टर-23 गए। एक सीएनजी पंप के पास, उन्हें एक दूसरी कार से एक घर तक ले जाया गया, जहां भगत और उसके साथी इंतज़ार कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि जैसे ही नंदा परिसर में दाखिल हुए, आरोपियों ने उनपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उनमें से एक ने चाकू के बल पर उनकी हीरे की अंगूठी कथित तौर पर छीन ली और उनके बटुए से 27,000 रुपये लूट लिये। भगत ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी और सब्जी के भुगतान से जुड़े कथित विवाद को लेकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया। इसके बाद भगत ने नंदा पर चाकू से हमला किया और उनके दोनों हाथों के अंगूठे काट दिए, फिर उन्हें और चड्ढा को छोड़ दिया। नंदा को बाद में डीडीयू अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद 18 मार्च, 2020 को द्वारका सेक्टर-23 थाने में मामला दर्ज किया गया। इससे पहले तीन सह-आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन भगत फरार रहा और दिसंबर 2025 में दिल्ली की एक अदालत ने उसे भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर अपराध शाखा ने भगत को पूर्णिया से गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ के दौरान, उसने मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए वह अक्सर अपना ठिकाना बदलता रहता था।

## विवाद के दौरान गोलीबारी करने के आरोप में व्यक्ति अरेस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के मौजपुर इलाके में गाड़ी हटाने को लेकर कुछ मजदूरों से हुई कहासुनी के दौरान गोलीबारी करने के आरोप में 37 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान नितिन चौधरी उर्फ लाला के तौर पर हुई और उसके पास से एक अर्धस्वचालित पिस्तौल व छह कारतूस बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 16 मई की देर रात डेढ़ बजे हुई इस घटना के संबंध में जाफराबाद थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता सौरभ (19) ने पुलिस को बताया कि वह और कुछ मजदूर एक गाड़ी से सामान उतार रहे थे तभी पास खड़ी एक कार से एक व्यक्ति निकला और उन्हें उनकी गाड़ी हटाने को कहने लगा। अधिकारी ने कहा कि कहासुनी के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर पिस्तौल निकाली और गोली चला दी। इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।'' पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले भी हत्या के प्रयास समेत दो आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में एक बाइक और ऑटोरिक्शा के बीच टक्कर में एक शख्स की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना रविवार देर रात करीब दो बजे हुई और सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि त्रिलोकपुरी निवासी कपिल (40) ऑटोरिक्शा चला रहा था, जबकि इसी इलाके का रहने वाला सत्यम मोटरसाइकिल पर सवार था। उन्होंने बताया कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही राहगीरों ने दोनों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया। अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में चिकित्सकों ने कपिल को मृत घोषित कर दिया, जबकि सत्यम की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया। दुर्घटनास्थल का मुआयना करने के लिए पुलिस की अपराध शाखा की टीम को बुलाया गया। अधिकारी ने बताया कि टक्कर से पहले की घटनाओं के क्रम का पता लगाने के लिए आसपास के स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की भी जांच की गई। उन्होंने बताया कि सत्यम की हालत को देखते हुए उसे बयान देने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया, जिसके बाद जांच के दौरान जुटाई गई अन्य सामग्री के आधार पर कानूनी कार्यवाही शुरू की गई। पुलिस ने कहा कि आगे की जांच जारी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के अरुणा आसफ अली रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान महरौली निवासी रोहित के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को दी गई, जिसके बाद किशनगढ़ थाने की एक टीम मौके पर पहुंची। अधिकारी ने बताया कि जांच में पता चला कि एक वाहन ने पैदल यात्री को टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि रोहित गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला और उसे वसंत कुंज के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच जारी है। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में शामिल वाहन और उसके चालक की पहचान करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल वाहन की पहचान करने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि कई टीमें इस मामले पर काम कर रही हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि वह प्रत्यक्षदर्शियों का भी पता लगाने की कोशिश कर रही है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आर्यन, पुत्रः** राज कुमार, **निवासीः** म.नं. 56, गली नं. 10, एकता विहार, मीठापुर, जैतपुर, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 89/2023, U/s 356/379/34 IPC, थानाः बदरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आर्यन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आर्यन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 89/2023, U/s 356/379/34 IPC, थानाः बदरपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आर्यन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद जोशी
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, दक्षिण–पूर्व जिला
कमरा नं. 515, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/6311/SE/2026
(Court Matter)



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रमेश, पुत्रः** स्व. अजीत सिंह, **निवासीः** एफ–159, गली नं. 2, अमन विहार, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 488/2018, U/s 33 Delhi Excise Act, थानाः अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रमेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रमेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 488/2018, U/s 33 Delhi Excise Act, थानाः अमन विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रमेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शगुन
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–06
कमरा नं. 109, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6423/RD/2026
(Court Matter)


## नवीन डबास गिरोह से जुड़ा शूटर गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने नवीन डबास उर्फ जोरा गिरोह से जुड़े एक कथित शूटर को रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक अर्धस्वाचिलत पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान चिराग उर्फ सचिन (22) के रूप में हुई है, जो हरियाणा के सोनीपत जिले का निवासी है। वह जबरन वसूली के लिए झज्जर में एक दवा दुकान पर गोलीबारी की घटना के सिलसिले में वांछित था। पुलिस के मुताबिक चिराग, गैंगस्टर नवीन डबास उर्फ जोरा का सक्रिय सहयोगी है और जोरा के बारे में माना जाता है कि वह दुबई से अपना गिरोह चला रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया, ₹चिराग ने अपने साथियों मोहित उर्फ चंद और जतिन के साथ मिलकर पांच मई को झज्जर स्थित दवाई की दुकान पर जोरा के निर्देश पर गोलीबारी की। गोलीबारी के बाद गैंगस्टर ने फोन पर दुकान मालिक को धमकी दी और रंगदारी की मांग की।₹ घटना के बाद, हरियाणा पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की। विशेष प्रकोष्ठ ने बताया कि इसमें जबरन वसूली से जुड़े संगठित गिरोहों की गतिविधियां शामिल थीं, इसलिए उसने भी इस मामले की जांच शुरू की और रोहिणी में एक 'शूटर' की गतिविधियों के बारे में मिली विशिष्ट सूचनाओं के आधार पर, जाल बिछाकर 12 मई को चिराग को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि वह अपने दोस्त मोहित की मदद से सोशल मीडिया के जरिए गैंगस्टर के संपर्क में आया था।

## भजनपुरा मेट्रो स्टेशन के पास कैब में आग लगी, कोई हताहत नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली में भजनपुरा मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार सुबह एक कैब में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। यह घटना मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 2 के पास हुई।

डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया कि कैब में आग लग जाने के संबंध में सुबह करीब साढ़े सात बजे सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि सुबह आठ बजकर 25 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया।

अधिकारी ने बताया कि आग लगने का कारण फिलहाल पता नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## पुरानी दिल्ली में दो फर्जी बियरिंग कारखानों का भंडाफोड़, दो दबोचे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पुलिस ने प्रतिष्ठित ब्रांड और ट्रेडमार्क के नाम पर नकली औद्योगिकी 'बियरिंग' के निर्माण और ब्रिकी में शामिल दो कारखानों का पुरानी दिल्ली के फराशखाना में भंडाफोड़ किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मीर मदारी गली में छापेमारी के दौरान 5,067 नकली बियरिंग, चार स्टैम्पिंग और एनग्रेविंग मशीनें, एक पैकिंग मशीन और प्रिंटिंग और पैकेजिंग संबंधित बड़ी मात्रा में कच्ची सामग्री बरामद की गई है और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी कथित तौर पर विदेशों से सस्ते बियरिंग आयात रहते थे, उन पर प्रतिष्ठित कंपनियों के नकली ट्रेडमार्क अंकित कर उन्हें बाजार में असली उत्पादों के रूप में बेच रहे थे। उन्होंने बताया कि अवैध गतिविधि के संबंध में 16 मई को मिली विशिष्ट सूचनाओं के बाद यह अभियान चलाया गया। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आमिर खान (50) और मोहम्मद अनस (40) के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि खान इससे पहले 2006 में कमला मार्केट थाने में इसी तरह के एक मामले में संलिप्त पाया गया है, जबकि अनस का पहले कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था।

## गीता कॉलोनी फ्लाईओवर पर एमसीडी के ट्रक में लगी आग



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा स्थित गीता कॉलोनी फ्लाईओवर पर सोमवार दोपहर एमसीडी के एक ट्रक में आग लग गई, जिससे इलाके में भारी यातायात जाम हो गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। डीएफएस के अनुसार, आग लगने की सूचना अपराह्न 2:56 बजे मिली, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं। यह ट्रक कूड़ा उठाने के काम पर लगा था। अधिकारी ने बताया कि कुछ ही मिनटों में आग ने ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया और फ्लाईओवर से घना धुआं उठता दिखाई दिया, जिससे वाहन चालकों और आसपास के निवासियों में दहशत फैल गई। अधिकारी ने बताया कि दमकलकर्मियों ने कुछ ही देर बाद आग पर काबू पा लिया। उन्होंने आगे बताया कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। ट्रक चालक ने बताया कि फ्लाईओवर पर चलते समय अचानक वाहन से धुआं निकलने लगा। खतरे को भांपते हुए उसने तुरंत ट्रक रोक दिया और आग के फैलने से पहले ही गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचा ली। इस घटना के कारण, व्यस्त मार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित रहा और फ्लाईओवर के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | बाढ़ के पानी से 33 केवी सब स्टेशन अहमदपुर रोड सिरसा को बचाने के लिए चारदिवारी और सम्बद्ध सिविल कार्यों का निर्माण। एनआईटी सं. 03/एक्सईएन/सिविल/एचएसआर/2026-27 दिनांक 08.05.2026 पुनर्निविदा। | 11.05.2026 21.05.2026 | अनुमानित लागत (जीएसटी के बिना) रु. 67.70 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 2 | डीएचबीवीएन | बाढ़ के पानी से 33 केवी सब स्टेशन नेहला (फतेहाबाद) को बचाने के लिए चारदिवारी और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्यों का निर्माण। एनआईटी सं. 08/एक्सईएन/सिविल/एचएसआर/2026-27 दिनांक 08.05.2026 पुनर्निविदा। | 11.05.2026 21.05.2026 | अनुमानित लागत (जीएसटी के बिना) रु. 59.12 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 3 | डीएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन बरवाला (हिसार) की गिरी हुई चारदिवारी और सम्बद्ध कार्यों का पुनर्निर्माण। एनआईटी सं. 09/एक्सईएन/सिविल/एचएसआर/2026-27 दिनांक 12.05.2026. | 11.05.2026 21.05.2026 | अनुमानित लागत (जीएसटी के बिना) रु. 70.08 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 4 | डीएचबीवीएन | बाढ़ के पानी से 33 केवी सब स्टेशन गोरखपुर (फतेहाबाद) को बचाने के लिए आईपीबी पथ और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्यों का निर्माण। एनआईटी सं. 16/एक्सईएन/सिविल/एचएसआर/2026-27 दिनांक 14.05.2026. | 15.05.2026 21.05.2026 | अनुमानित लागत (जीएसटी के बिना) रु. 49.24 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 5 | डीएचबीवीएन | बाढ़ के पानी से 33 केवी सब स्टेशन पिरथला (फतेहाबाद) को बचाने के लिए चारदिवारी और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्यों का पुनर्निर्माण। एनआईटी सं. 17/एक्सईएन/सिविल/एचएसआर/2026-27 दिनांक 14.05.2026. | 15.05.2026 25.05.2026 | अनुमानित लागत (जीएसटी के बिना) रु. 78.02 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 6 | डीएचबीवीएन | बाढ़ के पानी से 33 केवी सब स्टेशन रायपुर ढाणी (फतेहाबाद) को बचाने के लिए चारदिवारी और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्यों का पुनर्निर्माण। एनआईटी सं. 18/एक्सईएन/सिविल/एचएसआर/2026-27 दिनांक 14.05.2026. | 15.05.2026 25.05.2026 | अनुमानित लागत (जीएसटी के बिना) रु. 67.74 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 7 | डीएचबीवीएन | बाढ़ के पानी से 33 केवी सब स्टेशन बेहबलपुर (फतेहाबाद) को बचाने के लिए चारदिवारी और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्यों का पुनर्निर्माण। एनआईटी सं. 19/एक्सईएन/सिविल/एचएसआर/2026-27 दिनांक 14.05.2026. | 15.05.2026 25.05.2026 | अनुमानित लागत (जीएसटी के बिना) रु. 83.36 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 8 | डीएचबीवीएन | बाढ़ के पानी से 33 केवी सब स्टेशन मेहमरा (फतेहाबाद) को बचाने के लिए चारदिवारी और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्यों का पुनर्निर्माण। एनआईटी सं. 20/एक्सईएन/सिविल/एचएसआर/2026-27 दिनांक 14.05.2026. | 15.05.2026 25.05.2026 | अनुमानित लागत (जीएसटी के बिना) रु. 60.30 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/200/45310/I/88/7 दि. 18.05.26

## ईंधन बचत और सार्वजनिक परिवहन राष्ट्रहित की जिम्मेदारी : रेखा गुप्ता

# मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने किया मेट्रो व डीटीसी बसों में सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को 'मेरा भारत, मेरा योगदान' जन-अभियान के अंतर्गत शुरू की गई 'मेट्रो मंडे' पहल में भाग लेते हुए सार्वजनिक परिवहन, ईंधन संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक भागीदारी का संदेश दिया। मुख्यमंत्री की अपील पर दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों व सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने कार्यालय पहुंचने के लिए मेट्रो व दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों का उपयोग किया। मुख्यमंत्री ने अपने दिन की शुरुआत जनभागीदारी के संदेश के साथ की। वह अपने आवास से लोक निवास में उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के लिए पैदल पहुंचीं।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रिक कार के माध्यम से कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन तक यात्रा की और वहां से आईटीओ मेट्रो स्टेशन तक दिल्ली मेट्रो सेवा का उपयोग किया। आईटीओ मेट्रो स्टेशन पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय दिल्ली सचिवालय तक जाने के लिए फीडर बस सेवा का उपयोग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और रविन्द्र इंद्राज भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान केवल सरकारी पहल नहीं, बल्कि जनभागीदारी का आंदोलन है। इसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को यह संदेश देना है कि राष्ट्रहित में किया गया छोटा-सा प्रयास भी देश की ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक संतुलन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से ईंधन बचत, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने की जो अपील की गई है, दिल्ली सरकार उसे जन-अभियान के रूप में आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि 'मेट्रो मंडे' उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से लोगों को सप्ताह में कम-से-कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सरकारी स्तर पर भी कई बड़े कदम उठा रही है। इनमें सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था, सरकारी वाहनों के उपयोग में कटौती, ऑनलाइन बैठकों को बढ़ावा तथा सार्वजनिक परिवहन के अधिकतम उपयोग जैसी पहल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मेट्रो-डीटीसी बसों का अधिक उपयोग न केवल ईंधन की बचत करेगा, बल्कि ट्रैफिक जाम और प्रदूषण को कम करने में भी प्रभावी भूमिका निभाएगा। दिल्ली सरकार का उद्देश्य राजधानी को अधिक स्वच्छ, सुगम और पर्यावरण-अनुकूल बनाना है।




### सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें : प्रवेश



दिल्ली के सभी नागरिक मेरा भारत, मेरा योगदान' और 'मेट्रो मंडे' अभियान से जुड़ें क्योंकि सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग न केवल यातायात और प्रदूषण को कम करेगा, बल्कि एक जिम्मेदार और विकसित भारत के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। यह बात सोमवार को दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कही। उन्होंने इस अभियान के तहत दिल्ली सचिवालय जाने के लिए मेट्रो और बस से यात्रा की।

### 'मेट्रो मंडे' को बढ़ावा दे रही है दिल्ली सरकार : इंद्राज

दिल्ली सरकार 'मेट्रो मंडे पहल के माध्यम से लोगों को राष्ट्रहित में सकारात्मक बदलाव अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। यह बात सोमवार को मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने मेट्रो यात्रा करने के दौरान कही। वह सोमवार सुबह 'मेट्रो मंडे' पहल के अंतर्गत मेट्रो रेल से आईटीओ मेट्रो स्टेशन पहुंचे। इसके बाद उन्होंने गेट संख्या-5 से फीडर बस सेवा का उपयोग करते हुए दिल्ली सचिवालय स्थित अपने कार्यालय तक यात्रा की।

### दिल्लीवासी 'मेरा भारत–मेरा योगदान' संकल्प का कर रहे पालनः कपिल



दिल्ली वासी और दिल्ली सरकार 'मेरा भारत-मेरा योगदान' संकल्प को सफल बनाने में पूरे उत्साह से जुटे हैं। दिल्ली की जनता पब्लिक ट्रांसपोर्ट को वरीयता, कार पूलिंग, ऊर्जा संरक्षण एवं मेक इन इंडिया को अपनाकर प्रधानमंत्री के आह्वान पर अहम भूमिका निभा रही है। यह बात दिल्ली सरकार के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने 'मेट्रो मंडे' के तहत सोमवार को दिल्ली सचिवालय आने के लिए मेट्रो और मेट्रो फीडर बस से सफर के दौरान कही।

### सार्वजनिक परिवहन को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए प्रतिबद्ध : डॉ.पंकज



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारी सरकार सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बात दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने सोमवार को मेट्रो में यात्रा करने के दौरान कही। वह उत्तम नगर मेट्रो स्टेशन से मेट्रो में सवार हुए और रामकृष्ण आश्रम मार्ग मेट्रो स्टेशन तक आम जनता के साथ मेट्रो से सफर किया। इसके बाद डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस में सवार होकर दिल्ली सचिवालय तक अपना सफर पूरा किया।

### हमने सरकारी वाहनों का उपयोग भी कर दिया है कम : सिरसा



जब भारत भी वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा हो,तो यह जरूरी है कि हम देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। प्रधानमंत्री द्वारा की गई अपील का समर्थन करना हमारा कर्तव्य है। न केवल आज, बल्कि हमने सरकारी वाहनों का उपयोग भी कम कर दिया है। यह बात सोमवार को मेट्रो यात्रा के दौरान मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कही। मंत्री सिरसा ने मेट्रो मंडे' पहल के तहत राजौरी गार्डन से इंद्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन तक दिल्ली मेट्रो और फिर दिल्ली सचिवालय पहुंचने के लिए ईवी देवी बस से यात्रा की।

### ईंधन एवं ऊर्जा की बचत के संकल्प को धरातल पर उतारना चाहिए : सूद



शिक्षा मंत्री आशीष सूद सोमवार को कहा कि 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान के अंतर्गत हम सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ईंधन एवं ऊर्जा की बचत के संकल्प को धरातल पर उतारना चाहिए। शिक्षा मंत्री सूद सोमवार को अपने आवास से आईएनए मेट्रो स्टेशन तक पहुंचे तथा वहां से मेट्रो द्वारा सिविल लाइंस मेट्रो स्टेशन पहुंचे। इसके पश्चात उन्होंने ई-रिक्शा के माध्यम से राज निवास स्थित सीएमसी स्कूल तक यात्रा की। कार्यक्रम उपरांत शिक्षा मंत्री सीएमसी स्कूल से ई-रिक्शा द्वारा सिविल लाइंस मेट्रो स्टेशन पहुंचे तथा आगे आईटीओ तक बस द्वारा यात्रा करते हुए दिल्ली सचिवालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि मैं अगले दो दिनों तक 'वर्क फ्रॉम होम भी करूंगा।



### उपराज्यपाल ने किया दिल्ली मेट्रो में सफर

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के वैश्विक संकट से निपटने के लिए ईंधन बचाने की मुहिम के तहत दिल्ली में शुरू हुए मंडे मेट्रो अभियान के तहत सोमवार को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने भी मेट्रो से यात्रा की। इस मौके पर एलजी ने मेट्रो से सेंट्रल दिल्ली की यात्रा की। एलजी ने अपनी यात्रा से जुड़ी कुछ फोटो अपने अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट लिखी। एलजी ने लिखा कि पिछली बार की तरह ही, आज शाम सेंट्रल दिल्ली जाते समय मेट्रो में मेरी मुलाक़ात कुछ युवा प्रोफेशनल्स से हुई। उनके विचारशील दृष्टिकोण, नए भारत की ऊर्जा और महत्वाकांक्षा को दर्शाते हैं। एलजी ने लिखा कि इस तरह की बातचीत से हमेशा हमारे युवाओं के सामने आने वाले अवसरों और चुनौतियों के बारे में जमीनी स्तर की बहुमूल्य जानकारी मिलती है।

### उपमहापौर ने मेट्रो से की यात्रा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'मेटरो मंडे' अभियान को लगातार जनसमर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में सोमवार को दिल्ली की उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत ने भी मेट्रो से सफर कर नागरिकों को सार्वजनिक परिवहन अपनाने का संदेश दिया। डॉ. मोनिका पंत ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में चलाया जा रहा यह अभियान केवल यात्रा का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रहित, पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत की दिशा में एक महत्वपूर्ण जनभागीदारी आंदोलन है।

## खबर संक्षेप

### नवनियुक्त जिला अध्यक्षों ने यादव से मिल दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के 4 नए जिला अध्यक्षों ने सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव से मिलकर उनका धन्यवाद किया और फूल मालाओं तथा पगड़ी बांधकर सम्मान किया। इस अवसर पर यादव ने सभी को एकजुट होकर कांग्रेस के लिए लड़ने का मंत्र दिया। इस मौके पर यादव के नवनियुक्त तिलक नगर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमनदीप सिंह सूडान, मेहरौली जिला अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा , नजफगढ़ जिला अध्यक्ष राजेश यादव और पटपड़गंज जिला अध्यक्ष चौधरी विजेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे। इस मौके पर यादव ने कहा कि कुछ जिला कांग्रेस कमेटियों में अध्यक्षों के बदलाव का उद्देश्य उच्च प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं की पहचान करना रहा। जिला कांग्रेस कमेटियों को सुव्यवस्थित करना और पारदर्शी नेतृत्व परिवर्तन को बढ़ावा देकर चुनावी असफलताओं का समाधान करना था।

### उपमहापौर ने जानी एमसीडी विज्ञापन विभाग की कार्यप्रणाली

**नई दिल्ली।** दिल्ली की उप महापौर डॉ. मोनिका पंत ने सोमवार को दिल्ली नगर निगम के विज्ञापन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक का उद्देश्य विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों की समीक्षा करना रहा। बैठक में एडीसी संजय सिंह और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान, उप महापौर डॉ. मोनिका पंत ने विज्ञापन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों और परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपस्थित अधिकारियों ने उप महापौर को विज्ञापन विभाग के विभिन्न कार्यों की प्रस्तुति दी व विभागीय कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उप महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पारदर्शिता और राजस्व संग्रह सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था को लगातार और मज़बूत करें।

### प्रवेश वाही ने करोल बाग जोन में किया निरीक्षण

# 'सफाई व्यवस्था को लेकर कोताही नहीं की जाएगी बर्दाश्त'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



देश की राजधानी दिल्ली में सफाई व्यवस्था को उच्चतम स्तर तक ले जाना निगम की प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भीषण गर्मी में सफाई व्यवस्था एवं विकास कार्यों का जायजा लेने के लिए दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने करोल बाग जोन में गहन निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने राजगुरु रोड स्थित चूना मंडी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय दुकानदारों से अपील की कि वे क्षेत्र की स्वच्छता बनाए रखने में निगम का सहयोग करें तथा कूड़ा सड़क पर फेंकने के बजाय निर्धारित कूड़ेदानों में ही डालें। महापौर ने क्षेत्रीय नागरिकों से भी संवाद किया और उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उन पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद मनीष चड्ढा, करोल बाग जोन के उपायुक्त दिलखुश मीणा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। भीषण गर्मी के बावजूद महापौर लगातार दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से निरीक्षण कर रहे हैं।

### करोल बाग जोनः ऑटो टिपर, 40 सफाई कर्मियों को किया तैनात



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के करोल बाग ज़ोन ने धूल नियंत्रण उपायों को सुदृढ़ करने तथा प्रमुख पीडब्ल्यूडी सड़कों पर स्वच्छता में स्पष्ट सुधार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 15 दिवसीय 'धूल मुक्त सड़क' अभियान शुरू किया है। करोल बाग ज़ोन के उपायुक्त दिलखुश मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान निरंतर मशीनों द्वारा सड़क सफाई, मैनुअल सफाई तथा बड़े पैमाने पर धूल दमन गतिविधियों के माध्यम से सड़कों को 'नो डस्ट' स्थिति में बनाए रखने पर केंद्रित है। उपायुक्त मीणा ने बताया कि यह अभियान सख्त फील्ड मॉनिटरिंग और समर्पित सफाई व्यवस्था के साथ संचालित किया जा रहा है, ताकि स्वच्छता अभियानों के अंतर्गत साफ-सुथरी सड़कें, प्रभावी धूल नियंत्रण और नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त के अनुसार, इस अभियान की शुरुआत गिरधरलाल गोस्वामी मार्ग से की गई, जहां व्यापक स्वच्छता एवं धूल नियंत्रण कार्य किए गए। इस दौरान एमआरएस मशीनें, वाटर स्प्रिंकलर/एएसजी, पानी के टैंकर, ऑटो टिपर तथा 40 सफाई कर्मियों को तैनात किया गया।

# सिक्किम ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में पूरे देश को नई दिशा दी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ दिल्ली सचिवालय में सिक्किम दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, सीएम ने दी शुभकामनाएं

हिमालय की गोद में स्थित सिक्किम राज्य जैविक खेती को पूर्ण रूप से अपनाने वाला भारत का पहला पूर्ण ऑर्गेनिक राज्य है, जिसने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में पूरे देश को नई दिशा दी है। सिक्किम ने सदैव शांति, विकास और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया है। यह बातें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में सिक्किम दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रदेश एवं देशवासियों को सिक्किम दिवस की शुभकामनाएं दीं।

इस आयोजन में सिक्किम के लोक नृत्य सिंघी छाम, खम्पा, तामांग सेलो, मास्क डांस की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। नृत्य के जरिये प्रकृति एवं देवताओं की आराधना की गई। गीत-संगीत के इस आयोजन में 10 कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन किया। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस कार्यक्रम में सिक्किम की लोक संस्कृति, परंपराओं और विकास यात्रा को प्रदर्शित किया गया। उपस्थित लोगों ने सिक्किम की सांस्कृतिक झलकियों और राष्ट्रीय योगदान की सराहना की। कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' संकल्प की दिशा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार सभी राज्यों के स्थापना दिवस व त्योहारों का आयोजन कर रही है। आयोजनों से देश की विविध सांस्कृतिक पहचान को प्रोत्साहन मिल रहा है और इससे नई पीढ़ी अवगत हो रही है। यह कार्यक्रम कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग की ओर से साहित्य कला परिषद ने आयोजित किया।

### दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने प्रधानाचार्यों एवं विद्यालय प्रमुखों के साथ किया संवाद

# सभी स्कूल सीबीएसई के नए मानकों के अनुरूप विद्यार्थियों की तैयारी करें सुनिश्चित : आशीष सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सभी स्कूल सीबीएसई के नए मानकों के अनुरूप विद्यार्थियों की तैयारी सुनिश्चित करें। सीबीएसई के अनुसार प्रैक्टिकल एवं थ्योरी दोनों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, इसलिए विद्यालयों को विद्यार्थियों की समग्र शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा। यह बातें शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को राज निवास स्थित सीएमसी स्कूल में आयोजित संवाद कार्यक्रम में कही। यहां जोन 7,8,9 जिला उत्तर एवं उत्तर-पश्चिम-ए के प्रधानाचार्यों तथा विद्यालय प्रमुखों के साथ संवाद करते हुए शिक्षा मंत्री ने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पर्सनल लर्निंग एवं नवाचारों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। मंत्री सूद ने कहा कि विद्यार्थियों की पढ़ाई में गुणवत्ता बढ़ने से न केवल बच्चों का भविष्य बेहतर होगा, बल्कि विद्यालयों की प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। उन्होंने विशेष रूप से कक्षा 8वीं एवं 10वीं के परीक्षा परिणामों में सुधार लाने हेतु ठोस रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर शिक्षकों की टीम के साथ नियमित चर्चा कर यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यार्थियों के परिणामों में सकारात्मक परिवर्तन कैसे लाया जा सकता है। मंत्री सूद ने कहा कि विद्यालय प्रमुख यह भी चिन्हित करें कि कौन-सा विद्यार्थी किस विषय में विशेष रुचि एवं क्षमता रखता है तथा उसे आगे बढ़ाने के लिए उचित प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों की व्यक्तिगत सीखने की क्षमता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी एवं आईसीटी लैब जैसे संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मानसिक तनाव का दौर है। स्कूलों को केवल शैक्षणिक परिणामों पर नहीं बल्कि विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति, तनाव, विषाद और भावनात्मक समस्याओं की पहचान पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने स्कूल सुरक्षा पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की और कहा कि किसी भी स्कूल में कोई डार्क स्पॉट नहीं होना चाहिए जहां किसी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना हो। मंत्री सूद ने कहा कि एसएमसी की नई गाइडलाइंस के अनुरूप समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा विद्यालयों में जीरो वेस्ट कैंपेन, प्रदूषण नियंत्रण, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान एवं वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए। सभी विद्यालयों के प्रिंसिपल एवं प्रमुखों ने नई तकनीकों को शिक्षा व्यवस्था में शामिल किए जाने के लिए मंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि नए क्लासरूम, बेहतर फर्नीचर, स्वच्छ परिसर, आधुनिक प्रयोगशालाओं तथा अन्य सुविधाओं के विकास से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल प्राप्त हो रहा है।

# 'इलेक्ट्रिक वाहनों की पार्किंग शुल्क में 50 प्रतिशत रियायत'




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा एवं सतत शहरी परिवहन को बढ़ावा देने के आह्वान के क्रम में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने सोमवार को सांसद मनोज तिवारी के साथ सार्वजनिक परिवहन से यात्रा कर नागरिकों को पर्यावरण अनुकूल परिवहन अपनाने के लिए प्रेरित किया। चहल ने कहा कि स्वच्छ परिवहन को और अधिक प्रोत्साहन देने हेतु एनडीएमसी ने सोमवार से अपने सभी पार्किंग स्थलों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पार्किंग शुल्क में 50 प्रतिशत रियायत लागू कर दी है। मेट्रो यात्रा के बाद कुलजीत सिंह चहल एवं सांसद मनोज तिवारी ने कनॉट प्लेस स्थित पार्किंग क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगकर्ताओं को फूल एवं चॉकलेट वितरित कर उनका स्वागत करके उत्साहवर्धन किया तथा अधिक से अधिक लोगों को ईवी अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के साथ 18 किमी ग्रीन बेल्ट विकसित करेगा एफएमडीए

प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी द्वारा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली बॉर्डर से सेक्टर-59 तक लगभग 18 किलोमीटर लंबी ग्रीन बेल्ट के विकास एवं रखरखाव की योजना पर कार्य जारी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शहरी विकास प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी की अध्यक्षता में आज लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला फरीदाबाद में चल रही विभिन्न परियोजनाओं पर डिविजनल कमिश्नर संजय जून, डीसी आयुष सिन्हा, नगर निगम एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा और अन्य संबंधित विभागों व एजेंसी के अधिकारियों के साथ 11वीं अंतर एजेंसी समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विकास परियोजनाओं, बजटीय प्रावधानों तथा भूमि प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में ऑनलाइन माध्यम से सीईओ एफएमडीए पी सी मीणा भी जुड़े।

समन्वय और समयबद्ध कार्य से मिलेगी विकास को गति | मार्जिनल लैंड के बेहतर उपयोग के लिए ठोस योजना बनाने के निर्देश | फरीदाबाद की मास्टर सड़कों के सुधार कार्यों को मिलेगी रफ्तार




### अवैध कब्जा का हटाने की कार्रवाई की समीक्षा

बैठक में प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी द्वारा मार्जिनल लैंड पर अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-79 से 89 तक लगभग 216 एकड़ मार्जिनल भूमि का सर्वे कराया गया है, जिसमें से लगभग 22 एकड़ भूमि से अवैध कब्जे हटाए जा चुके हैं तथा शेष कब्जों को हटाने के लिए अभियान जारी है। प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि हटाए गए क्षेत्रों में दोबारा कब्जा न होए इसके लिए बैरिकेडिंग, फेंसिंग एवं पौधारोपण जैसे स्थायी उपाय किए जाएं।

### परियोजना में सभी घटकों को शामिल किया गया


बैठक में प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी द्वारा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली बॉर्डर से सेक्टर-59 तक लगभग 18 किलोमीटर लंबी ग्रीन बेल्ट के विकास एवं रखरखाव की योजना पर कार्य जारी है। इस परियोजना के अंतर्गत हैवी व्हीकल बैरियर, नेचर ट्रेल, साइक्लिंग ट्रैक, ओपन जिम, चिल्ड्रन प्ले एरिया, आर्टिफैक्ट्स, प्लांटेशन एवं लाइटिंग जैसे विभिन्न घटकों को शामिल किया गया है। परियोजना की विस्तृत योजना एवं कंसल्टेंट प्रक्रिया प्रगति पर है तथा प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए प्लांटेशन कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

### जल प्रबंधन और शहरी परिवहन परियोजनाओं को मिलेगी गति

बैठक में प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने माइक्रो एसटीपी, जल शोधन संयंत्र, ग्राउंड वाटर रिचार्ज, गंगा जल आपूर्ति, इलेक्ट्रिक बसों के इंफ्रास्ट्रक्चर, यूटिलिटी शिफ्टिंग तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं की वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करें, ताकि फरीदाबाद को आधुनिक एवं सुव्यवस्थित शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में एडिशनल सीईओ एफएमडीए गौरी मिड्ढा सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 15वीं मंजिल से गिरकर असिस्टेंट मैनेजर की मौत



**गुरुग्राम।** सेक्टर-52 की एक सोसाइटी में 15वीं मंजिल पर बने शाफ्ट से गिरने पर जम्मू-कश्मीर बैंक के असिस्टेंट मैनेजर की मौत हो गई। सूचना मिलते ही सेक्टर-53 थाना पुलिस पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने परिजनों और सोसाइटी के लोगों के बयान दर्ज किए हैं और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी, आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को उसके दिल्ली स्थित निवास स्थान से 17 मई को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान गुड्डू शाह के रूप में हुई है।गुड्डू शाह ने नौकरी लगवाने के नाम पर आकाश की सहायता से पैसे लिए थे। गुड्डू के पास ठगी के पैसों में 2,40,000 रूपए आये थे।

### ट्रेडिंग के नाम पर की 54 लाख से अधिक की ठगी



**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 54,85,000 रुपए की ठगी के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने अमन बत्रा को गिरफ्तार किया है। अमन ने खाताधारक नवीन का खाता खुलवाया था और उस खाता को दिल्ली में सुमित व मनविंद्र के माध्यम से विदेश में बैठे ठगों को उपलब्ध कराया था। खाते में ठगी के 75000 रुपए आए थे। आरोपी दिल्ली में रैपिडो चलाता है। जिसको न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### क्षेत्रवासियों की समस्याओं का हो रहा प्राथमिकता से समाधान

# मेवला अंडरपास से सिद्धदाता आश्रम सड़क बनेगी आधुनिक , जलभराव से मिलेगी राहत

*केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने आर्थिक, आधारभूत संरचना एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने वार्ड नंबर-20 क्षेत्र में विकास कार्यों के तहत सेक्टर-45 एवं सेक्टर-46 की डिवाइडिंग रोड पर अंडरपास से सिद्धदाता आश्रम रोड तक लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली सड़क परियोजना का नारियल तुड़वाकर विधिवत शिलान्यास किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने आर्थिक, आधारभूत संरचना एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने वार्ड नंबर-20 क्षेत्र में विकास कार्यों के तहत सेक्टर-45 एवं सेक्टर-46 की डिवाइडिंग रोड पर अंडरपास से सिद्धदाता आश्रम रोड तक लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली सडक़ परियोजना का नारियल तुड़वाकर विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर बडख़ल विधायक धनेश अदलखा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को भी सुनकर उनका जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।




### 11000 केवी की सभी बिजली लाइने होंगी भूमिगत

*गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद में बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगभग 2800 करोड़ रुपए की लागत से 11000 केवी की सभी बिजली लाइनों को भूमिगत करने का कार्य शुरू किया जा रहा है। मई माह तक सर्वे कार्य पूरा कर जून के प्रथम पखवाड़े में परियोजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा। भारत सरकार के केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के साथ आगामी 19 मई को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और डीएनडी से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण किया जाएगा।*

### शमशान घाट तक जाने वाली सड़क को भी सुगम बनाया गया

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि मेवला अंडरपास क्षेत्र में अंधी चढ़ाई (ब्लाइंड स्पॉट) और जलभराव की समस्या दूर करने के लिए सड़क को नीचे किया जाएगा तथा ड्रेन और जालियां लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के पार्कों में चारदीवारी, जिम, फुटपाथ और स्ट्रीट लाइट सहित अधिकांश विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले सेक्टर-45 और 46 के लोगों को जाम और रेलवे फाटकों के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन अंडरपास, चौड़ी सड़कें और बेहतर कनेक्टिविटी के कारण क्षेत्र की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। साथ ही मेवला शमशान घाट तक जाने वाली सड़क को भी आरएमसी सड़क बनाकर सुगम बनाया गया है।

### सेक्टर-45 में 2.25 करोड़ की लागत से नई सीवर लाइन

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद फरीदाबाद में विकास कार्यों ने नई गति पकड़ी है। क्षेत्र की अधिकांश समस्याओं का समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार तय समय सीमा में विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का कार्य करती है। सेक्टर-45 की वर्षों पुरानी सीवर समस्या के समाधान के लिए 2.25 करोड़ की लागत से नई सीवर लाइन डालने का कार्य अगले दस दिनों में शुरू होगा। वहीं सेक्टर-46 में लगभग सवा दो करोड़ की लागत से बारात घर निर्माण का कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा। इसके अलावा सेक्टर-45 एवं 46 की मुख्य सड़क को लगभग 3.5 करोड़ की लागत से विशेष तकनीक के माध्यम से विकसित किया जाएगा।

### कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# प्रत्येक वर्ग की समस्याओं को उठा रही कांग्रेस पार्टी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विधानसभा एनआईटी क्षेत्र के नगला एन्कलेव में कांग्रेस पार्टी द्वारा कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और जनसहभागिता के साथ किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष बलजीत कौशिक बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया तथा कांग्रेस की नीतियों और जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनाना और लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा भाईचारे, विकास और जनसेवा की राजनीति में विश्वास रखती है।

**आम जनता की आवाज को बुलंद करने का काम करती कांग्रेस**


**उत्तर रेलवे**

**आवेदन आमंत्रित करने हेतु सूचना**

दिल्ली मंडल के 37 हॉल्ट स्टेशनों पर हॉल्ट ठेकेदार की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करने की सूचना

| | |
|---|---|
| 1 | **आवेदन क्रमांक आमंत्रण सूचना :** 631-CP-Halt Tender-2023 |
| 2 | **कार्य का नाम एवं स्थान :** दिल्ली मंडल में पांच साल (05) की अवधि के लिए कमीशन के आधार पर अनारक्षित टिकटों की बिक्री के लिए 37 हॉल्ट स्टेशनों पर "37" हॉल्ट ठेकेदारों की नियुक्ति हेतु। |
| 3 | **निविदा प्रकार :** खुली आवेदन |
| 4 | **निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि और समय :** आवेदन, सीलबंद लिफाफे में वाणिज्यिक शाखा, डी आर एम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 में दिनांक: 19.05.2026 से 08.06.2026 (प्रातः 10.00 बजे से शाम 17:00 बजे तक) तथा दिनांक : 09.06.2026 को 14:00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे और दिनांक 09.06.2026 को ही दोपहर 15:00 बजे खोले जाएंगे। |
| 5 | **सम्पूर्ण निविदा सूचना कहाँ देखी जा सकती है :** निविदा निमंत्रण की सूचना तथा निविदा प्रपत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। |
| 6 | **आवेदन जमा करने का तरीका :** आवेदक अपना आवेदन दोनों तरीकों से प्रस्तुत कर सकते हैं, अर्थात् ऑफलाइन या ऑनलाइन। |
| 7 | **ऑफलाइन मोड द्वारा आवेदन जमा करना :** जो आवेदक ऑफलाइन माध्यम से आवेदन करना चाहते हैं, वे अपने आवेदन पत्र सभी निर्धारित प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ एक सीलबंद लिफाफे में वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पी. एस., वाणिज्य शाखा, स्टेट एंट्री रोड, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110055 के कार्यालय में दिनांक: 19.05.2026 से 08.06.2026 तक (प्रातः 10:00 बजे से शाम 17:00 बजे तक) तथा दिनांक: 09.06.2026 को दोपहर 14:00 बजे तक जमा कर सकते हैं तथा आवेदक पत्र दिनांक 09.06.2026 को ही दोपहर 15:00 बजे खोले जाएंगे। |
| 8 | **ऑनलाइन मोड द्वारा आवेदन जमा करना :** जो आवेदक ऑनलाइन आवेदन करना चाहते हैं, वे अपना आवेदन निम्नलिखित ई-मेल पते पर जमा कर सकते हैं : srdcm.ndls@gmail.com दिनांक: 19.05.2026 से 09.06.2026 को 14:00 बजे तक और इसे 09.06.2026 को दोपहर 15:00 बजे खोले जाएगा। |

सं.: 631-CP-Halt Tender-2023 दिनांक: 18.05.2026 1648/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### 100 करोड़ के गबन केस में ईडी ने किया था गिरफ्तार

# रिमांड खत्म होते ही पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा को कोर्ट ने भेजा जेल

**1 जून को होगी अगली पेशी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार में मंत्री संजीव अरोड़ा को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। ईडी ने दो दिन की बढ़ी हुई रिमांड अवधि पूरी होने पर आज उन्हें कोर्ट में पेश किया। अब 1 जून को मंत्री की अगली पेशी होगी। अधिवक्ता के मुताबिक 1 जून को वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी होगी।

अधिकारियों के अनुसार 100 करोड़ रुपए से अधिक के गबन के मामले में मंत्री से पूछताछ पूरी हो गई है। ईडी अब चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में है। मंत्री संजीव अरोड़ा ने गुरुग्राम में करोड़ों की प्रॉपर्टी खरीदी थी जिसमें संदिग्ध लेन-देन किया गया। ईडी का दावा है कि छापेमारी में वित्तीय लेन-देन और संदिग्ध निवेश के अहम दस्तावेज मिले। शेल कंपनियों के जरिए पैसा रूट करने और बेनामी संपत्ति खरीदने का आरोप है।

अधिवक्ता ने बताया कि ईडी ने मंत्री संजीव अरोड़ा के परिवार को भी समन व नोटिस जारी कर जांच में शामिल किया है। परिवार के कुछ सदस्यों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। पूछताछ के बाद उन्हें वापस भेज दिया गया।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **फेस्टस, पुत्रः श्री अलेह, निवासीः C–1/12, गली नंबर 4, मकान नंबर 26, पालम के पास, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.567/2021 U/S 14 विदेशी अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना तिलक नगर, पश्चिमी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **फेस्टस** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **फेस्टस** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No. 567/2021 U/S 14 विदेशी अधिनियम, थाना तिलक नगर, पश्चिमी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **फेस्टस** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **23.07.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, श्री विकास मदान,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07 (पश्चिम),
कोर्ट नंबर 289, दूसरी मंजिल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली।

DP/6441/WD/2026
(अदालती मामला)


### 150 गज में बना अवैध मकान ध्वस्त, सरकारी जमीन कब्जा मुक्त

# अपराधी इंद्रजीत की प्रॉपर्टी पर चला बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पुलिस और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने बादशाहपुर गांव में अपराधी इंद्रजीत के अवैध मकान पर बुलडोजर चलाया। आरोपी ने करीब 150 वर्ग गज प्राइम सरकारी जमीन पर बिना अनुमति पक्का मकान बना रखा था। कार्रवाई के बाद कब्जा की गई जमीन को मूल स्वरूप में बहाल कर दिया गया। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी इंद्रजीत बादशाहपुर का मूल निवासी है। उसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। वह इलाके में अवैध वसूली यानी रंगदारी और एक्सप्लोसिव एक्ट जैसी गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है।

गुरुग्राम के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ कई केस दर्ज हैं। जांच में सामने आया कि इंद्रजीत ने सरकारी नियमों को ताक पर रखकर 150 वर्ग गज जमीन पर कब्जा कर मकान खड़ा किया था। खुफिया विंग की रिपोर्ट के बाद जिला प्रशासन ने निर्माण को अवैध घोषित कर गिराने के आदेश दिए।

**रंगदारी और एक्सप्लोसिव एक्ट के तीन केस दर्ज**

### पुलिस-प्रशासन का संयुक्त एक्शन

हाई-प्रोफाइल डिमोलिशन ड्राइव अपराध शाखा मानेसर और प्रशासन की टीम ने चलाई। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस की कड़ी निगरानी में बुलडोजर से मकान गिराया गया।

### आम आदमी को शोषण से बचाना सर्वोच्च प्राथमिकता

पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि सार्वजनिक भूमि की सुरक्षा और आम नागरिकों को अपराधियों के शोषण से बचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी में नये लघु सचिवालय का निर्माण (विद्युत लाइन की शिफ्टिंग)। | 15.05.2026 21.05.2026 | 55.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हिसार-राजगढ़ रोड और सदर्न बाईपास (रोड आईडी 10202) (लघु सचिवालय की साइड) के इंटरसेक्शन पर स्लिप रोड्स के निर्माण द्वारा जंक्शन का सुधार (एसडीओ ओपी सिविल लाइन डीएचबीवीएन हिसार के तहत एचटी/एलटी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान) | 15.05.2026 26.05.2026 | 13.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना में मौजूदा ज्यूडीशियल ब्लॉक में लिफ्ट (15 यात्री लिफ्ट) का प्रावधान। | 15.05.2026 25.05.2026 | 18.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में बस स्टैंड से बुगाना से रेलवे स्टेशन बुगाना तक नये रोड का निर्माण (माननीय पीडब्ल्यूएम हरियाणा द्वारा इच्छित अनुसार) (जीएसटी के बिना)। | 15.05.2026 25.05.2026 | 216.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8053857200 xenpwdhansi@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | गांव खरावड़ में ब्राह्मण चौपाल का पुनरोद्धार (डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा का विवेकाधीन अनुदान) गांव खरावड़ में ब्राह्मण चौपाल का पुनरोद्धार (डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा का विवेकाधीन अनुदान)। | 14.05.2026 20.05.2026 | 4.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262298161 zprohtak@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज पानीपत | गांव राकसेरा मोड से भगतराम और रतीराम के खेत तक किनारे पर ईंट रास्ता का निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन + 4 कार्य। | 15.05.2026 21.05.2026 | 113.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | पाटली डाबर :- गांव पाटली डाबर में अनुमोदित एनआईटी के अनुरूप सभी प्रकार से पूर्ण 12 माह के दौरान त्रुटि जिम्मेवारी अवधि और 3 माह के ट्रायल रन अवधि के पश्चात 5 वर्ष की अवधि के लिए (इसका खर्च वार्षिक रखरखाव आकलन में शामिल किया जाएगा) अनुसूची-IV के अनुरूप पीएचईडी द्वारा आपूर्ति की गई डिसइन्फेक्शन मैटीरियल, गांव में पूर्ण मौजूदा जलापूर्ति प्रणाली का और डीएनआईटी में वर्णित कार्य के लिए पूर्ण क्षेत्र हेतु जलघरों के प्रचालन और रखरखाव और जलघर, बूस्टिंग स्टेशन, सम्प वैल का ओ एवं एम, पाटली डाबर और डींग मोड पर वितरण पाइप लाइन, गांव पाटली डाबर में पूर्ण बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण और पम्पिंग मशीनरी आरडब्ल्यूएनडीसी डब्ल्यू-2 सैट्स, पी.सी.-1 अदद, आरसीसी सीडब्ल्यूटी आकार 10.75×7.40×2.4 एम-2 अदद, डब्ल्यूटीपी 1 एमएलडी-1 अदद, आरडब्ल्यू और सीडब्ल्यू सक्शन वैल 2 अदद, एस/एस टैंक औसत आकार 54.27×75.95× 3.66 एम-2 अदद, जैन. सैट 1 अदद, पम्पिंग मशीनरी 1 सैट 350 मिमी डाया डी.आई. राइजिंग मेन, पीसी-1 अदद, सम्प वैल आकार 7.60×5.10×3.05 एम-1 अदद का निर्माण। | 15.05.2026 04.06.2026 | 762.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@gmail.com |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मण्डी डबवाली | मण्डी डबवाली :- नई अनुमोदित कॉलोनी में हॉरिजंटल डायरेक्शनल ड्रीलिंग (एचडीडी) मैथ्ड (ट्रेंचलैस सीवरेज सिस्टम) द्वारा एचडीपीई पाइप लाइन का प्रावधान व स्थापना समेत सभी सहायक और उनसे सम्बन्धित कार्य। सीएच. हैड :- मण्डी डबवाली :- नई अनुमोदित कॉलोनी में सीवरेज सिस्टम का प्रावधान और डबवाली कस्बा जिला सिरसा में उत्तम नगर में आईपीएस का निर्माण। | 15.05.2026 01.06.2026 | 61.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 9 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार में सामान्य औषधि विभाग के लिए इंजेक्शन हैपेटाइटिस-ए वैक्सिन की खरीद हेतु निविदा। | 20.05.2026 01.06.2026 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 10 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार में डीजल जनरेटर (डीजी) सैट्स समेत विद्युत, अग्निशमन सेवाओं के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु निविदा। | 20.05.2026 08.06.2026 | ईएमडी 4.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 11 | नागरिक हस्पताल, पंचकूला | डाइट, मुद्रण, लेखन सामग्री मदें और औषधि, कंज्यूमेबल्स, डेंटल और लैब मदें।" | 20.05.2026 04.06.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 12 | मोतीलाल नेहरू खेल विद्यालय, राई, सोनीपत | क्रॉकरी मदों की आवश्यकता। | 16.05.2026 29.05.2026 | 3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708859410 mnssrai@rediffmail.com |
| 13 | मोतीलाल नेहरू खेल विद्यालय, राई, सोनीपत | स्वीमिंग पूल को भरना और रखरखाव। | 15.05.2026 22.05.2026 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708859410 mnssrai@rediffmail.com |
| 14 | मोतीलाल नेहरू खेल विद्यालय, राई, सोनीपत | नाई मोची दर्जी। | 16.05.2026 23.05.2026 | 7 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708859410 mnssrai@rediffmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/280/45307/I/88/7 दि. 18.05.26

## खबर संक्षेप

### सड़क के किनारे बनी मस्जिद पर विवाद

**बदायूं।** बदायूं शहर से होकर मथुरा, आगरा और जयपुर को जोड़ने वाले अहम मार्ग पर कथित



अवैध निर्माण को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। लोक निर्माण विभाग की सड़क पट्टी पर बनी आरफीन मस्जिद को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक शिकायत पहुंची है। आरोप है कि संवेदनशील मार्ग पर किए गए इस निर्माण का इस्तेमाल गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किया जा रहा है।

### पानी को लेकर हत्या में दो भाइयों को उम्रकैद

**कैमूर।** बिहार के कैमूर में एडीजे तीन विनय प्रकाश तिवारी की अदालत ने हत्या के मामले में दो



भाइयों को आजीवन कारावास एवं 50-50 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई। न्यायालय ने जुर्माने की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतने का आदेश दिया है। सजा पानेवालों में पंकज राय एवं नीरज राय शामिल हैं। बताया जाता है कि पानी बहाने के विवाद में एक व्यक्ति को गोली मार दी गई थी।

### झारखंड के आईपीएस बने बीएसएफ डीआईजी

**रांची।** झारखंड कैडर के 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार झा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर



जा रहे हैं। वे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में डीआईजी होंगे।केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उनकी प्रतिनियुक्ति संबंधित जानकारी से झारखंड सरकार को अवगत कराया है। इसके लिए मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लिखा है कि सुरेंद्र कुमार झा को शीघ्र केंद्र के लिए विमुक्त करें।

## श्रद्धा, सेवा और समृद्धि का अद्भुत संगम बन रहा मथुरा

# अधिकमास में पूरा गोवर्धन गूंज रहा राधे-राधे, परिक्रमा के लिए रात में उमड़ रही लाखों की भीड़ ,अर्थव्यवस्था को मिली नई ऊर्जा

*गोवर्धन में अधिकमास मेले का शुभारंभ हो गया है, जहां लाखों श्रद्धालु 'राधे-राधे' के उद्घोष के साथ परिक्रमा कर रहे हैं। यह मेला ब्रजभूमि की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा दे रहा है, जिसमें होटल, प्रसाद कारोबार और मंदिरों की बोलियों से करोड़ों का व्यापार हो रहा है।*

एजेंसी ▶▶ मथुरा

वह ब्रजभूमि, जहां श्रीकृष्ण ने अन्याय के विरुद्ध शंखनाद किया, गोवर्धन उठाकर प्रकृति और धर्म की रक्षा का संदेश दिया और प्रेम को राधा में समर्पित कर अमर बना दिया। उसी ब्रज में अधिकमास का शुभारंभ हो गया। 15 जून तक चलने वाला अधिकमास मेला इस बार भी श्रद्धा, सेवा और समृद्धि का अद्भुत संगम बन रहा है। गोवर्धन की गलियां



भक्ति के रंग में डूबने लगी हैं। गिरिराज प्रभु की परिक्रमा को उमड़ने वाली भक्तों की भीड़ मंदिरों,मार्गों को जीवंत कर रही है। ब्रजभूमि की अर्थव्यवस्था में भी नई ऊर्जा का संचार होने लगा है। आधी रात में भी परिक्रमा मार्ग पर "राधे राधे" और "गिरिराज महाराज की जय" के उद्घोष गूंज रहे हैं। भजन मंडलियों की स्वर लहरियां, दीपों की चमक व श्रद्धालुओं की अविरल पदयात्रा पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक उत्सव में बदल रही है।

### एक महीने तक फुल रहेंगे हजारों कमरे

श्रीजी गार्डन के एमडी भूपेंद्र शर्मा के अनुसार गोवर्धन परिक्रमा क्षेत्र में 200 से अधिक होटल, गेस्ट हाउस और मठ-मंदिर संचालित हैं। कई स्थानों पर 50 से 100 कमरे तक उपलब्ध हैं। औसतन 30 कमरे प्रति प्रतिष्ठान भी माने जाएं तो करीब छह हजार कमरे पूरे महीने श्रद्धालुओं से भरे रहेंगे।

### प्रसाद कारोबार में बरसेगा करोड़ों का आशीर्वाद

अधिकमास का सबसे बड़ा असर प्रसाद कारोबार पर दिखाई देता है। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार करीब एक हजार परिवार सीधे इस व्यवसाय से जुड़े हैं। श्रद्धालु गिरिराज प्रभु को चिनौरी, चिड़वा, मिश्री और पेड़े का प्रसाद अर्पित करते हैं।

## यूपी में पंचायत चुनाव से पहले योगी सरकार का बड़ा फैसला

**पंचायत स्तर पर पिछड़ों की हिस्सेदारी का अध्ययन**

# ओबीसी आरक्षण तय करेगा नया आयोग, कैबिनेट में मिली मंजूरी

आयोग में पांच सदस्यों की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा ऐसे व्यक्तियों में से की जाएगी, जो पिछड़े वर्गों से संबंधित मामलों का ज्ञान रखते हों। राज्य सरकार द्वारा इसमें से एक सदस्य उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश होंगे जिन्हें आयोग के अध्यक्ष के रूप में नामांकित किया जाएगा। इस आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का कार्यकाल सामान्य तौर पर नियुक्ति से 6 माह का होगा।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में आगामी पंचायत चुनावों से पहले योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़ा मास्टरस्ट्रोक चला है। सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर हुई कैबिनेट बैठक में कुल 12 प्रस्तावों को हरी झंडी दिखाई गई। इसमें सबसे बड़ा फैसला पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए नया आयोग बनाने का रहा। ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए यूपी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग गठन को मंजूरी दे दी है। यह आयोग पंचायत स्तर पर पिछड़ों की हिस्सेदारी का अध्ययन करेगा। इस आयोग के गठन ने पंचायत चुनाव के रास्ते की सबसे बड़ी कानूनी अड़चन को दूर कर दिया है।

**खास बातें**

- कैबिनेट बैठक में कुल 12 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई
- एक रुपये में मिलेगी मेडिकल कॉलेज की जमीन



### लखनऊ में चारबाग-बसंतकुंज मेट्रो कॉरिडोर को मंजूरी

इसके अलावा, लखनऊ में मेट्रो विस्तार को कैबिनेट की हरी झंडी मिल गई है। चारबाग-बसंतकुंज मेट्रो कॉरिडोर को मंजूरी मिली है। लखनऊ मेट्रो ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर एमओयू पास हो गया है। इससे लखनऊ के दक्षिणी हिस्से को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। मेट्रो विस्तार से राजधानी में ट्रांसपोर्ट मजबूत होगा।

### वेटनरी छात्रों को 4 की जगह अब 12 हजार मिलेगा मानदेय

पशु चिकित्सा छात्रों को भी योगी सरकार का बड़ा तोहफा मिला है। इंटर्नशिप भत्ता 4 हजार से बढ़ाकर 12 हजार रुपये कर दिया गया है। वेटरनरी छात्रों को अब 12 हजार रुपये मानदेय मिलेगा।

### लोहिया संस्थान में बनेगा 1010 बेड का अत्याधुनिक इमरजेंसी सेंटर

डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के नवीन परिसर में 1010 बेड का नया अस्पताल बनेगा। यह अस्पताल शहीद पथ स्थित गोमती नगर विस्तार सेक्टर-7 में बनेगा। यह अस्पताल मल्टी स्पेशलिटी इमरजेंसी सेंटर अस्पताल के रूप में कार्य करेगा। यहां नवीन ओपीडी ब्लॉक एवं टीचिंग ब्लॉक का भी निर्माण होगा। इस आशय के प्रस्ताव को सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी गई है। निर्माण कार्य की परियोजना के लिए 855 करोड़ 4 लाख 34 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसमें अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त मल्टी स्पेशलिटी इमरजेंसी सेंटर अस्पताल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें कुल 1010 बेड स्थापित किए जाएंगे।

## जनता को टालने वालों को सम्राट ने दी थी चेतावनी

# फाइल लटकाने में पहला विकेट गिरा, आरओ सस्पेंड



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में जनता की समस्याओं के समाधान का फाइल लटकाने वालों अफसरों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अफसरों को दो टूक शब्दों में संदेश था कि कि हर हाल में जनता की समस्याओं का समाधान कम से कम समय में करना पड़ेगा। सीएम के ऐलान के बाद पहला विकेट मुजफ्फरपुर में गिरा।

जिले में एक राजस्व अधिकारी को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। मंत्री ठीक से काम करेगा तो अधिकाकारियों और कर्मचारियों को भी अपने दायित्व का समय से पालन करना पड़ेगा।

**इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी**

### राजस्व विभाग पर भ्रष्टाचार का सबसे अधिक आरोप

भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। इसी के तहत मुजफ्फरपुर के कुढनी में पदस्थापित राजस्व अधिकारी धर्मेंद्र कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। इस विभाग पर भ्रष्टाचार का सबसे अधिक आरोप लगता है। इसने कैंसर रोग की तरह विभाग को जकड़ लिया है। इसलिए एंटिबायोटिक से इलाज शुरू हो गया है। धर्मेंद्र कुमार पर कई बार काम में लापरवाही के आरोप लगे।

### 3 महीनों तक हड़ताल के कारण काम पीछे गया

यह सभी अधिकारियों के लिए एक मैसेज है। तीन महीनों तक हड़ताल के कारण काम काफी पीछे पड़ गया है। अधिकारियों को दिन रात एक करके इमानदारी के साथ काम करना पड़ेगा। जब मंत्री इमानदारी से काम करेंगे तो अधिकारियों और कर्मियों को भी अपने कार्य व्यवहार में सुधार लाना पड़ेगा।

## पेज एक का शेष

### पश्चिम एशिया संकट...

**चार दिनों में 1.72 लाख घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी :** सुजाता शर्मा ने बताया कि पिछले चार दिनों में देशभर में करीब 1.72 लाख घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की गई है। इसी अवधि में 5 किलोग्राम वाले 1.90 लाख से अधिक सिलेंडर बेचे गए हैं। उन्होंने कहा कि इस महीने अब तक करीब 1.08 लाख टन वाणिज्यिक एलपीजी की बिक्री हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि मार्च के बाद से 7 लाख से अधिक पीएनजी कनेक्शन गैसीकृत किए जा चुके हैं और 2.76 लाख नए कनेक्शनों के लिए आधारभूत ढांचा तैयार किया गया है।

### प्रचंड गर्मी और लू...

पानक, आम्र प्रपानक और चिंचा पानक जैसे पारंपरिक पेय पदार्थों के सेवन की सलाह दी है, जो शरीर को ठंडा रखने में सहायक माने जाते हैं। इसके अलावा खीरा, तरबूज, खरबूजा, पेठा, टमाटर और नींबू जैसे ठंडक देने वाले खाद्य पदार्थों को गर्मियों के दैनिक आहार में शामिल करने की सलाह दी गई है। मंत्रालय ने लोगों से अत्यधिक गर्मी के दौरान सावधानी बरतने और शरीर में पानी की कमी न होने देने की अपील की है।

### मप्र समेत 4 राज्यों...

जा रहा है, जिसमें बस्तर को नक्सल हिंसा की पहचान से निकालकर विकास और सुशासन के मॉडल के रूप में पेश किया जा रहा है।

आधारभूत ढांचे के विकास पर फोकस : बैठक में राज्यों के बीच बेहतर समन्वय, सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा, सड़क और आधारभूत ढांचे के विकास, कानून व्यवस्था, वनाधिकार, जनकल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन और आंतरिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। केंद्रीय गृह मंत्री शाह का दौरा केवल परिषद की बैठक तक सीमित नहीं रहेगा। वे बस्तर में सुरक्षा बलों के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे, शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। वे बस्तर में चल रहे विकास कार्यों और सुरक्षा अभियानों की समीक्षा भी करेंगे।

### पति समर्थ की गिरफ्तारी...

की। इधर, एसआईटी पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। लगातार आरोपी समर्थ शर्मा के ठिकानों पर दबिश देने के बाद भी वह गिरफ्त से दूर है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। उसकी तलाश में 6 टीमें लगाई गई हैं। परिजनों को संदेह है कि समर्थ शर्मा विदेश भाग सकता है। पुलिस ने उसके पासपोर्ट को निरस्त करने के लिए आवेदन दिया है। इधर, आरोपी पक्ष ने सोमवार को मीडिया के सामने आकर अपनी बात रखी। जबकि, ट्विशा के मां-पिता रविवार से ही मीडिया के सामने अपनी बात लगातार रख रहे हैं। आरोपी पक्ष का कहना है कि ट्विशा ड्रग लेने के कारण डिप्रेशन में थी, उसका इलाज चल रहा था। पीड़ित पक्ष ने कहा कि ड्रग का आरोप झूठा है। पति समर्थ ड्रग लेता था, ट्विशा नहीं।

**आरोपी पक्ष बोला: सीबीआई जांच के लिए हम भी तैयार :** सोमवार शाम आरोपी पक्ष के वकील इनोस जॉर्ज कार्लो के एमपी नगर स्थित कार्यालय में कार्लो ने पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान रिटायर्ड जज गिरीबाला सिंह भी मौजूद रही। उन्होंने कहा कि हम पर तमाम तरह के झूठे आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच होनी जाहिए। गिरीबाला सिंह ने कहा कि ट्विशा को मैं अपनी बेटी और बहू की तरह रखती थी। उसका असमय जाना हमारे लिए भी बहुत बड़ी क्षति हैं, लेकिन इस स्थिति में ट्विशा के परिजन हमारे खिलाफ हो गए। गिरीबाला सिंह ने कहा कि ट्विशा के परिजन खुद को फौज के बड़े अधिकारी बता रहे हैं और हम पर दबाव बना रहे हैं, जबकि हमारा परिवार भी फौज में रहा है। मेरे भाई कुपवाड़ा में रहे हैं। मेरे पति तो फौज में चुनाव के दौरान शहीद हुए थे। घटना के दिन मेरा बेटा बहू को फंदे से उतारकर बिना चप्पल के ही एम्स पहुंच गया था। उसे उम्मीद थी कि ट्विशा की जान बच जाएगी। ट्विशा शादी के बाद बार-बार मायके चली जाती थी। छह महीने में वह पांच बार अपने मायके दिल्ली गई। एक बार बीस दिन के लिए, कभी सात दिन के लिए तो कभी दस दिन के लिए वह मायके गई थी। मायके से लौटने के बाद उसके व्यवहार में परिवर्तन नजर आता था। डिप्रेशन में रहने के कारण ट्विशा का इलाज मनोचिकित्सक डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी के यहां चल रहा था। कोर्ट में दिए आवेदन में गिरीबाला सिंह ने ट्विशा को ड्रग एडिक्ट बताया। जब उसे नशा नहीं मिलता था तो उसके हाथ कांपने लगते थे। वह चिड़चिड़ा व्यवहार करने लगती थी। ट्विशा से कभी किसी तरह का दहेज नहीं मांगा गया। हर महीने उसे उसकी जरूरतों के हिसाब से पैसा दिया जाता था। यह पैसा उसे ऑनलाइन ट्रांसफर किया जाता था। सबूत के तौर पर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन रिसीप्ट को कोर्ट में पेश किया गया है।

**ट्विशा के परिजनों की मांग- नई दिल्ली के एम्स में दोबारा पीएम हो :** ट्विशा के परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आरोपी पक्ष हाई-प्रोफाइल है, इसलिए उन्हें न्याय की उम्मीद कम होती जा रही है। परिवार ने कोर्ट के जरिए दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग उठाई है। उन्होंने मामले की जांच मध्यप्रदेश से बाहर की एजेंसी से कराने और नई दिल्ली के एम्स में दोबारा पोस्टमॉर्टम कराने की मांग की है।

### ट्विशा की ये चैट आई सामने

-मैं घर पर बैठी हूं, इसलिए बहुत ज्यादा एंग्जायटी में हूं। मैं अपनी जिंदगी में कुछ करना चाहती हूं।

-इन सबको लगता है कि मैं ड्रग्स लेती हूं, इसलिए मेरा मूड खराब रहता है। एक बार भी इनके दिल में यह नहीं आता कि इनका बेटा मुझे छोड़कर बैठा है। मेरा मूड इस वजह से भी खराब हो सकता है।

-मुझे बहुत ज्यादा घुटन हो रही है मां। ये लोग न रोने देंगे, न हंसने की वजह देंगे।

### 64 साल बाद राज्य ...

थी, लेकिन 1964 में अविश्वास प्रस्ताव के बाद उनकी सरकार गिर गई थी। कार्यक्रम में राहुल और प्रियंका गांधी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री पी विजयन, भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर समेत सभी कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### लातूर से आरसीसी ..

मौजूद थे जो 3 मई को आयोजित नीट परीक्षा में पूछे गए थे। **10 आरोपी गिरफ्तार:** अब तक इस मामले में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे, लातूर और अहिल्यानगर से कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पहले गिरफ्तार किए गए 9 आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस हिरासत में लिया गया था, जबकि दसवें आरोपी को भी अदालत में पेश किया जा रहा है। सीबीआई ने कहा कि जांच में केमिस्ट्री और बायोलॉजी प्रश्नपत्र लीक के वास्तविक स्रोत का पता चल चुका है। एजेंसी के मुताबिक, ऐसे बिचौलियों को भी गिरफ्तार किया गया है जो लाखों रुपये लेकर छात्रों को विशेष कोचिंग कक्षाओं में लाते थे, जहां परीक्षा में आने वाले प्रश्न पहले से बताए और समझाए जाते थे। सीबीआई ने कहा है कि मामले की निष्पक्ष, व्यापक और पेशेवर जांच जारी है तथा पेपर लीक नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

### धर्मेंद्र प्रधान के...

गरिमा को कम करने वाला है। उन्होंने कहा कि संसदीय समितियां संसद का ही विस्तार होती हैं और उन्हें "मिनी संसद" माना जाता है। ऐसे में समितियों और उनके सदस्यों के प्रति अपमानजनक टिप्पणी संसद की अवमानना के समान है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री ने समिति की बहुदलीय प्रकृति पर सवाल उठाकर उसकी प्रतिष्ठा को जानबूझकर कम करने की कोशिश की। उन्होंने इसे विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का "स्पष्ट मामला" बताते हुए राज्यसभा सभापति से धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ विशेषाधिकार कार्यवाही शुरू करने की मांग की है। नीट पेपर लीक मामले को लेकर विपक्ष पहले से ही केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय पर हमलावर है। विपक्ष का आरोप है कि परीक्षा प्रणाली में लगातार हो रही गड़बड़ियों और एनटीए की कार्यप्रणाली को लेकर संसदीय समिति ने पहले ही गंभीर चेतावनियां दी थीं, लेकिन सरकार ने उन पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया।

## जेल में महिला कैदी गर्भवती?

# विपक्ष नेता बाबूलाल मरांडी ने जेल सुपरिटेंडेंट पर लगाए आरोप

एजेंसी ▶▶ रांची

नेता विपक्षा बाबूलाल मरांडी ने रांची की बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के जेल सुपरिटेंडेंट द्वारा एक महिला के यौन शोषण का दावा किया है। मरांडी ने बकायदा मुख्यमंत्री



हेमंत सोरेन को इस संबंध में पत्र भी लिखा है। पत्र में उन्होंने दावा किया है कि महिला गर्भवती कर दिया गया और इस सच को छिपाने के लिए लगातार सबूत मिटाने की कोशिश हो रही है। मरांडी ने इस मामले में सीएम से सख्त एक्शन और हाई लेवल जांच की मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने यह भी दावा किया है कि जेल महानिरीक्षक ने इस मामले को दबा दिया है, जिससे प्रशासन की प्रत्यक्ष मिलीभगत की ओर इशारा मिलता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस काले सच को छिपाने और जेल के छोटे कर्मचारियों और अन्य गवाहों का मुंह बंद रखने के लिए बड़े पैमाने पर रिश्वत और पैसा बांटा जा रहा है।

### महिला को इलाज के बहाने बाहर ले जाया जा रहा

बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि बीमार होने और इलाज का झूठा बहाना बनाकर उस पीड़ित गर्भवती महिला कैदी को लगातार जेल से बाहर गुप्त जगहों और अस्पतालों में ले जाया जा रहा है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि अवैध मेडिकल प्रक्रियाओं के जरिए जैविक और फॉरेंसिक सबूतों को समय रहते पूरी तरह मिटाया जा सके।

## चंद्रनाथ रथ हत्याकांड में सीबीआई का बड़ा एक्शन

# मुख्य आरोपी यूपी से अरेस्ट, छापामारी जारी

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरनगर

छपार के टोल प्लाजा पर सीबीआइ के डीएसपी राजेश कुमार ने छपार पुलिस टीम के साथ ने दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे पर स्थित छपार टोल प्लाजा से बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के



निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या के फरार हत्यारोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित राजकुमार सिंह पुत्र त्रिभुवन नारायण सिंह निवासी रातोपुर पोस्ट चिल्काहार, रासरा जनपद बलिया हरिद्वार से स्वजन के साथ गंगा स्नान के बाद कार से वापस लौट रहा था। गिरफ्तारी से मौके पर अफरातफरी मच गई।

बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक (पीए) चंद्रनाथ रथ की छह मई की रात लगभग 10 बजे महिंद्रा स्कार्पियो से यात्रा करने के दौरान थाना मध्यग्राम के अंतर्गत दोहरिया शैलेश नगर, डोलतला कोलकत्ता में हत्या कर दी गई थी। यह हत्याकांड बंगाल में चुनाव परिणाम आने के बाद हुआ था। इस हाई प्रोफाइल हत्याकांड की जांच सीबीआइ कर रही है।

## अपराधियों के लिए काल बन गई यूपी पुलिस

**अपराधियों से मोर्चा लेते वक्त 18 पुलिसकर्मी शहीद**

# 9 साल में 289 को एनकाउंटर में मार गिराया, 34 हजार से ज्यादा गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में जब से योगी सरकार आई अपराधियों के हौसले पस्त होते चले गए। सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश में यूपी पुलिस ने जब जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई तो अपराधियों पर धड़ाधड़ कार्रवाई करनी शुरू कर दी। नौ साल में यूपी पुलिस अपराधियों के लिए काल बन गई। इस दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 289 दुर्दांत अपरधियों को मुठभेड़ में ढेर किया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि नौ साल में पुलिस संग अपराधियों की कई मुठभेड़ हुईं। पुलिस ने अब तक करीब 34,253 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इसमें बताया गया है कि इन मुठभेड़ में कुल 11,834 अपराधी घायल हुए। इस दौरान अपराधियों से मोर्चा लेते वक्त 18 पुलिसकर्मी शहीद और 1,852 पुलिसकर्मी घायल हुए। बयान में कहा गया है कि मुठभेड़ की सबसे अधिक 4,813 घटनाएं मेरठ ज़ोन में हुईं। इस कार्रवाई में 8,921 अपराधी दबोचे गए और 3,513 अपराधी घायल हुए, जबकि 97 कुख्यात अपराधी मौके पर ही मारे गए।

### मेरठ में हुई मुठभेड़ में 477 पुलिसकर्मी हुए घायल



बयान के अनुसार, मेरठ जोन में हुई मुठभेड़ के दौरान 477 पुलिसकर्मी घायल हुए, जबकि अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए दो पुलिसकर्मी शहीद हो गये। इसी तरह, वाराणसी जोन में मुठभेड़ की 1,292 घटनाएं हुईं, जिनमें 2,426 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 29 अपराधी ढेर कर दिये गये। इस दौरान 907 अपराधी और 104 पुलिसकर्मी घायल हुए। बयान के मुताबिक, आगरा जोन में मुठभेड़ की 2,494 घटनाएं हुईं, जिनमें 5,845 अपराधी दबोचे गये। इस दौरान 968 अपराधी घायल हुए, जबकि 24 अपराधी मार गिराए गए। मुठभेड़ के दौरान 62 पुलिसकर्मी भी घायल हुए। मुठभेड़ के आंकड़ों पर नजर डालें तो बरेली जोन में 2,222 मुठभेड़ के दौरान 21 दुर्दांत अपराधी ढेर हुए, जबकि लखनऊ ज़ोन में 971 मुठभेड़ के दौरान 20 अपराधी मारे गए।

**गाजियाबाद कमिश्नरी में 18 अपराधी मारे गए**

गाजियाबाद कमिश्नरी में 7,89 मुठभेड़ में 18 अपराधी मारे गये। बयान के मुताबिक, कानपुर जोन में 791 मुठभेड़ में 12, लखनऊ कमिश्नरी में 147 मुठभेड़ में 12 तथा प्रयागराज जोन में 643 मुठभेड़ में 11 अपराधियों को ढेर किया गया। इसी तरह आगरा कमिश्नरी में 489 मुठभेड़ में 10, गौतमबुद्ध नगर में 1,144 मुठभेड़ में नौ, गोरखपुर जोन में 699 मुठभेड़ में आठ, वाराणसी कमिश्नरी में 146 मुठभेड़ में आठ, प्रयागराज कमिश्नरी में 150 मुठभेड़ में छह और कानपुर कमिश्नरी में 253 मुठभेड़ों में चार अपराधियों को ढेर किया गया।

हरिभूमि
सहेली
नई दिल्ली, मंगलवार
19 मई 2026



आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में अपने आपको साबित कर रही हैं, अपनी पहचान बना रही हैं। लेकिन अभी भी कुछ ऐसे डर हैं, जो उन्हें आगे बढ़ने से रोकते हैं, उनके मानसिक स्वास्थ्य, करियर और व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करते हैं। यह एक चिंताजनक स्थिति है। महिलाएं किसी प्रकार के डर को कैसे काबू में रखें, इनसे कैसे उबरें, जानिए।

# डर के आगे जीत है
## महिलाएं अपने डर पर कैसे पाएं काबू

कवर स्टोरी
ललिता गोयल

एक महिला के रूप में हम जानते और समझते हैं कि तब कैसा महसूस होता है, जब आपकी हथेलियां पसीने से भीग जाती हैं, आपका दिल तेजी से धड़कने लगता है, एक डर महसूस करती हैं और तब आप बस यही सोचती हैं कि इससे कैसे बचा जाए? वहां से भाग लिया जाए या रुक कर स्थिति से लड़ा जाए? कुछ ऐसे डर जो महिलाओं को पीछे हटने और खुद को एक दायरे में सीमित कर लेने के लिए मजबूर करते हैं, इनको समझना जरूरी है।

### अपने डर को पहचानें

महिलाएं प्रायः जिन डरों से घिरती हैं, इनसे छुटकारा पाने के तरीकों को जानने से पहले यह जानना-पहचानना जरूरी है कि कौन से डर हैं, जिनका अधिकांश महिलाएं अपने जीवन में सामना करती हैं।

**अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलने का डर:** यह वह स्थिति होती है, जब महिलाएं कुछ नया करने से डरती हैं, क्योंकि उन्हें असफलता का भय होता है, उन्हें लगता है कि अगर वे असफल हो गईं तो घर-परिवार के सदस्य उनका मजाक बनाएंगे। इसलिए वे कंफर्ट जोन में बनी रहती हैं, अपने विकास के रास्ते बंद कर लेती हैं।



**अस्वीकृति का भय:** यह वह स्थिति होती है, जब महिलाओं को लगता है कि वे जो करना चाहती हैं, उसके लिए उन्हें परिवार से स्वीकृति नहीं मिलेगी। इस 'नहीं' को सुनने के डर से वे कुछ भी करने से पीछे हट जाती हैं। महिलाएं सफलता पाने की तुलना में अस्वीकृति की संभावना को लेकर अधिक चिंतित रहती हैं।

**गलत साबित होने का डर:** यह वह स्थिति है, जब आत्मविश्वास की कमी के कारण महिलाएं खुद को अनभिज्ञ या अज्ञानी नहीं दिखाना चाहतीं और वे शिक्षित, अनुभवी होने के बावजूद खुद पर भरोसा करने से इनकार कर देती हैं, अपनी राय व्यक्त करने या अपने ज्ञान और अनुभव को शेयर करने से इनकार कर देती हैं।

**उपहास उड़ाए जाने का डर:** यह वह स्थिति है, जब आप इस बात से डरती हैं कि लोग आपके बारे में क्या कहेंगे, उपहास उड़ाएंगे, मूर्ख कहेंगे, आपको समाज द्वारा जज किए जाने का डर होता है। यह डर महिलाओं को अपनी बात खुलकर रखने से रोकता है। भले ही वे जानती हैं कि वे सही हैं।

**शारीरिक इमेज का डर:** कुछ महिलाएं अपनी शारीरिक बनावट को लेकर भी असुरक्षित महसूस करती हैं। कुछ को हीनता का बोध भी हो सकता है। उनके लिए डर का सामना करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।



### डर से कैसे उबरें

सवाल यह है महिलाएं किसी प्रकार के डर से कैसे उबरें? यहां बता रहे हैं ऐसे कुछ आसान तरीके, जो रोजमर्रा के डर और घबराहट से लड़ने में मदद करेंगे।

**सपोर्ट सिस्टम बनाएं:** ऐसे दोस्तों या परिवार के सदस्यों का नेटवर्क रखें, जिन पर आप भरोसा कर सकें। इससे डर कम होता है। अपने डर के बारे में किसी दोस्त, परिवार वाले या हेल्पलाइन से बात करें। अपनी बात शेयर करने से मन का बोझ हल्का होता है और डर छोटा लगने लगता है।

**खुद से पूछें:** खुद से पूछिए सबसे बुरा क्या हो सकता है? जब आप सबसे बुरी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हो जाती हैं, तो डर छोटा लगने लगता है।

**आत्म-विश्वास और मानसिक मजबूती बढ़ाएं:** जब भी डर लगे, अपनी पिछली सफलताओं और उपलब्धियों को याद करें। इससे आपको याद आएगा कि आप चुनौतियों से निपटने में सक्षम हैं।

**थोड़ा ब्रेक लें:** जब आप डरी हुए होती हैं, तो साफ-साफ सोचना मुश्किल होता है। ऐसे में खुद को शांत करने के लिए थोड़ा समय निकालें। 15 मिनट के लिए उस जगह से हट जाएं, कहीं टहलने चली जाएं, चाय पिएं या कोई मजेदार वीडियो देखें।

**गहरी सांस से दूर होगी घबराहट:** अगर डर की वजह से अचानक आपके दिल की धड़कन तेज हो जाए या आपकी हथेलियों में पसीना आने लगे, तो एक पल वहीं रुकें और उस अहसास को महसूस करें। पेट पर हाथ रखें और गहरी सांस लें। इससे आपका दिमाग घबराहट को झेलने को तैयार हो जाएगा।

**कंफर्ट जोन से बाहर निकलें:** जिस चीज से डर लगता है, उसका थोड़ा-थोड़ा सामना करें। अगर बोलने से डर लगता है, तो छोटे ग्रुप्स में बोलना शुरू करें। यह एक्सपोजर थैरेपी की तरह काम करता है।

**डर का सामना करें:** डर से दूर भागने से वह और बढ़ता है। धीरे-धीरे उस चीज के संपर्क में आएं, जिससे आप डरती हैं। जैसे अगर आपको लिफ्ट या एस्केलेटर में जाने से डर लगता है, तो बार-बार इसे यूज करें। धीरे-धीरे आपका डर कम होने लगेगा।

**शारीरिक लक्षणों को समझें:** घबराहट में तेज धड़कन या सांस फूलना सामान्य है। यह शरीर का खुद को तैयार करने का एक तरीका है। यह समझें कि ये लक्षण खतरनाक नहीं हैं और थोड़ी देर में ठीक हो जाएंगे।

**नेगेटिव सोच से दूरी:** अपने आपसे तर्कपूर्ण सवाल पूछें। जैसे क्या वाकई लिफ्ट गिर जाएगी? या क्या सच में यहां कोई खतरा है? हकीकत को जानकर आप डर को कम कर सकती हैं।

**परफेक्ट बनने की कोशिश न करें:** यह सोचना छोड़ दें कि आपको हमेशा शांत रहना चाहिए या जिंदगी हमेशा अच्छी होनी चाहिए। जिंदगी थोड़ी उथल-पुथल भरी हो सकती है और यह बिल्कुल सामान्य है। खुद के साथ ज्यादा सख्ती न बरतें। एक अच्छी जगह की कल्पना करें। अपनी आंखें बंद करें और किसी ऐसी जगह या याद के बारे में सोचें, जहां आप सुरक्षित और खुश महसूस करती हैं, जैसे कोई समुद्र तट या बचपन की कोई खुशनुमा याद। लोग क्या कहेंगे की परवाह न करें। अपने विचारों को स्पष्टता से व्यक्त करें और निर्णय लेने में निडर बनें। लोग क्या कहेंगे की परवाह किए बिना अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें और छोटे-छोटे कदम उठाकर नए प्रयोग करें।

**अपनी सेहत का ख्याल रखें:** अच्छा खाना खाएं और एक्टिव रहें। शराब या नशीली चीजों से दूर रहें, क्योंकि ये घबराहट को और ज्यादा बढ़ा देती हैं। अच्छी नींद और सेहतमंद जीवनशैली मन को मजबूत बनाती है।

**खुद को शाबाशी दें:** जब भी आप अपने डर के बावजूद कुछ हासिल करें, तो खुद को कोई छोटा-सा तोहफा दें। जैसे- अपनी पसंद का खाना खाएं, कोई किताब खरीदें या कोई फिल्म देखें।

**जरूरी सलाह:** अगर आपका डर आपकी रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत ज्यादा रुकावट डाल रहा है, तो डॉक्टर या विशेषज्ञ से सलाह लेने में संकोच न करें। ❁

**(लाइफ कोच डॉ. सुजाता से बातचीत पर आधारित)**

# जीवनसाथी से ऐसे बनाए रखें प्यार

दांपत्य जीवन में मिठास बनी रहे, इसके लिए जरूरी है पति-पत्नी के बीच हमेशा संवाद बना रहे। संवाद की निरंतरता दंपति को आपस में जोड़े रखती है, इससे रिश्ते गहरे बने रहते हैं। दांपत्य जीवन में हमेशा प्यार कैसे बना रहे, जानिए।

दांपत्य
स्नेहा सिंह



हम अकसर घर से ऑफिस के लिए निकलते समय अपने जीवनसाथी से बस यही कहते हैं, 'आने में देर हो जाएगी।', 'फोन करके परेशान मत करना।' या जीवनसाथी के कोई बात पूछने पर चिढ़ कर बोल देते हैं, 'बाद में बात करते हैं।' लेकिन क्या कभी आपने सोचा है कि घर से निकलते समय ऐसा रूखा व्यवहार जीवन साथी को कितना कचोटता होगा? आखिर हम घर से निकलते समय अपने जीवन साथी से प्यार के दो बोल क्यों नहीं बोल सकते, क्यों नहीं एक मुस्कराहट के साथ अपनी विदाई ले सकते हैं? दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहे, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है-

**रिश्तों में हों मीठे संवाद:** पति-पत्नी का रिश्ता केवल साथ रहने का नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव का रिश्ता भी होता है। इस रिश्ते की नींव मीठे संवाद पर टिकी होती है। जब दो लोग अपने मन की बातें खुलकर मधुरता के साथ करते हैं, एक-दूसरे की परेशानियां और छोटे-छोटे अनुभव साझा करते हैं, तब संबंध गहरे होते जाते हैं। लेकिन आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में दांपत्य जीवन में संवाद कम होता जा रहा है। लोग घंटों मोबाइल के साथ तो बिताते है, पर जीवनसाथी के साथ कुछ पल बैठकर बात नहीं करते। इसके अभाव में धीरे-धीरे दांपत्य रिश्तों में दूरी आ जाती है। कई बार पति-पत्नी एक ही घर में रहते हुए भी मानसिक रूप से बहुत दूर हो जाते हैं। वे केवल जिम्मेदारियां निभाते हैं, लेकिन भावनाओं को व्यक्त नहीं करते। ऐसे में रिश्ते बोझ लगने लगते हैं।



**छोटी-छोटी बातें भी रखती हैं मायने:** रिश्तों को मजबूत बनाए रखने के लिए हमेशा बड़े अवसरों या महंगे उपहारों की जरूरत नहीं होती। कभी-कभी छोटी-छोटी बातें भी बहुत बड़ा असर छोड़ जाती हैं। सुबह घर से निकलते समय एक प्यारी सी मुस्कान, 'अपना ध्यान रखना' जैसा वाक्य या अचानक किया गया एक फोन कॉल या फिर शाम को साथ बैठकर एक कप चाय पी लेना, ये सब बातें रिश्तों में गर्माहट बनाए रखती हैं।

**नाराजगी को कभी लंबा न खींचें:** रिश्तों में मतभेद होना स्वाभाविक है। पति-पत्नी के बीच बहस, गुस्सा और शिकायतें पैदा होती रहती हैं। लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब लोग अहं में आकर बात करना बंद कर देते हैं। कई बार लोग लंबी चुप्पी साधे रहते हैं। कोई बातचीत के लिए पहल नहीं करना चाहता। दोनों अपने-अपने दिल में शिकायतें जमा किए रहते हैं। झगड़े के बाद भी लंबे समय तक चुप्पी सही नहीं है। जल्दी संवाद शुरू हो जाना चाहिए।

**समय देना सबसे बड़ा उपहार:** आज लोग अपने करियर, सोशल मीडिया और बाहरी दुनिया में बिजी रहते हैं, रिश्तों के लिए समय ही नहीं निकालते। लेकिन सच्चाई यह है कि किसी भी रिश्ते को जीवित रखने के लिए समय देना बहुत जरूरी है। जीवनसाथी को केवल आर्थिक सुविधाएं ही नहीं चाहिए होतीं, भावनात्मक साथ भी चाहिए होता है। कभी साथ टहलना, साथ खाना, बिना मोबाइल के बैठकर बातें करना, ये सब रिश्तों को जीवंत बनाए रखते हैं। यदि हम अपने सबसे करीबी व्यक्ति के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं, तो यह हमारे रिश्ते के लिए खतरे की घंटी है।

**सीखें प्रेम को व्यक्त करना:** बहुत से लोग अपने मन की भावनाएं व्यक्त नहीं कर पाते। वे प्रेम करते हैं, लेकिन जताते नहीं, जबकि रिश्तों में भावनाओं का खुलकर व्यक्त करना बहुत जरूरी है। कभी-कभी जीवनसाथी की तारीफ करना, उसकी मेहनत को सराहना या बस यह कहना कि 'तुम मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण हो।' रिश्तों में नई ऊर्जा भर देता है। जीवन अनिश्चित है। हमें नहीं पता अगला पल कैसा होगा। इसलिए अपने जीवन साथी को यह अहसास कराते रहना चाहिए कि वे हमारे लिए कितने खास हैं। रिश्ते केवल साथ रहने से नहीं प्रेम, सम्मान, संवाद और समय देने से गहरे होते हैं। ❁

बच्चे और आप
शिखर चंद जैन

इन दिनों बच्चों की समर वैकेशन चल रही हैं। स्कूल जाना नहीं है, इसलिए बच्चों के पास काफी समय है। समर वैकेशन में बच्चे क्या खास कर सकते हैं, कैसे अपने समय का सदुपयोग करें, पैरेंट्स के लिए बहुत ही उपयोगी सलाह।

# यूं ही न बीत जाएं
## बच्चों की समर वैकेशन

गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं। बच्चों के लिए मौज-मस्ती और धमाचौकड़ी का अच्छा मौका है। एक सी रुटीन लाइफ के बाद थोड़ा-सा वक्त कुछ अलग तरह से बीतना भी चाहिए। लेकिन ये लंबी छुट्टियां सिर्फ वक्त की बर्बादी साबित न हों, इसका ध्यान रखना जरूरी है। मजे-मजे में बच्चों को कुछ नई स्किल्स भी सिखा दें, ये जिंदगी भर उनके काम आएंगी।

**म्यूजिक सिखाएं:** म्यूजिक सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, इससे मानसिक विकास भी होता है। कुछ अध्ययनों की मानें तो म्यूजिक सीखने वाले बच्चों की लर्निंग कैपेसिटी और गणित का ज्ञान दूसरों की तुलना में अधिक हो सकता है। इसलिए अपने बच्चे को म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट जैसे वाइलिन, पियानो, हारमोनियम या गिटार बजाना सिखाएं। यह स्किल उसके लिए काफी फायदेमंद साबित होगी।

**सिखाएं कुकिंग की एबीसीडी:** कुकिंग एक महत्वपूर्ण लाइफ स्किल है, जो किसी स्कूल में नहीं सिखाई जाती। इससे बच्चों को न सिर्फ तरह-तरह के प्रयोग करने का मौका मिलता है, कुछ नया बनाने पर सृजन-सुख भी मिलता है। जो बच्चे खुद कुछ, बनाना सीख जाते हैं, उन्हें हेल्दी फूड और नुकसानदायक खाद्य-पदार्थों के बीच अंतर आसानी से समझ में आ जाता है। उम्र के मुताबिक बच्चों का सब्जी, फल आदि काटकर सलाद बनाना, उनकी ड्रेसिंग करना, सैंडविच, जूस आदि बनाना सिखाएं। वे स्वयं भी कुकिंग करके एंज्वॉय करेंगे।



**न्यूजपेपर-मैगजीन से टास्क दें:** बच्चों को कोर्स की किताबों से इतर भी कुछ टास्क दें। पत्रिकाओं और अखबारों के कलरफुल सप्लीमेंट्स में छपी आकर्षक तस्वीरें काटकर उनके बारे में कुछ लिखने को कहें, साथ ही अपनी स्पेशल स्क्रैप बुक बनाने को कहें। नए शब्द और उनके अर्थ डायरी में लिखने और वाक्यों में उनका प्रयोग करना सिखाएं। रेखाचित्रों में कलर करने को कहें और अलग-अलग जगह छपे कुछ चित्रों में तालमेल बैठाकर उन पर छोटी-छोटी कहानियां या कविताएं लिखने का टास्क दें। यह काम उनकी क्रिएटिविटी को बढ़ाएगा।

**स्विमिंग सिखाएं:** गर्मी के मौसम में पानी में खेलना-कूदना बच्चों को खूब भाता है। समर वैकेशन अच्छा मौका है, जब वे मौज-मस्ती के साथ-साथ एक नई स्किल भी सीख लेंगे। स्विमिंग सिर्फ मनोरंजन का ही बेहतरीन साधन नहीं है, इससे बच्चों की एक्सरसाइज भी होगी और शारीरिक-मानसिक विकास भी होगा। यह एक लाइफ सेविंग स्किल भी है, जो मुसीबत के वक्त बच्चे के खूब काम आ सकती है। जरूरत पड़ने पर वह न सिर्फ खुद की बल्कि किसी दूसरे व्यक्ति की भी जान बचा सकता है।

**सिखाएं नई भाषा:** समर वैकेशन का सदुपयोग करने के लिए बच्चों को एक नई भाषा सिखाना एक अच्छा आइडिया है। कई वैज्ञानिक शोधों के नतीजे बता चुके हैं कि एक से अधिक भाषा जानने वाले बच्चों की बौद्धिक क्षमता दूसरे बच्चों की तुलना में कहीं अधिक होती है। सिर्फ यही नहीं, एक से ज्यादा भाषाओं का ज्ञान आगे चलकर बच्चे के करियर के लिए भी प्लस प्वॉइंट बन सकता है। जितनी अधिक भाषाओं का ज्ञान होगा, उसके ज्ञान का उतना ही विस्तार होगा और विदेश जाने की राह भी आसान होगी।

**कंप्यूटर पर वर्क करना सिखाएं:** आज की टेकसेवी दुनिया में बच्चे को कंप्यूटर का गहरा ज्ञान होना जरूरी है। गर्मी की छुट्टियों में बच्चे को कंप्यूटर पर हिंदी या अंग्रेजी टाइपिंग की प्रैक्टिस, फोटोशॉप, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस या इससे जुड़ी अन्य बारीकियां सिखाने के लिए किसी कोचिंग सेंटर भेजें। आपको यह सब आता हो तो आप खुद बच्चे को यह सब सिखाएं। ❁

### ये भी हैं अच्छे ऑप्शन

- बच्चे को आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रेरित करें।
- रोज एक्सरसाइज करने को कहें।
- मॉर्निंग या इवनिंग वॉक के लिए कहें।
- गार्डनिंग के काम में बच्चों की मदद लें, उन्हें विभिन्न फूलों, पत्तियों और वनस्पतियों की जानकारी दें।

हेयर स्टाइल
नैंसी गुप्ता


# बहुत ईजी हैं ये हेयर स्टाइल
## कम समय में पाएं परफेक्ट लुक

गर्मी के मौसम में बालों को संभालना आसान नहीं होता है। पसीना, धूल और उमस के कारण बाल चिपचिपे हो जाते हैं और उन्हें स्टाइल करना मुश्किल लगने लगता है। खासकर जब समय कम हो, तब जल्दी और आसान हेयर स्टाइल की जरूरत और भी बढ़ जाती है। ऐसे में कुछ स्मार्ट-सिंपल हेयर स्टाइल्स अपनाकर आप कम समय में भी परफेक्ट लुक पा सकती हैं।

**सिंपल लो पोनीटेल:** अगर आपके पास समय कम है, तो यह लो पोनीटेल सबसे आसानी से बनने वाला क्लासी हेयर स्टाइल है। इसे बनाने में कुछ मिनट लगते हैं और यह आपको एक साफ-सुथरा लुक देता है। आप इसमें हल्का सा ट्विस्ट या पफ जोड़कर अपने ओवरऑल लुक को और स्टाइलिश बना सकती हैं।



**साइड ब्रेड हेयर स्टाइल:** अगर आप कुछ अलग हेयर स्टाइल ट्राय करना चाहती हैं, तो साइड ब्रेड एक अच्छा विकल्प है। इसे बनाना आसान है और यह आपके लुक में एलिगेंस जोड़ता है। गर्मियों में यह बालों को उलझने से भी बचाता है।



**हाफ पोनीटेल:** हाफ पोनीटेल, उन महिलाओं के लिए बेहतरीन है, जो बालों को पूरी तरह बांधना नहीं चाहती हैं। इसमें आधे बालों को बांधकर बाकी को खुला रखा जाता है। खास बात यह है कि यह हेयर स्टाइल कुछ ही मिनटों में तैयार हो जाता है और आपको फ्रेश लुक देता है।

**क्लॉ क्लिप स्टाइल:** बालों में क्लॉ क्लिप का इस्तेमाल आजकल काफी ट्रेंड में है। बालों को ट्विस्ट करके क्लॉ क्लिप से सेट करना एक मिनट का काम है और यह आपको स्टाइलिश लुक देता है। यह खासकर ऑफिस ड्रेसअप के साथ या कैजुअल आउटिंग के लिए परफेक्ट लगता है।

**स्कार्फ के साथ फंकी स्टाइल:** गर्मियों में स्कार्फ का इस्तेमाल स्टाइल बढ़ाने के लिए भी किया जा सकता है। आप पोनीटेल या बन के साथ स्कार्फ जोड़कर अपने लुक को और आकर्षक बना सकती हैं।

**मैसी बन:** मैसी बन, गर्मियों के लिए परफेक्ट हेयर स्टाइल माना जाता है। इसे बनाने में ज्यादा मेहनत नहीं लगती और यह देखने में भी काफी ट्रेंडी लगता है। यह स्टाइल बालों को गर्दन से दूर रखता है, जिससे आपको गर्मी में राहत मिलती है।



**ब्रेडेड बन:** अगर आप थोड़ा स्टाइलिश और फॉर्मल लुक चाहती हैं, तो ब्रेडेड बन ट्राय कर सकती हैं। इसमें पहले चोटी बनाकर उसे जूड़े में बदल दिया जाता है। यह स्टाइल लंबे समय तक टिकता है। ❁

**(हेयर एक्सपर्ट नक्ष वर्मा से बातचीत पर आधारित)**

प्रिकॉशन
निकिता चौहान

वैसे तो हर मौसम में फिजिकल हाइजीन के प्रति अवेयर रहना जरूरी है। लेकिन समर सीजन में इसके प्रति और भी अवेयर रहना चाहिए। इस सीजन में कैसे रखें हाइजीन का ध्यान, जानिए।

# समर सीजन में ऐसे रखें हाइजीन का ध्यान

गर्मी का मौसम अपने साथ कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं लेकर आता है, खासकर महिलाओं के लिए। अधिक तापमान, पसीना, नमी और बैक्टीरिया की वृद्धि के कारण त्वचा और निजी स्वच्छता से जुड़ी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में अपनी दैनिक दिनचर्या में कुछ जरूरी बदलाव करके समर हाइजीन का विशेष ध्यान रखना चाहिए, ताकि आप स्वस्थ-सुरक्षित रह सकें।

**करें प्रॉपर क्लीनिंग:** गर्मी के मौसम में पसीना आने से सभी परेशान रहते हैं। इससे शरीर के संवेदनशील हिस्सों (इंटरनल ज्वाइंट्स और हमेशा कवर्ड रहने वाले एरिया) में बैक्टीरिया और फंगल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए दिन में एक या दो बार स्नान करना जरूरी हो जाता है। खासकर जननांग क्षेत्र (इंटिमेट एरिया) की सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस क्षेत्र को साफ और सूखा रखना बहुत जरूरी है। अत्यधिक केमिकल वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से बचें और माइल्ड, पीएच-बैलेंस्ड क्लीनर का उपयोग करें।





**कॉटन फैब्रिक ड्रेसेस:** सही ड्रेस का चयन भी समर हाइजीन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गर्मी में कॉटन फैब्रिक वाले लूज ड्रेसेस पहनना बेहतर होता है, क्योंकि ये स्किन को सांस लेने देते हैं और पसीने को सोख लेते हैं। सिंथेटिक फैब्रिक वाले टाइट ड्रेसेस पहनने से पसीना जमा होता है, जिससे खुजली, रैशेज और संक्रमण हो सकता है।

**पीरियड्स टाइम हाइजीन:** इस मौसम में पीरियड्स के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखना और भी जरूरी हो जाता है। सेनेटरी पैड्स या टैंपोन को हर 4-6 घंटे में बदलना चाहिए। मेंस्ट्रुअल कप का उपयोग भी सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प हो सकता है, बशर्ते उसकी सही तरीके से सफाई की जाए।

**हाइड्रेशन-डाइट:** शरीर की आंतरिक सफाई के लिए हाइड्रेशन और डाइट भी काफी महत्वपूर्ण है। अधिक पानी पीना शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है और स्किन को हेल्दी बनाए रखता है। इसके लिए नारियल पानी, छाछ और ताजे फलों का सेवन करें। तला-भुना और अत्यधिक मसालेदार भोजन कम खाएं, क्योंकि यह शरीर में गर्मी बढ़ा सकता है।

**यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन:** गर्मी के मौसम में ध्यान ना देने पर महिलाओं में यूटीआई का होना भी कॉमन समस्या है। इसे रोकने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, यूरिन को लंबे समय तक रोककर न रखें और टॉयलेट जाने के बाद सफाई का सही तरीका अपनाएं। यदि जलन, दर्द या बार-बार यूरिन आने जैसी समस्या हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**फंगल इंफेक्शन:** पसीने के कारण फंगल इंफेक्शन, घमौरियां और एलर्जी हो सकती हैं। जिन अंगों के आस-पास पसीना ज्यादा होता है, उस जगह को सूखा रखें और जरूरत पड़ने पर एंटी-फंगल पावडर या क्रीम का इस्तेमाल करें। बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी दवा न लें।

समर सीजन हाइजीन प्रिकॉशंस को नजरअंदाज करने से आगे चलकर कई समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए यहां बताई गई स्वच्छता आदतों को जरूर अपनाएं। ❁

**(सीनियर ऑब्स्टेट्रिशियन और गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. मनन गुप्ता, दिल्ली से बातचीत पर आधारित)**

# 31 जिलों के 743 स्वयंसेवक खुद को 'गढ़ेंगे', सिखाए जाएंगे विभिन्न प्रकार के 'जीवन प्रबंधन'

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यभारत प्रांत के शिक्षा वर्ग प्रारंभ, 15 दिन चलेगा प्रशिक्षण

शिवपुरी में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में 369 कार्यकर्ता, ब्यावरा में 200 कार्यकर्ता और बैतूल में 174 कार्यकर्ता शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संघ शिक्षा वर्ग एक साधना स्थली है, जहां शिक्षार्थी साधक के रूप मे नित्य शारीरिक, बौद्धिक एवं व्यवस्थात्मक प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। यह सभी प्रशिक्षण मन की साधना से ही संभव है।

यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्यभारत के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता ने शिवपुरी के सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय फतेहपुर में संघ शिक्षा वर्ग के उद्घाटन पर व्यक्त किए। मध्यभारत प्रांत के विद्यार्थी कार्यकर्ताओं के लिए शिवपुरी में, तरुण व्यवसायी कार्यकर्ताओं के लिए ब्यावरा में और 40 से अधिक आयुवर्ग के कार्यकर्ताओं के लिए बैतूल में संघ शिक्षा वर्गों का आयोजन किया जा रहा है। तीनों ही स्थानों पर संघ शिक्षा वर्ग 16 मई से प्रारंभ हो गए हैं, जिनका औपचारिक उद्घाटन रविवार को किया गया। संघ शिक्षा वर्ग में शामिल शिक्षार्थियों को शारीरिक, बौद्धिक, योग, सेवा, प्रबंधन और संघ कार्य का प्रशिक्षण प्राप्त होगा। 15 दिन के इस वर्ग में युवा कठोर अनुशासित दिनचर्या का पालन करते हुए अपने व्यक्तित्व को मजबूत करेंगे। प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता ने कहा कि वर्ग में 24 घंटे की व्यस्ततम दिनचर्या में स्वयं को व्यस्त रखते हुए सीखने के मानस से शिक्षार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि संघ शिक्षा वर्ग मे शिक्षार्थी विभिन्न प्रकार के प्रबंधन भी सीखता है, जैसे - समय प्रबंधन, मानव प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन, आपदा प्रबंधन और कार्यक्रम प्रबंधन।

कठोर अनुशासित दिनचर्या का पालन करते हुए अपने व्यक्तित्व को मजबूत करेंगे युवा


संबोधित करते प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता।

### जो कठिनाइयों में जी नहीं सकता, वह साधक नहीं: पांडेय

ब्यावरा में उद्घाटन सत्र में प्रांत के सह-संघचालक डॉ. राजेश सेठी ने कहा कि अच्छे कार्यकर्ता बनने के लिए केवल शारीरिक क्षमता पर्याप्त नहीं, बल्कि बौद्धिक और भावनात्मक विकास भी आवश्यक है। यही कारण है कि संघ शिक्षा वर्ग में तीनों आयामों पर समान रूप से काम किया जाता है। बैतूल स्थित भारत भारती विद्यालय परिसर में संघ शिक्षा वर्ग (विशेष) के उद्घाटन समारोह में प्रांत संघचालक अशोक पांडेय ने स्वयंसेवकों से कहा कि साधना कठिनता से सफल होती हैं। जो कठिनाइयों में जी नहीं सकता वह कभी साधक नहीं बन सकता है।

### मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने वन विभाग की अनूठी पहल



**भोपाल।** दक्षिण सामान्य वनमण्डल बालाघाट तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन के दौरान संग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित कर रही है। अभियान के तहत तेंदूपत्ता संग्राहकों के बीच सुरक्षा संदेशों से मुद्रित मास्क वितरित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से जंगल में सुरक्षित व्यवहार एवं आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी जा रही है। वन विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं वनाश्रित परिवार जंगल क्षेत्रों में प्रवेश करते हैं। ऐसे समय में हिंसक वन्यप्राणियों की गतिविधियों वाले क्षेत्रों में सतर्कता अत्यंत आवश्यक होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभागकी ओर से सुरक्षा संबंधी संदेशों को सरल एवं प्रभावी तरीके से जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह अभिनव पहल की गई है।

### खुलासा करने वाले प्रभारी अधीक्षण यंत्री को जरूर किया गया उपकृत

# पीडब्ल्यूडी में प्रभार का खेल, कार्यपालन यंत्री को बना दिया प्रभारी मुख्य अभियंता

***जिस कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने का पत्र अधीक्षण यंत्री ने जारी किया, उसमें कंपनी का कुछ नहीं बिगड़ा***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में इन दिनों प्रभार का जमकर खेल चल रहा है। जिन्हें वास्तव में मुख्य अभियंता के पद पर पदस्थ होना चाहिए, उनके बजाय कार्यपालन यंत्री (ईई) स्तर के इंजीनियर को प्रभारी मुख्य अभियंता बनाकर खेल किया जा गया है। जबकि मुख्य अभियंता स्तर के इंजीनियर तृतीय श्रेणी स्तर का काम कर रहे हैं। इसे लेकर इंजीनियरों में बड़े पैमाने पर नाराजगी उभर कर सामने आई है।

अभी कुछ समय पहले राज्य शासन ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में पदस्थ अधीक्षण यंत्री (सिविल) जो प्रभारी मुख्य अभियंता के पद पर प्रमुख अभियंता (भवन) के पद पर पदस्थ थे। उन्हें प्रभारी मुख्य अभियंता (भवन) जबलपुर के रिक्त पद पर पदस्थ किया गया है। दरअसल, पदोन्नति में आरक्षण मामले की वजह से अधीक्षण यंत्री को अभी तक प्रभारी मुख्य अभियंता के पद पर कार्यरत किया जाता रहा है। इस अनुसार अधीक्षण यंत्री जिले सिंह बघेल को प्रभारी मुख्य अभियंता जबलपुर में पदस्थ किया गया।


फाइल फोटो।

#### कार्यपालन यंत्री को प्रभारी मुख्य अभियंता बनाने का खेल

सबसे रोचक बात यह है कि लोक निर्माण विभाग मंडल नर्मदापुरम में पदस्थ कार्यपालन यात्री (सिविल) योगेंद्र कुमार को लोक निर्माण विभाग इंदौर परिक्षेत्र में प्रभारी मुख्य अभियंता के पद पर पदस्थ किया गया है। अभी तक योगेंद्र कुमार प्रभारी अधीक्षण यंत्री के पद पर नर्मदा पुरम में पदस्थ थे। इतना तक तो ठीक था, किंतु अब उन्हें प्रभारी मुख्य अभियंता इंदौर के पद पर पदस्थ किया गया है। इस खेल की वजह से लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों में जमकर नाराजगी सामने आई है। कई इंजीनियरों ने बताया कि अधीक्षण यंत्री को प्रभारी मुख्य अभियंता बनाया जा सकता है, किंतु कार्यपालन यंत्री (ईई) किस आधार पर प्रभारी मुख्य अभियंता बनाया गया, यह समझ से परे है।

#### कंपनी तो ब्लैकलिस्ट नहीं हुई, पर योगेंद्र कुमार को जरूर हट गए

सूत्रों ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले ही प्रभारी अधीक्षण यंत्री योगेंद्र कुमार ने नर्मदापुरम में करीब 16 करोड़ रुपए के कई रोड निर्माण कार्य में यूएस इंफ्रा को ब्लैक लिस्ट करने मुख्य अभियंता राजधानी परिक्षेत्र को पत्र लिखा था। उन्हें अपने पत्र में खुलासा किया था कि यूएस इंफ्रा ने पांच सड़कों के निर्माण में गंभीर अनियमितता की है। यहां तक कि कुछ सड़कों में तो महज 20 से 30 फीसदी कार्य भी नहीं हुआ, पर पेमेंट 90 फीसदी तक हो गया। उन्होंने बड़े पैमाने पर अनियमितता का खुलासा की करते हुए उक्त ठेकेदार को तत्काल प्रभाव से ब्लैक लिस्ट करने का पत्र जारी किया था। किंतु उसे पत्र को दबा दिया गया। इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। जबकि उक्त फर्म ने शासन को करोड़ों रुपए का चुना लगाया। प्रभारी अधीक्षण यंत्री योगेंद्र कुमार ने जांच रिपोर्ट भेजी थी।

#### कोई जवाब नहीं मिला

इस मामले में प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई, किंतु कोई जवाब नहीं मिला।

### 8 बसें परमिट नियम उल्लंघन करते मिली

## एक बस में इमरजेंसी गेट के आगे सीट दूसरी में अग्निशामक यंत्र छोटा मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार यात्री सुरक्षा को लेकर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा रविवार को आरटीओ टीम ने बस स्टैंड पर बसों की चैकिंग की। इस दौरान एक बस में इमरजेंसी गेट के आगे सीट लगी मिली। तो वहीं दूसरी में फायर फाइटिंग की डेट एक्सपायर हो गई थी।

#### 2 लाख, 69 हजार जुर्माना

क्षेत्रीय परिवहन फ्लाइंग स्क्वॉड भोपाल द्वारा यात्री बसों की चैकिंग की गई। एमपी 13 पी 7033 में फायर एक्टिंग्विशर की तारीख खत्म होने के कारण एवं आपातकालीन खिड़की आसानी से न खुलने के कारण फिटनेस निरस्त किया गया हैं। साथ ही 8 बसों से परमिट शर्तों के उल्लंघन के समन शुल्क के रूप में 113500 रुपए वसूल किए गए हैं। वहीं 3 बसों से समन शुल्क के रूप में 269100 रुपए जुर्माना वसूल किया गया है।

## ट्रैफिक नियमों की अनदेखी पर एक्शन 5 हजार लाइसेंस सस्पेंड किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में सड़क सुरक्षा नियमों की लगातार अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर अब सख्त कार्रवाई की तैयारी है। परिवहन विभाग जल्द ही 5 हजार से अधिक ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करेगा। इसके लिए विभिन्न जिलों की पुलिस ने परिवहन विभाग को प्रस्ताव भेजे हैं। यह कार्रवाई हाल ही में चलाए गए विशेष सड़क सुरक्षा अभियान के बाद की जा रही है। प्रदेशभर में 15 दिनों तक चले इस अभियान में हेलमेट नहीं पहनने, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की गई।

## उत्तम स्वास्थ्य के लिए स्वयं पहल करें और दूसरों को भी प्रेरित करें: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि तनाव-अनियमितता और असंतुलित भोजन, उच्च रक्तचाप और बीमारियों के प्रमुख कारण हैं। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने और पौष्टिक आहार, योग तथा अनुशासन से तनाव मुक्त बने रहने के लिए हमें जागरूक करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर उत्तम स्वास्थ्य के लिए स्वयं पहल करने और दूसरों को भी प्रेरित करने का प्रदेशवासियों से आव्हान किया है।




### इन नियुक्तियों में भी नहीं मिली सिंधिया को तवज्जो

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने लोकसभा क्षेत्र गुना-शिवपुरी तक ही सीमित होते जा रहे हैं। इतना ही नहीं, अभी निगम-मंडलों, प्राधिकरणों, आयोगों आदि में की गईं 60 से ज्यादा नियुक्तियों में सिंधिया के समर्थक सिर्फ 2 हैं। इमरती देवी सहित उनके लगभग एक दर्जन समर्थक परदे के पीछे से सरकार में हिस्सेदारी मिलने का इंतजार ही करते रह गए। इससे सिंधिया नाराज हैं। इसे लेकर वे भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से मिल चुके हैं। इस पेच के कारण ही लगभग दो दर्जन निगम-मंडलों में नियुक्तियों का काम रोक दिया गया है। इनके लिए फिर नए सिरे से मंथन होगा।

### किसी पर गाज, किसी को माफी...ये तो नाइंसाफी

भाजपा का प्रदेश नेतृत्व भेदभावपूर्ण कार्रवाई की अपनी परंपरा से उबर नहीं पा रहा। भिंड के किसान मोर्चे का जिलाध्यक्ष चूंकि सबसे छोटा था, उनके समर्थन में भीड़ जुटी तो उन्हें पद से हटाने में देर नहीं की गई। इसके विपरीत अन्य कई काफिले के साथ निकले, मंत्री प्रभार के जिले में वाहनों की लंबी कतार के साथ घूमे, एक मंत्री ने सवाल करने वाले पत्रकार को ही झिड़क दिया। इन बड़े नेताओं को माफी दे दी गई। इन्हें तलब करने अथवा नोटिस देने की खानापूर्ति की गई। नेता बड़ा हो या छोटा, पार्टी के अंदर कार्रवाई एक तरह की होना चाहिए।

### 'भोजशाला' पर कांग्रेस से भी नहीं उठी आवाज

जिस तरह अयोध्या से समूचे हिंदू समाज की आस्था जुड़ी थी, मप्र के हिंदुओं के लिए धार की भोजशाला का लगभग वैसा ही महत्व था। हाईकोर्ट से विवाद का निबटारा भी अयोध्या की तर्ज पर हुआ। दिग्विजय सिंह ने हालांकि कुछ बोला पर बोलने में उन्होंने भी सावधानी बरती। कांग्रेस ने निर्णय का विरोध नहीं किया और दिग्विजय ने सिर्फ इतना कहा कि वे फैसले का अध्ययन करेंगे और सुप्रीम कोर्ट में इसका फैसला होगा।

**गले की फांस बन गए मंत्री शाह**

मंत्री विजय शाह पार्टी नेतृत्व के लिए गले की फांस बन गए हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर शाह की अभद्र टिप्पणी पर पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने प्रदेश सरकार को 4 हफ्ते में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। इससे भाजपा में खलबली है। शाह पार्टी का आदिवासी चेहरा हैं। इस वर्ग में विपरीत मैसेज न जाए, इसलिए पार्टी लगातार कार्रवाई से बच रही है। सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख के बाद मामला पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के पाले में पहुंच गया है।

### केंद्रीय टीम में जगह पा सकते हैं भाजपा के ये दिग्गज

प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए अभी दो साल से ज्यादा का समय है, लेकिन भाजपा ने सांगठनिक तौर पर अभी से तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन अपनी टीम तैयार करने की कसरत कर रहे हैं। मप्र से भी केंद्रीय टीम के लिए दावेदार नेताओं की कमी नहीं है। इस बार भी टीम में मप्र का जलजला रह सकता है। संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति में भी प्रदेश से एक-एक बड़े नेता को शामिल किया जा सकता है। एक पद पर कैलाश विजयवर्गीय का नाम लिया जा रहा है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और महामंत्री के लिए वीडी शर्मा, कविता पाटीदार, नरोत्तम मिश्रा और राकेश सिंह के नामों की चर्चा है। नरोत्तम को जगह तभी मिलेगी जब उन्हें दतिया का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ाया जाएगा और राकेश को राज्य मंत्रिमंडल से हटाया जाएगा। राष्ट्रीय मंत्री के लिए अरविंद भदौरिया और रामेश्वर शर्मा के नामों की चर्चा है।

दिनेश निगम 'त्यागी'

### 25 मई से शुरू होगा चरणबद्ध आंदोलन

## एनएचएम संविदा कर्मचारी की चेतावनी: 2 जून से होगी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यरत करीब 32 हजार संविदा कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है।

कर्मचारियों ने चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा करते हुए कहा कि यदि समय रहते हम लोगों मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो दो जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। ठेंगड़ी भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र सिंह भदौरियों ने बताया कि संविदा कर्मचारी सालों से स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। पूर्व में सरकार की ओर से मांगों पर सहमति जताई गई थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

छत्तीसगढ़ में 2 दिन आंधी-बारिश का अलर्ट: 50किमी रफ्तार से हवा चलेगी

## तेज बारिश के साथ गिरे ओले, बीजापुर में बिजली गिरने से 20 मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक प्रदेश में आंधी, बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान उत्तर, मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में तेज हवा और गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है।

इस मौसम के बीच बीजापुर जिले में बिजली गिरने से 10 मवेशियों की मौत हो गई। वहीं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के पर्यटन स्थल राजमेरगढ़ क्षेत्र में भी बिजली गिरने से 10 मवेशियों ने दम तोड़ दिया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले चार दिनों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है, जिसके बाद तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। फिलहाल प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस बिलासपुर में दर्ज किया गया है और सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस रायपुर में रिकॉर्ड हुआ है।



### पुलिस ने कार्रवाई कर लग्जरी कारें-कैश जब्त किए

## बिलासपुर में फार्म-हाउस पर रेड, मुंह छिपाते दिखे जुआरी, 8 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में बिल्डर, रियल एस्टेट, कोयला कारोबारी और राइस मिलर एक फार्म हाउस में जुआ खेलते पकड़ाए हैं। पुलिस ने छापेमारी कर 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। उन पर गैरजमानतीय केस दर्ज किया है। घटना कोनी थाना क्षेत्र की है। दरअसल, एसएसपी रजनेश सिंह को पिछले कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि, गतौरी स्थित फार्म हाउस में जुआ खिलाया जा रहा है। फार्म हाउस संचालक मनीष शर्मा अपने वृंदावन ग्रीन फार्म हाउस में रसूखदार जुआरियों को जुआ खिलाता है।

#### 80 हजार रुपए नगद जब्त किए



पुलिस की टीम ने रविवार की रात घेराबंदी कर छापेमारी की। जिससे जुआरियों को भागने का मौका न मिले। पुलिस अफसर सीधे मौके पर पहुंचे, तब जुआरी ताश-पत्तियों पर दांव लगाते मिले। इस दौरान 8 जुआरियों से 3 लाख 80 हजार रुपए कैश, आई फोन समेत 11 मोबाइल और 5 कार जब्त किए गए। पकड़े गए जुआरियों ने बिल्डर, रियल एस्टेट, कोयला कारोबारी और राइस मिलर शामिल हैं, जिसमें ओमनगर निवासी रोशन सिंह (38), राजीव गांधी चौक के पास रहने वाला मुन्ना गोयल, मंगला के दीनदयाल कॉलोनी निवासी विकास सिंह।

पड़ोसियों ने बेटे को रस्सी से बांधकर पकड़ा, पुलिस को सौंपा

## मोबाइल नहीं देने पर मां-बाप पर हसिए से किया हमल, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



दुर्ग जिले के जामुल थाना क्षेत्र में बेटे ने मोबाइल नहीं मिलने की बात पर अपने ही मां-पिता पर हसिए से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में मां गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि पिता को भी चोटें आई हैं। घटना के बाद आसपास के लोगों ने आरोपी बेटे को पकड़कर रस्सी से बांधा और पुलिस को सूचना दी।

दरअसल, जामुल निवासी दिनेश साहू (50) और उनकी पत्नी खिलेश्वरी साहू (47) अपने बेटे राकेश साहू को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे। बताया जा रहा है कि राकेश का इलाज कुरुद स्थित चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। इसी सिलसिले में परिवार उसे अस्पताल लेकर जा रहा था। अस्पताल जाने से पहले राकेश ने अपने पिता से मोबाइल मांगा। पिता ने उसे बाद में मोबाइल देने की बात कही। इसी बात से राकेश नाराज हो गया और हसिए से पहले पिता पर हमला कर दिया, इसके बाद उसने मां पर कई वार कर दिए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, फिर सबने मिलकर आरोपी युवक को घेर कर पकड़ा और रस्सी से बांध दिया।

### पचपेड़ी थाना क्षेत्र की घटना, बाइक की टक्कर के बाद हुआ विवाद

## बाइक धीरे चलाने को कहा तो बदमाशों ने लाठी-ठंडे से की पिटाई, दो युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में दो युवकों की लाठी-डंडों से पिटाई का वीडियो सामने आया है। बदमाश पेट्रोल पंप के ऑफिस में घुसकर लाठी-लोहे के रॉड से युवकों पर हमला करते नजर आ रहे हैं। मारपीट में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना पचपेड़ी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, आरोपियों में शामिल एक युवक ने पहले पीड़ित की बाइक को टक्कर मार दी थी। इस पर उसे धीरे बाइक चलाने की समझाइश दी गई।



पुलिस से मिली अनुसार ग्राम पचपेड़ी निवासी प्रभाकर मार्शल चौकसे कॉलेज में बी-फार्मेसी का छात्र है। वह रविवार को अपने रिश्तेदार के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गांव गया था। दोपहर करीब 12:30 बजे प्रभाकर अपने साथी निमेश राय और दिलेश्वर मार्शल के साथ बाइक पर सवार होकर हाथ में लाउड स्पीकर लेकर समाज की महिलाओं को नहाने के कार्यक्रम की सूचना देने निकला था।

इस दौरान पेट्रोल पंप के पास सामने से तेज रफ्तार बाइक सवार बादल जांगड़े ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े। गिरने के बाद युवकों ने बादल जांगड़े से बाइक धीरे चलाने की बात कही। इस बात से नाराज होकर बादल गाली-गलौज करने लगा और बेल्ट से मारपीट शुरू कर दी। कुछ देर बाद विक्की जांगड़े और विकास मार्शल भी मौके पर पहुंच गए।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदो के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

| निविदा स. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 82255067A | इंट्रा वेसिकल हाइपरथर्मिस कीमोथेरेपी डिलीवरी सिस्टम (स्पेसिफिकेशन अटैच) | 01 नग | 11.06.2026 |

**निविदा शर्ते:** 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस स.: 82255067A दिनांक: 18.05.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1651/2026

## चिंतन

# ऊर्जा सुरक्षा देश की पहली प्राथमिकता

वैश्विक राजनीति, युद्ध और आर्थिक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की स्थिरता और विकास की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। ऐसे में भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह रूस से तेल खरीद बंद करने नहीं जा रहा है, चाहे अमेरिका की विशेष छूट समाप्त ही क्यों न हो जाए। यह केवल एक आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च रखने की नीति का स्पष्ट संकेत है। सरकारी प्रवक्ता ने तो यहां तक दावा किया है कि हम रूस से तेल खरीदते थे, खरीदते हैं और खरीदते रहेंगे। यह एक तरह से अमेरिका की धमकी का सीधा जवाब है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह ऊर्जा सुरक्षा को लेकर किसी के दबाव में नहीं आएगा। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी भी पांच देशों के दौरे पर हैं। उन्होंने भारत के रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व में यूएई का कच्चा तेल स्टोर करने और भारत को तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) व प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यूएई के साथ समझौता किया है, वहीं नॉर्वे के साथ भी ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप की शुरुआत की गई है, जिसके तहत जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा, समुद्री अर्थव्यवस्था (ब्लू इकॉनमी) और ग्रीन शिपिंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई ऊंचाइयां दी जाएंगी। इससे सरकार ने साफ कर दिया है ऊर्जा सुरक्षा देश की पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता देश है। देश की अर्थव्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, उद्योग और आम जनता की दैनिक जरूरतें ऊर्जा पर ही आधारित हैं। यदि तेल और गैस की आपूर्ति में बाधा आती है तो उसका सीधा असर महंगाई, उत्पादन और आम आदमी की जिंदगी पर पड़ता है। ऐसे में सरकार का प्राथमिक लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि देश में ऊर्जा की उपलब्धता लगातार बनी रहे और कीमतों में अनावश्यक उछाल न आए। रूस-यूक्रेन और अमेरिका-इजराइल व ईरान युद्ध के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी अस्थिरता देखी गई। पश्चिमी देशों ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए, लेकिन भारत ने इस मुद्दे पर संतुलित और व्यावहारिक नीति अपनाई। भारत ने स्पष्ट किया कि वह अपने नागरिकों और अर्थव्यवस्था के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेगा। रूस से रियायती दरों पर मिलने वाला कच्चा तेल भारत के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी साबित हुआ है। इससे देश को ऊर्जा लागत नियंत्रित रखने में मदद मिली और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमतों का असर कुछ हद तक कम हुआ। अमेरिका द्वारा दी गई विशेष छूट समाप्त होने के बाद भी भारत का रूस से तेल आयात जारी रखने का निर्णय यह दर्शाता है कि भारत अब वैश्विक दबावों से प्रभावित होकर नहीं, बल्कि अपनी रणनीतिक जरूरतों के आधार पर फैसले ले रहा है। देश में गैस और तेल की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए सरकार तमाम प्रयास कर रही है। देश में बढ़ती महंगाई आमजन को परेशान कर सकती है, लेकिन भारत की आबादी को देखते हुए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत कठिन है। हमारी डिमांड और खर्च ज्यादा है। ऐसे में सरकार के प्रयास सराहनीय हैं। लोगों को भी सरकार का सहयोग करना चाहिए और ऊर्जा संरक्षण में अपनी महती भूमिका निभानी चाहिए। दुनिया के तमाम छोटे बड़े देश तेल और गैस संकट से जूझ रहे हैं ऐसे में भारत सरकार के प्रयास काफी सराहनीय हैं।

# सेल्फी का दुरुपयोग भी संभव



**नया खतरा**
महेन्द्र तिवारी

> सेल्फी लेकर तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड करने का उद्देश्य अपनी खुशियों और अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करना होता है। इन चित्रों के माध्यम से लोग अपनी भावनाएं, जीवनशैली और व्यक्तिगत उपलब्धियां समाज तक पहुंचाते हैं। परंतु, तकनीक की तीव्र गति ने अब इन चित्रों को केवल सुंदर स्मृतियों तक सीमित नहीं रखा है। आज यही तस्वीरें हमारी व्यक्तिगत पहचान और वित्तीय सुरक्षा के लिए एक अत्यंत गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। विशेष रूप से एआई के निरंतर बढ़ते प्रभाव ने अंतरजाल आधारित अपराधों को एक सर्वथा नया और चिंताजनक मोड़ दे दिया है। सुरक्षा विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि हमारे दूरभाष या चित्र-यंत्र से ली गई एक सामान्य सी तस्वीर से भी किसी व्यक्ति की उंगलियों के निशान चोरी किए जा सकते हैं।

आधुनिक युग में विभिन्न सामाजिक मंचों पर अपने जीवन के विशेष क्षणों को साझा करना मानवीय व्यवहार का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। जब कोई व्यक्ति किसी मनोरम स्थान की यात्रा पर जाता है, मित्रों के साथ आनंदमय समय बिताता है, या प्रतिदिन अपनी नई तस्वीरें अपलोड करता है, तो उसका उद्देश्य अपनी खुशियों और अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करना होता है। इन चित्रों के माध्यम से लोग अपनी भावनाएं, जीवनशैली और व्यक्तिगत उपलब्धियां समाज तक पहुंचाते हैं। परंतु, तकनीक की तीव्र गति ने अब इन चित्रों को केवल सुंदर स्मृतियों तक सीमित नहीं रखा है। आज यही तस्वीरें हमारी व्यक्तिगत पहचान और वित्तीय सुरक्षा के लिए एक अत्यंत गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के निरंतर बढ़ते प्रभाव ने अंतरजाल आधारित अपराधों को एक सर्वथा नया और चिंताजनक मोड़ दे दिया है।

वर्तमान समय में सुरक्षा विशेषज्ञ यह चेतावनी दे रहे हैं कि हमारे दूरभाष या चित्र-यंत्र से ली गई एक सामान्य सी तस्वीर से भी किसी व्यक्ति की उंगलियों के निशान चोरी किए जा सकते हैं और भविष्य में उनका अवांछित दुरुपयोग पूरी तरह संभव है। वर्तमान समय में अत्याधुनिक साधन किसी भी धुंधली तस्वीर को अत्यधिक स्पष्ट और सघन बनाने में सक्षम हैं। तस्वीरों की बारीक रेखाओं को साफ करना, उनके विस्तार को बढ़ाना और उनमें छिपे अत्यंत सूक्ष्म स्वरूपों को पहचानना अब इन प्रणालियों के लिए बहुत सरल हो चुका है। यही कारण है कि मानवीय उंगलियों के पोरों पर पाई जाने वाली अद्वितीय और अत्यंत बारीक रेखाएं भी अब इलेक्ट्रॉनिक विश्लेषण के माध्यम से आसानी से निकाली जा सकती हैं। अंतरजाल सुरक्षा विशेषज्ञ ली चांग ने अपने हालिया प्रदर्शनों में यह प्रमाणित करके दिखाया है कि उच्च गुणवत्ता वाली साधारण तस्वीरों से भी पूरी तरह उपयोग में लाए जा सकने वाले उंगलियों के निशान प्राप्त किए जा सकते हैं। इस सुरक्षा संकट से जुड़े वैज्ञानिक अध्ययनों और आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो यह स्थिति और भी भयावह प्रतीत होती है। सुरक्षा विशेषज्ञों के विश्लेषण के अनुसार, यदि कोई तस्वीर लगभग 1.5 मीटर की दूरी से ली गई हो और उपकरण के चित्र-यंत्र की गुणवत्ता उत्तम स्तर की हो, तो उस चित्र से उंगलियों के निशान शत-प्रतिशत स्पष्टता के साथ प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यदि तस्वीर 1.5 से 3 मीटर की दूरी से भी ली गई हो, तब भी आधुनिक एआई प्रणालियों की सहायता से उंगलियों के लगभग 50 प्रतिशत तक के रेखा-स्वरूप को सफलतापूर्वक निकाला जा सकता है। यद्यपि सामान्य जन के लिए यह एक साधारण सा आंकड़ा लग सकता है, परंतु अंतरजाल अपराध और पहचान की चोरी करने वाले अपराधियों के लिए इतनी आंशिक जानकारी भी अत्यंत विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। जापान के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं ने कई वर्ष पूर्व ही इस विषय पर गहन शोध करके दुनिया को सचेत किया था कि इस प्रकार की मुद्राओं वाली तस्वीरों से उंगलियों के निशानों को बहुत सुगमता से पढ़ा जा सकता है। अब जब एआई की शक्ति कई गुना बढ़ चुकी है, तब इस तकनीकी खतरे की गंभीरता पहले की तुलना में कहीं



अधिक व्यापक हो चुकी है। उंगलियों के निशानों के लीक होने का यह संकट किसी भी सामान्य कूटशब्द की चोरी से अत्यधिक गंभीर माना जाता है। यदि किसी उपयोगकर्ता का कोई कूटशब्द या गोपनीय संख्या चोरी हो जाती है, तो वह तत्काल उसे बदलकर एक नया और सुदृढ़ कूटशब्द निर्मित कर सकता है। इसके विपरीत, मनुष्य की उंगलियों के निशान उसके संपूर्ण जीवनकाल में अपरिवर्तनीय रहते हैं। कोई भी व्यक्ति अपनी उंगलियों के प्राकृतिक निशानों को बदल नहीं सकता है। यही मुख्य कारण है कि इस प्रकार के जैव-पहचान संबंधी आंकड़ों का दुरुपयोग किसी भी व्यक्ति के लिए दीर्घकालिक समस्या उत्पन्न कर सकता है। एक बार यदि किसी अपराधी समूह या अवांछित प्रणाली के पास किसी नागरिक की उंगलियों के निशानों का सटीक रेखा-स्वरूप पहुंच जाता है, तो वह अपराधी भविष्य में कई वर्षों तक उस व्यक्ति के नाम पर विभिन्न प्रकार के वित्तीय अपराध करने का प्रयास कर सकता है। आज संपूर्ण विश्व में आधुनिक दूरभाष, संगणक, बैंकिंग सेवाएं, सरकारी प्रणालियां और उच्च सुरक्षा वाले संस्थान उंगलियों के निशानों पर आधारित पहचान प्रणाली पर पूरी तरह निर्भर हो चुके हैं। अधिकांश कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए इन जैव-पहचान उपकरणों का ही उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही हवाई अड्डों, सीमा सुरक्षा चौकियों और अन्य संवेदनशील राष्ट्रीय संस्थानों में भी पहचान की पुष्टि के लिए उंगलियों के निशानों का उपयोग निरंतर बढ़ रहा है। ऐसी संवेदनशील व्यवस्था में यदि किसी निर्दोष नागरिक की जैव-पहचान संबंधी गोपनीय जानकारी गलत हाथों में चली जाती है, तो उसके परिणामस्वरूप पहचान की चोरी, गंभीर बैंकिंग धोखाधड़ी, बैंक खातों से धन की अवैध निकासी और प्रतिबंधित क्षेत्रों में अनधिकृत प्रवेश जैसी अत्यंत विकट समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। एआई पर आधारित इस तकनीक के क्षेत्र में हो रहे नित नए शोधों से कुछ और चौंकाने वाले तथ्य भी सामने आए हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह देखा गया है कि मशीन पर आधारित आधुनिक कलन विधियां अब ऐसे कृत्रिम अथवा नकली उंगलियों के निशान भी तैयार कर सकती हैं जो विभिन्न सुरक्षा उपकरणों को भ्रमित करने में सक्षम हैं। वैज्ञानिकों ने प्रयोगशालाओं में ऐसे कृत्रिम और एआई जनित निशानों को विकसित करने में सफलता पाई है जिन्हें कुछ संवेदनशील सुरक्षा प्रणालियों ने वास्तविक मानकर स्वीकार कर लिया। यह उभरती हुई स्थिति स्पष्ट संकेत देती है कि आने वाले समय में अंतरजाल सुरक्षा की चुनौतियां मानवीय कल्पना से भी अधिक जटिल और बहुआयामी होने वाली हैं। हालांकि, इस विषय के दूसरे पहलू को स्पष्ट करते हुए विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि सामाजिक माध्यमों पर डाली गई प्रत्येक तस्वीर से तत्काल कोई बैंक खाता अवरुद्ध नहीं हो जाता और न ही हर सामान्य चित्र इतना बड़ा संकट उत्पन्न करता है। अंतरजाल अपराधी सदैव हमारी असावधानी और सुरक्षा तंत्र की कमजोरियों की ताक में रहते हैं, इसलिए इस आभासी संसार में निरंतर सतर्कता ही हमारी सबसे बड़ी रक्षा कवच है। अंततः, यह तकनीक का युग है जो मानव जीवन को सुगम बनाने के साथ-साथ नई चुनौतियां भी दे रहा है। आज एक साधारण सा स्व-चित्र केवल एक सुंदर दृश्य नहीं है, बल्कि वह हमारी अत्यंत निजी जानकारी का स्रोत भी बन सकता है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम तकनीक के लाभों का सहर्ष उपयोग करें, किंतु उसके छिपे हुए खतरों के प्रति भी समान रूप से सजग रहें। थोड़ी सी सतर्कता हमें भविष्य के किसी बड़े नुकसान से बचा सकती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सम्मान से सुशासन

बलकार सिंह पूनियां



# पंचायतों की लगातार बदलती विकास यात्रा

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की जड़ें गांवों में स्थित ग्राम पंचायतों में निहित हैं। संसद और विधानसभाएं राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर लोकतंत्र को दिशा देती हैं, परंतु लोकतंत्र की वास्तविक आत्मा गांवों में ही जीवित रहती है। भारतीय संविधान के 73वें संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देकर स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाया गया। इसका उद्देश्य केवल प्रशासनिक विकेंद्रीकरण नहीं था, बल्कि ग्रामीण समाज को विकास प्रक्रिया का सहभागी बनाना था। आज राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 और पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 यह सिद्ध करते हैं कि पंचायतें अब केवल योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाइयां नहीं, बल्कि सुशासन, सामाजिक न्याय और सतत विकास की अग्रणी संस्थाएं बन चुकी हैं। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा घोषित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के अंतर्गत देशभर की 42 पंचायतों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान केवल उपलब्धियों की औपचारिक स्वीकृति नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत में उभरती उत्तरदायी और पारदर्शी शासन संस्कृति का प्रमाण है। कर्नाटक को छह पुरस्कार तथा आंध्र प्रदेश और ओडिशा को पांच-पांच पुरस्कार प्राप्त होना इस तथ्य को दर्शाता है कि विभिन्न राज्यों की पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप नवाचारी विकास मॉडल प्रस्तुत कर रही हैं। यह इस बात का संकेत है कि यदि पंचायतों को सही संसाधन, नेतृत्व और जनसहभागिता मिले, तो वे विकास की नई इबारत लिख सकती हैं। इन पुरस्कारों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इन्हें सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण से जोड़ा गया है। गरीबी-मुक्त एवं उन्नत आजीविका पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल-हितैषी पंचायत, जल-पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, सामाजिक न्याय पंचायत, महिला-हितैषी पंचायत तथा आत्मनिर्भर आधारभूत संरचना जैसी श्रेणियां यह स्पष्ट करती हैं कि पंचायतों की भूमिका अब केवल सड़क, नाली और बिजली तक सीमित नहीं रही। अब पंचायतों से अपेक्षा की जा रही है कि वे समग्र ग्रामीण विकास का नेतृत्व करें और सामाजिक, आर्थिक तथा पर्यावरणीय प्रगति सुनिश्चित करें। विशेष रूप से महिला-हितैषी पंचायतों को सम्मानित किया जाना ग्रामीण समाज में बढ़ते महिला नेतृत्व का संकेत है। पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी ने निर्णय प्रक्रिया को अधिक संवेदनशील और जनोन्मुख बनाया है। आज अनेक महिला सरपंच शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण जैसे विषयों पर उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। इसी प्रकार सामाजिक न्याय पंचायतों को पहचान देना यह दर्शाता है कि विकास केवल आर्थिक उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन और समान अवसर सुनिश्चित करने की प्रक्रिया भी है।पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 भारतीय ग्रामीण शासन व्यवस्था में एक ऐतिहासिक पहल है। यह पंचायतों का केवल प्रशासनिक मूल्यांकन नहीं करता, बल्कि आंकड़ा-आधारित पारदर्शी और जवाबदेह शासन को बढ़ावा देता है। वित्तीय वर्ष 2023–24 की रिपोर्ट के अनुसार 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 2,59,867 ग्राम पंचायतों एवं पारंपरिक स्थानीय निकायों ने सत्यापित आंकड़े प्रस्तुत किए। लगभग 97.3 प्रतिशत भागीदारी यह सिद्ध करती है कि पंचायतों में डिजिटल शासन और जवाबदेही के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। यह ग्रामीण भारत में डेटा-आधारित योजना निर्माण की नई संस्कृति को भी दर्शाता है। रिपोर्ट का महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि पंचायतों का मूल्यांकन अब केवल प्रक्रियाओं के आधार पर नहीं, बल्कि विकासात्मक परिणामों के आधार पर किया जा रहा है। अग्रणी श्रेणी में 3,635 ग्राम पंचायतों का शामिल होना और लगभग 1,18,824 पंचायतों का प्रदर्शनकारी श्रेणी में आना यह बताता है कि पंचायतें विकास की नई परिभाषा गढ़ रही हैं। गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य सुधार, जल संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण जैसे मानकों पर उनका प्रदर्शन मापा जा रहा है। गरीबी-मुक्त एवं उन्नत आजीविका पंचायत श्रेणी में हजारों पंचायतों की सफलता विशेष उल्लेखनीय है। यह दर्शाता है कि स्थानीय स्तर पर रोजगार, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी प्रयास हुए हैं। स्वयं सहायता समूहों, कृषि आधारित उद्यमों और मनरेगा जैसी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है। इसी प्रकार स्वस्थ पंचायत श्रेणी में पंचायतों की उपलब्धियां यह दर्शाती हैं कि अब पंचायतें स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण और स्वच्छता जैसे विषयों पर भी प्रभावी हस्तक्षेप कर रही हैं। पंचायतों की सफलता केवल ग्रामीण भारत की सफलता नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और सतत विकास की पहचान भी है।

(लेखक इग्नू में सहायक आचार्य ग्रामीण विकास विभाग हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित
**दर्शन**

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया।

## ज्ञान पाना चाहते हैं तो अहंकार छोड़ दें



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्रा करते रहते थे और बीच-बीच में जहां ठहरते थे, वहां अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। बुद्ध के साथ उनका एक शिष्य हमेशा रहता था। उसका नाम था आनंद। एक दिन बुद्ध प्रवचन दे रहे थे और उस समय आनंद ने पूछा कि तथागत, आप जब प्रवचन देते समय ऊंची जगह पर बैठते हैं और सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों है? बुद्ध ने आनंद की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आनंद पहले तुम ये बताओ कि क्या तुमने कभी किसी झरने से पानी पिया है? आनंद बोला कि हां, मैंने झरने से पानी पिया है। इसके बाद बुद्ध ने फिर पूछा कि तुमने पानी कैसे पिया? आनंद ने बुद्ध को बताया कि झरना ऊपर से बह रहा था और मैंने झरने के नीचे खड़े होकर पानी पिया था। बुद्ध ने आनंद से कहा कि बस यही तुम्हारी बात का जवाब है। अगर हम झरने से पानी पीना चाहते हैं तो हमें उस झरने के नीचे ही खड़े रहना पड़ेगा। ठीक इसी तरह प्रवचन भी एक झरने की तरह है। जहां ज्ञान का झरना बहाने वाला ऊंची जगह पर बैठते हैं और जो लोग ज्ञान के झरने का पान करना चाहते हैं, वे नीचे बैठते हैं। दरअसल, ज्ञान पाने का सबसे पहला नियम ये है कि हमें अहंकार छोड़ना पड़ेगा। नीचे बैठने से हमारे स्वभाव में जो विनम्रता आती है, अहंकार दूर होता है। इसके बाद ही हम किसी की ज्ञान की बातें ठीक से समझ पाते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तिलहन उत्पादन बढ़ाने की जरूरत

प्रधानमंत्री ने भारतवासियों को खाने वाले तेल की मात्रा खाने में कम करने की अपील की है, क्योंकि इसका ज्यादा प्रयोग हमारे देश के धन को दूसरे देशों में भेजने में मदद करता है, हमारे देश में लगभग 60 प्रतिशत के करीब खाद्य तेल विदेशों से आता है, इनमें मुख्यतः ब्राजील, इंडोनेशिया आदि देश हैं। इसलिए सरकार ने अब देश में तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं को अमल में लाने पर काम शुरू कर दिया है। लेकिन सवाल तो यह है कि आज तक इसके बारे मे क्यों गंभीरता नहीं दिखाई गई? यह तभी कामयाब होगा जब कृषि विभाग, किसान इसे कामयाब करने के लिए गंभीरता दिखाएंगे, तो देश में किसी भी खाने वाले तेल के दाम आसमान न छू पाएं और इनका ज्यादा से ज्यादा निर्यात करें, जिससे भारत की आर्थिक स्थिति पर भी सकारात्मक असर पड़े और किसानों की आय भी बढ़े। -संतोष पटेल, धमतरी

## ट्रेंड

### जन्मदिन की बधाई



एच.डी. देवेगौड़ा को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट योगदान दिया है। वह नीतिगत मुद्दों की गहरी समझ और वंचितों की सेवा के प्रति अपने समर्पण के लिए जाने जाते हैं। हम उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### तय जगह पर पढ़ें नमाज



नमाज पढ़नी है तो तय जगह पर पढ़िए। संख्या ज्यादा है तो शिफ्ट में पढ़ लीजिए। हम नमाज नहीं रोकेंगे, लेकिन सड़क पर अराजकता नहीं होने देंगे। सड़कें नमाज पढ़ने या किसी तरह की भीड़ जुटाने के लिए नहीं हैं।
**-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

### सहकर्मियों का पुनर्मिलन



जब नेतागण केरल पहुंचे तो ऐसा लगा जैसे "दोस्तों और सहकर्मियों का पुनर्मिलन" हो रहा हो। माहौल में आशा, ऊर्जा और उत्साह स्पष्ट रूप से व्याप्त है। यही ऊर्जा तब और भी प्रबल होगी जब हम सब मिलकर अपने सबसे बड़े साझा लक्ष्य की ओर काम करेंगे।
**-ए. रेवंत रेड्डी,** सीएम, तेलंगाना

### गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं



मैं स्पष्ट संदेश दे रहा हूं कि इस तरह की अशांति, गुंडागर्दी और राष्ट्रविरोधी, समाजविरोधी गतिविधियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम ऐसी चीजों को जारी नहीं रहने देंगे।
**-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम, पश्चिम बंगाल

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# ईरानी नोबेल पुरस्कार विजेता नरगिस की अस्पताल से छुट्टी



ईरान की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को दो सप्ताह से अधिक समय तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद सोमवार को तेहरान के एक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उनके समर्थकों ने यह जानकारी दी। मोहम्मदी (54) को घर पर ही रहने और आगे की देखभाल और दैनिक फिजियोथेरेपी कराने की सलाह दी गयी है। मोहम्मदी के बेहोश हो जाने के बाद एक मई को उन्हें आपातकालीन स्थिति में जेल से उत्तर पश्चिमी ईरान के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लगभग 10 दिन बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया और तेहरान के अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां विशेषज्ञों ने उनकी जांच की। उन्हें 2023 में जेल में रहते हुए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। मोहम्मदी को अपने करियर में कई बार जेल जाना पड़ा है। उनकी नवीनतम कैद दिसंबर में शुरू हुई जब उन्हें उत्तरपूर्वी ईरानी शहर मशहद में गिरफ्तार किया गया था। उनके परिवार ने कहा है कि जेल में उसकी सेहत बिगड़ रही थी, जिसका एक कारण यह था कि गिरफ्तारी के दौरान उसकी जमकर पिटाई की गई थी। उन्हें मार्च में दिल का दौरा पड़ा था और जेल जाने से पहले से ही उनके फेफड़े में खून का थक्का जमा हुआ था, जिसके प्रबंधन के लिए रक्त पतला करने वाली दवाओं और निगरानी की आवश्यकता होती है।

## ऑफ बीट

# मनुष्यों के लिए खतरनाक हो सकती है भीषण गर्मी



गर्मी हर साल हजारों लोगों को चुपचाप निगल रही है और यह दिन–ब–दिन बदतर होती जा रही है। उत्तरी गोलार्द्ध में अत्यधिक गर्मी को लेकर मीडिया की रिपोर्टिंग स्पष्ट है : रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने मानव अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। एक अनुमान है कि 'ब्रिटेन तीन दशकों में अत्यधिक गर्म हो सकता है' जो निश्चित तौर पर 97 प्रतिशत मानवता के लिए चिंता का विषय है जो ब्रिटेन के मुकाबले अधिक गर्मी वाले स्थानों पर रहते हैं। अच्छी खबर यह है : ब्रिटेन के लोगों को 2050 तक स्वीडन नहीं जाना पड़ेगा। बुरी खबर है : पहले ही जानलेवा गर्मी है जो बदतर होती जा रही है और जल्द ही एक बहुत बड़ी समस्या बन सकती है। गर्मी चुपचाप लोगों की जान ले रही है और यह अन्य किसी प्राकृतिक आपदा के मुकाबले अधिक संख्या में मौतों के लिए जिम्मेदार है। हाल के दशकों में यूरोप में भीषण गर्मी ने हजारों लोगों की जान ली है। विकासशील देशों में मृतकों की संख्या की उचित तरीके से गिनती नहीं की गयी है और संभवत: मृतकों की संख्या कहीं अधिक है। लेकिन कुछ इससे भी बुरा होने वाला है और हमें इसके लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। अब पृथ्वी पर औसत सतह तापमान सर्वोच्च स्तर पर है। हाल में पड़ी भीषण गर्मी वैश्विक ताप वृद्धि के निशान छोड़ती है जो बाढ़ या सूखे जैसे जलवायु परिवर्तन के किसी भी असर से कहीं ज्यादा है।

## केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्रालयों में सप्ताह में एक दिन कार-पूलिंग का फैसला, सरकारी दौरों पर सख्त संयम

# दो जोनल कृषि कॉन्फ्रेंस अब वर्चुअल मोड में, 20 प्रतिशत रोटेशनल 'वर्क फ्रॉम होम' होगा लागू: शिवराज

**खाद्य तेल की खपत घटाने को चलेगा अभियान, खेत बचाओ अभियान और प्राकृतिक खेती पर विशेष फोकस रहेगा**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समीक्षा बैठक में एक तरफ जहां बचत, ईंधन-संरक्षण, बिजली नियंत्रण, वर्चुअल कार्यप्रणाली और सरकारी खर्च घटाने के उपाय तय किए गए, वहीं दूसरी ओर अधिकारियों ने एक वर्ष तक विशेष पारिवारिक परिस्थितियों को छोड़कर सोना नहीं खरीदने का भी सामूहिक संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मितव्ययिता, संसाधन-संरक्षण और आत्मनिर्भरता की अपील को प्रशासनिक अमल का रूप देते हुए ये फैसले लिए गए।

अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के आह्वान पर सामूहिक रूप से यह फैसला किया कि अगले एक वर्ष तक, केवल बेटी की शादी या किसी विशेष अपरिहार्य पारिवारिक अवसर जैसी परिस्थितियों को छोड़कर, वे सोना नहीं खरीदेंगे।

प्रशासनिक स्तर पर बैठक में तय किया गया कि गुवाहाटी और विशाखापट्टनम में आगामी दिनों में होने वाली दो जोनल कॉन्फ्रेंस अब फिजिकल मोड में नहीं होंगी बल्कि वर्चुअल मोड में आयोजित की जाएंगी। इससे यात्रा, आवास, स्थल, लॉजिस्टिक्स और अन्य संबंधित खर्चों में कमी आएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि लगभग 20 प्रतिशत कर्मचारियों के लिए रोटेशन के आधार पर वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था लागू की जाएगी। हालांकि इसके साथ यह भी कहा गया है कि फाइल निस्तारण, बैठकों, समन्वय, राज्य-संबंधी कार्य और नियमित कार्यालयीन कामकाज पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए। घर से काम करने वाले कर्मचारी फोन, ईमेल, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और ई-ऑफिस के माध्यम से उपलब्ध रहेंगे।

शिवराज सिंह ने बताया कि ईंधन बचत और सार्वजनिक संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए सप्ताह में एक दिन कार-पूलिंग व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह व्यवस्था निदेशक स्तर तक बढ़ाई जाएगी। मंत्रालय में लगभग एक-तिहाई वाहनों के उपयोग को कम करने का लक्ष्य भी रखा गया है, जिससे ईंधन, वाहन रखरखाव, चालक व्यवस्था और अन्य संबंधित खर्चों में कमी लाई जा सके। मंत्रालय ने फैसला किया है कि खाद्य तेल के संतुलित और स्वस्थ उपयोग के लिए विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि खपत कम हो, स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़े और देश की खाद्य तेल आयात निर्भरता घटाने के लक्ष्य को बल मिले। तिलहन के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए मिशन को और प्रभावी बनाया जाएगा।

### नए उर्वरकों के पंजीकरण की प्रक्रिया को बनाया जाएगा सरल: शिवराज

**'रिफॉर्म एक्सप्रेस' के तहत कृषि मंत्रालय किसानों के जीवन को सुगम बनाने के लिए करेगा अहम बदलाव**


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में व्यापक स्तर पर रिफॉर्म एक्सप्रेस की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव अतीश चंद्रा ने मंत्रालय द्वारा किए जा रहे विभिन्न सुधारों एवं आगामी रिफॉर्म्स के संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्री को विस्तार से जानकारी दी। चंद्रा ने बताया कि घरेलू उपयोग के कीटनाशकों की बिक्री एवं भंडारण हेतु लाइसेंसिंग प्रक्रिया को अत्यंत सरल बनाया गया है। पहले नए उर्वरक, उसकी विशिष्टताओं एवं विश्लेषण पद्धति को शामिल करने के लिए दो स्तरीय व्यवस्था लागू थी, उसे समाप्त कर दिया गया है।

---

## खबर संक्षेप

### सासाराम-पटना फास्ट पैसेंजर ट्रेन में लगी आग

**सासाराम (रोहतास)।** बिहार के सासाराम रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह प्लेटफार्म संख्या छह पर खड़ी खड़ी सासाराम-पटना फास्ट पैसेंजर ट्रेन की एक बोगी के शौचालय से उठा धुआं कुछ ही मिनटों में पूरी बोगी को आग की लपटों में बदल गया। हालांकि इस दौरान रैक प्वाइंट पर काम करने वाले मजदूर संकटमोचक बनकर सामने आए।



### बैंक धोखाधड़ी मामले में आप नेगा सिंगला अरेस्ट

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता दीपक सिंगला को ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स से जुड़े 150 करोड़ के कथित ऋण घोटाले और धन शोधन मामले में गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी दिल्ली और गोवा में सिंगला व कई हवाला संचालकों के ठिकानों पर हुई छापेमारी के बाद की गई है।



### पालघर में सड़क दुर्घटना में 11 लोगों की मौत

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में सगाई समारोह में जा रहे मेहमानों से भरा एक टेम्पो मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक से टकरा गया जिसके कारण 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हादसा दहानू तालुका के धानीवारी गांव के पास शाम करीब चार बजे हुआ।



### खगड़िया में सड़क हादसे में 7 की मौत

**खगड़िया।** बिहार के खगड़िया जिले के मानसी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर सोमवार को एक तेज रफ्तार ट्रक एवं ऑटो-रिक्शा की आमने-सामने की टक्कर में एक महिला एवं एक बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।



---

## छत्तीसगढ़ के बस्तर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का ऐलान

# आदिवासियों को नौकरी में 15% आरक्षण सुरक्षा कैंप 'जनसेवा' केंद्र में बदले जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

**केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि आजादी देशभर में बहुत पहले ही आ गई थी, लेकिन हमारे बस्तर में 31 मार्च 2026 के बाद ही आजादी का सूर्य उदय हुआ है। इस दौरान बस्तर का जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई हम बहुत जल्द करेंगे। यहां के लोगों के विकास के लिए भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर जिले के नेतानार ग्राम में सीआरपीएफ शिविर पहुंचे। उन्होंने शहीद वीर गुंडाधूर सेवा डेरा नामक जन सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सलमुक्त भारत बनाने के लिए छत्तीसगढ़ में जहां-जहां सुरक्षा शिविर बनाए थे, जन सुविधा केंद्र बनाए जा रहे हैं। यह शहीद वीर गुंडा धुर की जन्मभूमि और कर्मभूमि है। आज, उनसे प्रेरणा लेते हुए नेतानार कैंप (जो 2013 से एक सुरक्षा चौकी के रूप में काम कर रहा था) अब आदिवासी समुदाय के कल्याण के लिए समर्पित एक सेवा केंद्र में बदला जा रहा है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि महज छह महीनों के भीतर, यह केंद्र जो अभी केवल एक सरकारी पहल जैसा दिखता है, स्थानीय आदिवासियों की मौजूदगी और उनकी हंसी-खुशी से गुलजार, जीवन से भरपूर नजर आएगा। जिस जमीन पर मैं आज खड़ा हूं, वह अपने आप में भारत के हर नागरिक के लिए एक पवित्र तीर्थस्थल है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि आजादी देशभर में बहुत पहले ही आ गई थी, लेकिन हमारे बस्तर में 31 मार्च 2026 के बाद ही आजादी का सूर्य उदय हुआ है। इस दौरान बस्तर का जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई हम बहुत जल्द करेंगे। यहां के लोगों के विकास के लिए भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। इस अवसर पर सीएम विष्णु देव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और मुख्य सचिव विकासशील भी उपस्थित रहे।

### डेढ़ साल में सभी शिविर आदिवासी कल्याण के केंद्र बन जाएंगे

**हर गांव में डेयरी और आदिवासी बहन को दो पशु दिए जाएंगे**




गृह मंत्री शाह ने सीएम साय के साथ जन सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया

#### हर केंद्र में बैंकिंग सुविधा मिलेगी

शाह ने कहा कि इन शिविरों को बेहतर ढंग से डिजाइन करने के लिए हम नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन को यह प्रोजेक्ट देने वाले हैं। हर शिविर का डिजाइन संपूर्ण होगा, जिसके अंदर बैंकिंग की सुविधा भी होगी। आपका आधार कार्ड भी बनेगा, राशन कार्ड भी बनेगा और सरकार की योजनाओं के पैसे भी आपको यहीं से मिल जाएंगे।

#### राजधानी आने की जरूरत नहीं

शाह ने घोषणा की कि एक साल के भीतर सरकार सीधे गांवों तक पहुंचेगी। अब किसी को भी रायपुर तक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। जन सुविधा केंद्र के माध्यम से राज्य सरकार और केंद्र सरकार की 371 योजनाओं का लाभ एक ही भवन से आपको मिलेगा। बस्तर में अभी तक लगभग 196 शिविर हैं। इनमें से 70 शिविरों को हम इसी प्रकार के सेवा केंद्रों में डेढ़ साल के भीतर परिवर्तित करके आदिवासी कल्याण के केंद्र बनाने वाले हैं।

### सरकारी नौकरी और रोजगार के अवसर देंगे

शाह ने कहा कि सरकार ने आदिवासी भाई-बहनों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की है। कहीं पर भी नौकरी का विज्ञापन निकलता है, तो 15 फीसदी आरक्षण आपके लिए सुनिश्चित है। एक बार आप अपने बच्चों को पढ़ा दें, तो उन्हें सरकारी नौकरी भी मिलेगी और उद्योगों में भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। राष्ट्रीय स्तर की सहकारिता के माध्यम से वन उपज का भी अच्छे तरीके से पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग करने का हमने संकल्प लिया है।

#### धान केंद्र का अवलोकन किया



अमित शाह ने धान डेकी प्रशिक्षण केंद्र में ग्रामीण महिलाओं से चर्चा की, जिससे चावल बिक्री और पशुओं को पौष्टिक आहार मिलेगा। उन्होंने इमली प्रसंस्करण केंद्र में स्व सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने जाना कि महिलाएं इमली बिक्री से अपनी आय कैसे बढ़ा रही हैं।

#### स्वतंत्रता सेनानी गुंडा धुर को नमन



छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के नेतानार गांव के दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी गुंडा धुर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम विष्णु देव साय भी उपस्थित थे।

---

## बिखरे हीरे को कुछ यूं संजो रही है मोदी सरकार

# वीरप्पन के खात्मे से लेकर नक्सल पर प्रहारः सीआरपीएफ के महानिदेश रहे विजय कुमार होंगे पद्मश्री से सुशोभित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



देश की आंतरिक सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी अभियानों और पुलिस आधुनिकीकरण में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व डी जी सी आ र पी ए फ विजय कुमार को भारत सरकार ने पद्मश्री सम्मान के लिए चुना है। विजय कुमार दशकों तक देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। 15 सितंबर 1952 को जन्मे विजय कुमार 1975 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे हैं। सेंट जोसेफ कॉलेज और मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज से शिक्षा प्राप्त करने वाले विजय कुमार ने आईएएस में चयन होने के बावजूद आईपीएस सेवा को चुना। अपने लंबे करियर के दौरान उन्होंने तमिलनाडु में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक अभियान चलाए और संगठित अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर अलग पहचान बनाई।

वर्ष 1985 से 1990 तक वह तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सुरक्षा के लिए गठित स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप का हिस्सा रहे। इसी दौरान उन्होंने अमेरिका, यूरोप और तत्कालीन सोवियत संघ में विशेष सुरक्षा और हथियार प्रशिक्षण प्राप्त किया। बाद में उन्होंने तमिलनाडु में मुख्यमंत्री जयललिता की सुरक्षा के लिए स्पेशल सिक्योरिटी ग्रुप का गठन किया, जिसका मॉडल बाद में कई राज्यों ने अपनाया।

### 2004 में एसटीएफ का नेतृत्व किया था

विजय कुमार को राष्ट्रीय स्तर पर सबसे बड़ी पहचान वर्ष 2004 में मिली, जब उन्होंने स्पेशल टास्क फोर्स का नेतृत्व करते हुए दो दशक से फरार कुख्यात चंदन तस्कर वीरप्पन का खात्मा किया। खुफिया आधारित रणनीति, विशेष प्रशिक्षण और छोटे दलों की सटीक कार्रवाई को इस ऑपरेशन की सफलता का मुख्य कारण माना गया। कश्मीर में बीएसएफ के आईजी के रूप में उन्होंने कारगिल युद्ध और फिदायीन हमलों के दौर में लगभग 50 हजार जवानों का नेतृत्व किया। वहीं सीआरपीएफ महानिदेशक के रूप में दंतेवाड़ा नक्सली हमले के बाद बल का मनोबल बढ़ाने, प्रशिक्षण को आधुनिक बनाने और नक्सल विरोधी अभियानों को नई रणनीति देने में अहम भूमिका निभाई। विजय कुमार ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के बाद नेशनल पुलिस अकादमी में "टैक्टिक्स विंग" की स्थापना की और पुलिस प्रशिक्षण में आधुनिक बदलाव लागू किए। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के दौरान भी उन्होंने वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित विजय कुमार "वीरप्पन चेजिंग द ब्रिगेंड"पुस्तक के लेखक भी हैं। मोदी सरकार द्वारा उन्हें पद्मश्री सम्मान दिए जाने को देश की सुरक्षा, पुलिस सुधार और आतंकवाद विरोधी अभियानों में उनके लंबे और साहसिक योगदान की बड़ी मान्यता माना जा रहा है।

---

## हरियाणा मंत्रिमंडल ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम के तहत वन-टाइम, वन-वे स्विच सुविधा को मंजूरी दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को चंडीगढ़ में आयोजित हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य सरकार के कर्मचारियों के संबंध में यूनिफाइड पेंशन स्कीम के तहत वन-टाइम, वन-वे स्विच सुविधा को मंजूरी प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने 24 जनवरी, 2025 की अधिसूचना के माध्यम से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत एक विकल्प के रूप में यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू की थी, जो 1 अप्रैल, 2025 से प्रभावी हुई। इसी प्रकार, भारत सरकार के अनुरूप हरियाणा सरकार ने भी 2 जुलाई, 2025 की अधिसूचना के माध्यम से राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू की थी, जो 1 अगस्त, 2025 से प्रभावी हुई। इसके उपरांत, भारत सरकार ने 25 अगस्त, 2025 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से यूनिफाइड पेंशन स्कीम से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में वन-टाइम, वन-वे स्विच सुविधा प्रदान की। इसके मद्देनजर उक्त निर्णय को राज्य सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों के संबंध में 2 जुलाई, 2025 को अधिसूचित सूचना का भी संदर्भ लिया जाएगा कि एक साथ एक ही प्रकार से यूनिफाइड पेंशन स्कीम को हरियाणा नई पेंशन स्कीम की उपलब्धता सभी राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए होगी जिन्होंने यूनिफाइड पेंशन स्कीम का विकल्प चुना है। यह स्विच सुविधा यूनिफाइड पेंशन स्कीम का विकल्प चुनने वाले कर्मचारी किसी भी समय प्रयोग कर सकेंगे, किन्तु अधिवार्षिकी (सेवानिवृत्ति) की तिथि से एक वर्ष पूर्व तक ही इसका लाभ लिया जा सकेगा। यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर स्विच सुविधा का उपयोग नहीं किया जाता है, तो संबंधित कर्मचारी डिफॉल्ट रूप से यूनिफाइड पेंशन स्कीम के अंतर्गत ही बना रहेगा। इसके अतिरिक्त, जिन मामलों में कर्मचारी को दंडस्वरूप सेवा से हटाया गया हो, बर्खास्त किया गया हो या अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी गई हो अथवा जिन मामलों में भारी जुर्माना हो, विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित या प्रस्तावित हो, उनमें यह स्विच सुविधा अनुमन्य नहीं होगी।

## न्यायाधीश जांच समिति ने लोक सभा अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट सौंपी



हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से जुड़े आरोपों की जांच कर रही न्यायाधीश जांच समिति ने सोमवार को संसद भवन में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपनी रिपोर्ट सौंपी। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत वैधानिक आवश्यकताओं के अनुपालन में प्रस्तुत की गई इस रिपोर्ट को यथासमय संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखा जाएगा। इस समिति का गठन 12 अगस्त 2025 को लोक सभा अध्यक्ष द्वारा किया गया था।

---

## दिल्ली शराब घोटाला मामले में जज स्वर्ण कांता के हटने के बाद

# दिल्ली हाई कोर्ट ने मामलों की सुनवाई के लिए गठित की दो बेंच, एक में आज हियरिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े शराब घोटाले के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई की उस याचिका पर सुनवाई के लिए नई बेंच का गठन किया है, जिसमें दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और अन्य आरोपियों को आरोपमुक्त करने के फैसले को चुनौती दी गई है। अदालत ने निर्णय तब लिया जब जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने खुद को इस मामले की सुनवाई से अलग कर लिया। मामले की सुनवाई अब जस्टिस मनोज जैन करेंगे।

### अवमानना के लिए एक अलग बेंच गठित



अरविंद केजरीवाल दिल्ली हाई कोर्ट

इस प्रकरण से जुड़े एक अन्य मामले, जिसमें अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज समेत अन्य नेताओं के खिलाफ आपराधिक अवमानना का मामला चल रहा है, उसकी सुनवाई के लिए भी हाईकोर्ट ने अलग बेंच गठित की है।

**ट्रायल कोर्ट ने नेताओं को किया था बरी**

इस अवमानना मामले की सुनवाई जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस रविंदर डुडेजा की खंडपीठ करेगी। बताया जा रहा है कि इन दोनों महत्वपूर्ण मामलों पर दिल्ली हाई कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई होगी, जिस पर हर किसी की नजरें टिकी हुई हैं।

---

## उप्र सीएम योगी आदित्यनाथ की चेतावनी प्यार से मानें वरना...

# नमाज रोकेंगे नहीं पर सड़क पर भी नहीं होने देंगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूएपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि नमाज सड़क पर नहीं होने देंगे, सड़कें चलने के लिए हैं और आवागमन के लिए हैं। उन्होंने कहा कि लोग मुझसे पूछते हैं कि आपके यहां यूपी में क्या सड़कों पर सच में नमाज नहीं होती। मैं कहता हूं कतई नहीं होती है, आप जाकर देखलो नहीं होती है। उन्होंने आगे कहा कि अरे सड़कें चलने के लिए हैं, क्या कोई भी व्यक्ति चौराहे पर आकर तमाशा बना देगा? क्या अधिकार है उसको सड़क रोकने का, आवागमन बाधित करने का कौन सा अधिकार है।

**योगी बोले- जरूरी है तो शिफ्ट में पढ़िए**

**सड़क आम लोगों के चलने के लिए बनी**



सीएम योगी आदित्यनाथ फाइल फोटो

#### कानून समान रूप से लागू करेंगे

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर आपको सिस्टम के साथ रहना है तो नियम और कानून को मानना शुरू करें। कानून का राज होगा, कानून का राज सबके लिए समान रूप से लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर नमाज पढ़नी आवश्यक है, आप शिफ्ट में पढ़िए, हम उसको रोकेंगे नहीं लेकिन सड़क पर नहीं होने देंगे।

**... तो दूसरा तरीका अपनाएंगे**

सीएम योगी ने कहा कि हम सड़क को बाधित नहीं करने देंगे। सरकार का नियम सार्वभौम है, सबके लिए समान रूप से लागू होता है। हमने सबको कहा कि अब ये नहीं चलने देंगे। यार से मानेंगे ठीक बात है, नहीं मानेंगे तो दूसरा तरीका अपनाएंगे।

### असम में अजान पर विवाद

#### भाजपा विधायक बोले- लाउडस्पीकर का इस्तेमाल न हो

**गुवाहाटी।** असम में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक दिगंता कलिता ने अजान के दौरान लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को सीमित करने की मांग उठाई है। इससे विधानसभा और विधायक हॉस्टल क्षेत्र में व्यवधान उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा वे अजान के विरोधी नहीं हैं। उनका विरोध सिर्फ लाउडस्पीकर के अत्यधिक शोर से है। वे पिछले पांच वर्षों से विधायक हॉस्टल में रह रहे हैं। वहां पास की एक मस्जिद से सुबह से शाम तक पांच बार लाउडस्पीकर पर अजान होती है।



## पश्चिम एशिया संकट के कारण आयात लागत बढ़ने का असर

# पश्चिम एशिया संकट से उर्वरक सब्सिडी 70,000 करोड़ रुपये बढ़ने की आशंका

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के कारण आयात लागत बढ़ने से वित्त वर्ष 2026-27 में देश का उर्वरक सब्सिडी खर्च करीब 70,000 करोड़ रुपये बढ़कर 2.41 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने अंतर-मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन के बाद संवाददाताओं से कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण सब्सिडी व्यय बढ़ेगा लेकिन यह तय नहीं है कि वृद्धि कितने प्रतिशत होगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उर्वरक सब्सिडी में बढ़ोतरी 70,000 करोड़ रुपये तक हो सकती है, तो उन्होंने इसकी संभावना से इनकार नहीं किया।

### उपलब्धता संतोषजनक स्तर पर बनी

अगर ऐसा होता है तो वित्त वर्ष 2026-27 में कुल उर्वरक सब्सिडी 2.41 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगी। इस साल के बजट में उर्वरक सब्सिडी के लिए 1.71 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। लागत संबंधी दबावों के बावजूद शर्मा ने कहा कि मौजूदा खरीफ सत्र के लिए उर्वरकों की उपलब्धता 'संतोषजनक' स्तर पर बनी हुई है।

### 13.5 लाख टन डीएपी की आपूर्ति सुनिश्चित

उर्वरक की खरीद के लिए गठजोड़ (कंसोर्टियम) बनाने की व्यवस्था के तहत देश ने लगभग 13.5 लाख टन डीएपी, सात लाख टन एनपीके कॉम्प्लेक्स तथा अमोनियम सल्फेट, फॉस्फेट और अन्य कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित की है।



### अन्य कच्चे माल की उपलब्धता की समीक्षा

*उर्वरक विभाग अन्य कच्चे माल की उपलब्धता की भी समीक्षा कर रहा है और सब्सिडी भुगतान एकीकृत उर्वरक प्रबंधन प्रणाली के जरिये साप्ताहिक आधार पर जारी किए जा रहे हैं। शर्मा ने कहा, "कुल मिलाकर उर्वरक के मामले में स्थिति संतोषजनक है।"*

### उर्वरकों का मौजूदा भंडार 200.9 लाख टन

कुल 390 लाख टन उर्वरक की जरूरत के मुकाबले 51 प्रतिशत से अधिक स्टॉक उपलब्ध है, जबकि बाकी जरूरत आयात के जरिये पूरी की जा रही है। उन्होंने बताया कि देश में उर्वरकों का मौजूदा भंडार 200.9 लाख टन है। घरेलू उत्पादन लगभग 80,000 टन प्रतिदिन की दर से चल रहा है। हालांकि, पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से अब तक उत्पादन 86.2 लाख टन रहा है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 93 लाख टन से थोड़ा कम है।

### अब तक 22 लाख टन से अधिक उर्वरक देश में आ चुका

*अधिकारी ने कहा, /"उर्वरक उत्पादन में कुछ कमी है, जिसे आने वाले महीनों में पूरा कर लिए जाने की हमें उम्मीद है। यूरिया संयंत्रों के लिए गैस की आपूर्ति पर्याप्त है। उर्वरक की आयात निर्भरता घटाने के मकसद से भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य की जगह वैकल्पिक मार्गों से आपूर्ति बढ़ाई है। अब तक 22 लाख टन से अधिक उर्वरक देश में आ चुके हैं।*

# अमेजन नाउ 1,000 आयशर इलेक्ट्रिक ट्रक करेगी तैनात

एजेंसी ▸▸| मुंबई

अमेजन इंडिया देश भर में अपनी त्वरित वाणिज्य सेवा 'अमेजन नाउ' के परिचालन को मजबूत करने के लिए साल 2028 तक लगभग 1,000 वोल्वो आयशर इलेक्ट्रिक ट्रक को तैनात करने की योजना बना रही है। इनमें से 50 ट्रक पहले ही परिचालन में शामिल किए जा चुके हैं। कंपनी ने कहा कि दैनिक परिचालन में ये ट्रक 100 से 180 किलोमीटर तक की दूरी तय करेंगे और विभिन्न केंद्रों के बीच कई चक्कर लगाएंगे। इन ट्रक को पूरी तरह चार्ज होने में करीब 50 मिनट का समय लगेगा। इन वाहनों की तैनाती दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई सहित प्रमुख शहरों में की जाएगी। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब अमेजन ने हाल ही में 'अमेजन नाउ' सेवा का विस्तार देश के 100 शहरों तक करने की योजना पेश की है। पिछले कैलेंडर वर्ष में अमेजन ने दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, मुंबई और कोलकाता जैसे शहरों में विभिन्न वाहन विनिर्माताओं के साथ मिलकर 100 से अधिक इलेक्ट्रिक ट्रक को तैनात किया था।



■ कंपनी 2028 तक परिचालन को मजबूत करेगी

### कार्बन उत्सर्जन कम करने उठाया कदम

*यह कदम परिवहन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन कम करने और परिचालन दक्षता बढ़ाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।*

## हम समझदारी से रिटायरमेंट की तैयारी कर रहे

**नई दिल्ली।** आज भारत में 30 साल का एक प्रोफेशनल व्यक्ति आसानी से 80 साल या उससे अधिक उम्र तक जी सकता है, यानि रिटायरमेंट के बाद उसकी ज़िंदगी लगभग 25-30 साल की होगी।रुकिए और इस बारे में सोचिए।यह कोई छोटा-सा समय नहीं है। यह जीवन की दूसरी पारी है, जिसमें नियमित आय, बढ़ते हेल्थकेयर खर्च और लंबी अवधि की वित्तीय स्वतंत्रता की जरूरत होती है। फिर भी, कई भारतीय रिटायरमेंट की योजना ऐसे बनाते हैं, जैसेयह सिर्फ 10-15 साल तक ही चलेगा।उम्मीद और वास्तविकता के बीच का अंतर लगातार बढ़ रहा है। नया रिटायरमेंट परिदृश्य भारत तेजी से बदल रहा है। लोगों की औसत उम्र बढ़ रही है, हेल्थकेयर खर्च महँगाई से भी तेज बढ़ रहा है औरपारंपरिक पारिवारिक सहयोग प्रणाली भी बदल रही है।युवा प्रोफेशनल्स के लिए यह एक स्पष्ट चुनौती है: आप ज्यादा लंबा जीवन जीएँगे, लेकिन उस लंबे जीवन का खर्च भी आपको ही उठाना होगा, वह भी ज्यादातर अपने दम पर।इस बदलाव के बावजूद, ज्यादातर फाइनेंशियल प्लानिंग सिर्फ रिटायरमेंट के लिए पैसा जोड़ने पर केंद्रित रहती है।

## एआई 18 महीने में ऑफिस वाली सारी जॉब खत्म कर देगा, मेटा हेड की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मेटा में एक बार फिर बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी की खबरें सामने आ रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी 20 मई को करीब 8,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल सकती है। यह संख्या कंपनी के कुल ग्लोबल वर्कफोर्स का लगभग 10 प्रतिशत बताई जा रही है। दिलचस्प बात यह है कि कंपनी का मुनाफा लगातार बढ़ रहा है। साल 2026 की पहली तिमाही में मेटा ने लगभग 26.8 बिलियन डॉलर का नेट इनकम दर्ज किया। इसके बावजूद कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी के अंदर का माहौल "इतिहास में सबसे खराब" हो चुका है। रिपोर्ट के अनुसार कंपनी अब इंसानी कर्मचारियों की जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई पर ज्यादा फोकस कर रही है।

### 145 बिलियन डॉलर खर्च करेगी

मेटा की सीएफओ सुसान ली ने बताया कि कंपनी "लीन ऑपरेटिंग मॉडल" अपनाना चाहती है, ताकि एआई इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले भारी खर्च को संभाला जा सके। मेटा ने अपनी हालिया अर्निंग कॉल में बताया कि कंपनी इस साल एआई पर 125 बिलियन डॉलर से लेकर 145 बिलियन डॉलर तक खर्च कर सकती है। यह खर्च पिछले साल के मुकाबले लगभग दोगुना है। कंपनी के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने हाल ही में कर्मचारियों के साथ हुई मीटिंग में साफ कहा कि छंटनी की बड़ी वजह एआई पर बढ़ता खर्च है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि साल के दूसरे हिस्से में भी और छंटनी हो सकती है। इससे कर्मचारियों में चिंता और बढ़ गई है।

# सोना 1.62 लाख रुपये पर स्थिर और चांदी 1,000 रुपये मजबूत

■ चांदी बढ़कर हुई 2,75,000 रुपए किलो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 1.62 लाख रुपये प्रति 10 पर स्थिर रहीं, जबकि चांदी का भाव बढ़कर 2.76 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। यह बढ़ोतरी और रुपये में कमजोरी के कारण हुई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत में 1,000 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह शुक्रवार के बंद भाव 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2,76,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सराफा संघ के अनुसार, सराफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित रही विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बावजूद घरेलू सर्राफा कीमतें अपेक्षाकृत स्थिर रहीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा कि घरेलू बाजार में सोने की कीमतें सोमवार को स्थिर रहीं। पिछले सत्र में अंतरराष्ट्रीय सराफा बाजार में कमजोरी के चलते भारी बिकवाली हुई थी, जिसके बाद यह स्थिति बनी।



चांदी के आयात पर ताजा अंकुश

### जायडस वेलनेस का मुनाफा घटकर 162 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली।** जायडस वेलनेस लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 5.75 प्रतिशत घटकर 162 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध मुनाफा 171.9 करोड़ रुपये था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मार्केट न्यूज

## रवीना टंडन फिर जुड़ी 'सच्ची सहेली' के साथ, नई वेलनेस रेंज की बड़ी तैयारी

**मुंबई।** दिविसा हर्बल्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपने लोकप्रिय आयुर्वेदिक ब्रांड 'सच्ची सहेली' को अब एक बड़े और नए फॉर्म में आगे बढ़ाने की तैयारी कर ली है। इसी क्रम में मुंबई में बॉलीवुड अभिनेत्री एवं प्रोड्यूसर रवीना टंडन के साथ ब्रांड का नया विज्ञापन शूट सम्पन्न हुआ। कंपनी अब 'सच्ची सहेली वेलनेस रेंज' के तहत महिलाओं की हेल्थ, कम्फर्ट और डेली केयर से जुड़े कई नए प्रोडक्ट्स बाजार में उतारने जा रही है।



सच्ची सहेली पिछले कई वर्षों से महिलाओं के बीच एक भरोसेमंद आयुर्वेदिक नाम के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। महिलाओं की समस्याओं जैसे कठिन दर्द, अनियमितता, कमजोरी, थकान, खून की कमी एवं शरीर में होने वाली असहजता के लिए सच्ची सहेली टॉनिक और टैबलेट्स को देशभर में अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। अब कंपनी इसी भरोसे को और मजबूत करते हुए अपनी नई वेलनेस रेंज में सच्ची सहेली अशोकारिष्ट, दशमूलारिष्ट, आयरन एवं फोलिक एसिड टैबलेट्स, पेन फ्री शाट्स, रोल ऑन और क्रैम्प रिलीफ पैच सहित कई नए प्रोडक्ट्स लॉन्च करने जा रही है। कंपनी का मानना है कि आज की फास्ट लाइफ में महिलाएं घर, परिवार और काम की कई जिम्मेदारियां एक साथ निभाती हैं, ऐसे में उनकी हेल्थ और कम्फर्ट का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए सच्ची सहेली को केवल एक प्रोडक्ट नहीं बल्कि महिलाओं की कम्प्लीट वेलनेस से जुड़े भरोसेमंद आयुर्वेदिक ब्रांड के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। रवीना टंडन को ब्रांड के साथ दोबारा जोड़ने के पीछे उनकी स्ट्रांग, ट्रस्टेड और पॉजिटिव इमेज को अहम माना जा रहा है। महिलाओं के बीच उनकी लोकप्रियता और उनकी साफ सुथरी पहचान ब्रांड की सोच के साथ पूरी तरह मेल खाती है। शूट के दौरान नरवीना टंडन ने कहा कि उनका हमेशा से आयुर्वेद पर विश्वास रहा है और सच्ची सहेली महिलाओं की जरूरतों को समझने वाला एक भरोसेमंद नाम बन चुका है।

### भारत, रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखेगा : अधिकारी

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को कहा कि वह अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट से इतर भी रूस से तेल खरीदता रहा है और आगे भी व्यावसायिक व्यवहार्यता तथा ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों के आधार पर खरीद जारी रखेगा। पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने सम्मेलन में कहा, "रूस पर अमेरिकी छूट के संबंध में मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि हम पहले भी रूस से तेल खरीदते रहे हैं... छूट से पहले भी, छूट के दौरान भी और अब भी खरीदते रहेंगे।" शर्मा ने कहा कि भारत के कच्चे तेल खरीदने के फैसले मुख्य रूप से व्यावसायिक दृष्टिकोण और पर्याप्त आपूर्ति उपलब्धता पर आधारित होते हैं। हमारे लिए खरीदारी का आधार मूल रूप से व्यावसायिक समझ है। संयुक्त सचिव ने कहा कि कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है और दीर्घकालिक समझौतों के तहत पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। रूसी समुद्री मार्ग से कच्चे तेल की बिक्री और वितरण की अनुमति देने वाली अमेरिकी प्रतिबंधों में अस्थायी छूट 16 मई को समाप्त हो गई। यह दूसरी बार है जब अमेरिका ने राहत उपाय की अवधि बढ़ाने पर स्पष्टता दिए बिना उसे समाप्त होने दिया।

## आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार गिरावट से उबरा

एजेंसी ▸▸| मुंबई



देश के प्रमुख शेयर सूचकांक सोमवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव वाले कारोबार के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। भारी गिरावट के बाद सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और चुनिंदा प्रमुख कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से बाजार की स्थिति सुधरी। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और रुपये की कमजोरी ने बाजार की तेजी पर अंकुश लगाया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 77.05 अंक बढ़त के साथ 75,315.04 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,134.78 अंक टूटकर 74,180.26 अंक तक आ गया था। निफ्टी 6.45 अंक की हल्की बढ़त के साथ 23,649.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी ओर टाटा स्टील, पावरग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट रही।

### गतिरोध बने रहने से बाजार की धारणा प्रभावित

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका और ईरान के बीच गतिरोध बने रहने से बाजार की धारणा प्रभावित हो रही है। हालांकि, आईटी और बैंकिंग शेयरों में निचले स्तर पर खरीदारी आने से बाजार ने सत्र के दौरान हुए नुकसान की भरपाई कर ली।''

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

ई–टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई–प्रोक्यूर्मेंट प्रणाली)

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 32-W-BR-PSC-SLAB-DLI-3 DATE - 15.05.2026 | | |
| कार्य का नाम व स्थान | अधि. अभि. पुल लाइन/तिलक ब्रिज के क्षेत्राधिकार में दिल्ली अम्बाला सेक्शन पर ब्रिज संख्या 67A अप और डाउन (4x12.2m), 79 अप और डाउन (2x12.2m) और ब्रिज संख्या 55 अप और डाउन (3x9.15M) दिल्ली भटिंडा सेक्शन पर स्टील गर्डरों के प्रतिस्थापन के लिए 12.2 मीटर तक पीएससी स्लैब की ढलाई। | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹3,90,09,371.58/- | धरोहर राशि | ₹7,80,200.00/- |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | (06) छः महीने | | |
| निविदा जमा करने व खुलने का समय | 10.06.2026 को दोपहर 3 बजे तक तथा निविदा उसी दिन दोपहर 3 बजे के बाद खोली जाएगी। | | |

नोट : उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है।

1642/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुंदरी पत्नी रामजी साह पता डब्लूजेड–219, मंगला पुरी दिल्ली और गांव खेलगांव जिला भागलपुर बिहार ने एफआईआर सं. 245/13 धारा 381 एनआई एक्ट के तहत** थानाः नार्थ रोहिणी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुंदरी** मिल नहीं रही है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुंदरी** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। अतः इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 245/13 धारा 381 एनआई एक्ट के तहत** थानाः नार्थ रोहिणी, दिल्ली **के उक्त सुंदरी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**आकांक्षा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**(उत्तरी) कोर्ट नं.107,**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

DP/6492/RD/2026

## रुपए अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 96.283 पर पहुंचा

# डॉलर की दहाड़ से सिमट रहा रुपया, पहली बार 100 के करीब

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। 18 मई को भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले टूटकर 96.283 डॉलर के अपने ऐतिहासिक रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। कारोबार के दौरान कुछ समय के लिए रुपया फिसलकर 96.18 प्रति अमेरिकी डॉलर पर आ गया था, जो इसके पिछले बंद भाव से लगभग 0.2 प्रतिशत कम है। यह गिरावट इसके पिछले रिकॉर्ड निचले स्तर 96.1350 को भी पार कर गई।



### रुपए गिरने और कच्चे तेल का क्या है कनेक्शन?

भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल दूसरे देशों से आयात करता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमत 111 डॉलर प्रति बैरल के पार जाने से भारत का आयात खर्च बढ़ जाता है। ऐसे में भारतीय तेल आयातकों को भुगतान करने के लिए डॉलर की भारी जरूरत पड़ती है।

### आम आदमी पर क्या होगा असर?

रुपया कमजोर होगा, तो विदेश में पढ़ाई से लेकर मेडिकल ट्रीटमेंट महंगा हो जाएगा। अब आपको पहले के मुकाबले टिकट वगैरह या ट्यूशन फीस भरने के लिए अधिक डॉलर खर्च करने होंगे। दूसरा रुपया कमजोर होगा, तो भारत में आयात होने वाले मोबाइल, लैपटॉप, लैपटॉप के पार्ट्स, ऑटोमोबाइल कॉम्पोनेंट्स महंगे हो जाएंगे। डॉलर महंगा तो, देश के भीतर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट में इजाफा होगा। इससे रोजमर्रा की चीजें महंगी हो जाएगी।

### विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में शुद्ध खरीदार रहे और उन्होंने शुक्रवार को 1,329.17 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार आठ मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.98 अरब डॉलर हो गया। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 7.79 अरब डॉलर घटकर 690.69 अरब डॉलर रह गया था।

**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/एनडीएलएस के अंतर्गत एसएसई/पीवे/एनडीएलएस खंड में एचएनजेडएम–डीएलआई खंड और एनडीएलएस यार्ड में लूप लाइनों की गहन स्क्रीनिंग और एडीईएन/डीएलआई खंड में एसएसई/पीवे/डीएलआई खंड में डीएलआई यार्ड में 4 गैर–मानक लेआउट के मानक लेआउट को 1 के 10 से 1 के 12 टर्नआउट में परिवर्तित करना। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs 1,49,87,719.46 /- (रुपये एक करोड़ उनचास लाख सत्तासी हजार सात सौ उन्नीस और छियालीस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs 2,99,800.00/- (रुपये दो लाख निन्यानवे हजार आठ सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 08.06.2026 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 29314103 |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। **सं.: 128–W/280/इ–निविदा सूचना/20/2026–27/W-3 दिनांक : 18.05.2026** 1653/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** – संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** – खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन–पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद–विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** – लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** – संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन–पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** – किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


## शब्द पहेली - 6230




**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना–5
5.चतुर, जहीन–5
9.दया, तरस–3
10.कामदेव–3
11.लीन, तल्लीन–2
13.बोली, आवाज–2
14.राजदुर्वा–2
15.एक प्रकार का बिस्किट–2,3
18.मत, सलाह–2
19.जो लायक न हो–4
20.अधीनस्थ–4
21.कहानी, गाथा–2
22.श्रवणेंद्रिय–2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा–4
26.दान देने वाला–4
29.वरदान, दूल्हा–2
30.पत्नी का नाना–2,3
33.सूर्य, दिनकर–2
34.भीगा हुआ–2
35.सुर आलाप–2
36.फूलों का रस,अर्क–3
38.तरंग, हिलोर–3
41.जरुरतमंद–5
42.सेंधमार–5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण–5
2.टैक्स,हाथ–2
3.महीना, मास–2
4.नामवर, प्रसिद्ध–4
5.संधि, सामंजस्य–4
6.सरुर, नशा–2
7.झंकार–2
8.रमण योग्य–5
12.तगारी, नांद–3
13.सुअर–3
15.अभिमान मर्दित होना –2,3
16.समाप्त–2
17.नेकनीयत–5
23.हनुमान–3,2
24.मुलायम–3
25.उम्मीद, आशा–2
27.बहादुरी–3
28.शिव, रविलोचन–2,3
31.नामचीन–4
32.सुसंचालन–4
36.चेहरे का तेज, दर्प–2
37.रिश्तेदार–2
39.अधिकार–2
40.ईश्वर, भगवान–2

### शब्द पहेली- 6229 का हल





## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 13 | 9 | 4 | 18 |
| गुजरात | 13 | 8 | 5 | 16 |
| हैदराबाद | 13 | 8 | 5 | 16 |
| पंजाब | 13 | 6 | 6 | 13 |
| राजस्थान | 12 | 6 | 6 | 12 |
| चेन्नई | 13 | 6 | 7 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 11 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| लखनऊ | 12 | 4 | 8 | 8 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
555 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### जर्मन मास्टर्स में 49वें स्थान पर अवनी

**हैम्बर्ग।** अवनी प्रशांत ने अमुंडी जर्मन मास्टर्स के चौथे दौर में बोगी रहित दो-अंडर 71 का स्कोर बनाकर अपने अभियान का समापन संयुक्त 49वें स्थान के साथ किया। अवनी ने नौवें और 14वें होल पर बर्डी लगाकर दो-अंडर का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर 7 ओवर पार (78-69-81-71) रहा। लियोनी हार्म ने अंतिम दौर में चार-अंडर 69 का कार्ड खेलते हुए कुल 10-अंडर पार (65-75-73-69) के स्कोर के साथ अपना पहला खिताब जीता। इससे पहले प्रणवी उर्स और वाणी कपूर कट से बाहर हो गई थीं।

### डब्ल्यूपीएल की टीम खरीदना चाहता है पंजाब किंग्स

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भले ही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का तत्काल विस्तार नहीं करना चाहता हो, लेकिन आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन का कहना है कि फ्रेंचाइजी चार सत्र पुराने इस टूर्नामेंट में किसी समय एक टीम का मालिक बनना पसंद करेगी। वर्तमान में डब्ल्यूपीएल में आईपीएल फ्रेंचाइजी के स्वामित्व वाली तीन टीम मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स हैं।

### स्टार्क साथी खिलाड़ियों के लिए 'रोल मॉडल' : बदानी



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हेमांग बदानी ने मिचेल स्टार्क की जमकर तारीफ करते हुए ऑस्ट्रेलिया के इस तेज गेंदबाज को अपने साथी खिलाड़ियों के लिए 'रोल मॉडल' करार दिया। बदानी ने कहा, 'वह इस खेल के सबसे अच्छे रोल मॉडल में से एक है। उनकी कार्यशैली, खेल से पहले की तैयारी, उनकी अपनी योजनाएं और उनका अभ्यास सब कुछ बेमिसाल है। मुझे बहुत से युवा खिलाड़ियों में यह बात नजर नहीं आती और यही कारण है कि वह इतने लंबे समय से खेल में बने हुए हैं।' दिल्ली कैपिटल्स के कोच में युवा खिलाड़ियों पर स्टार्क के प्रभाव के बारे में भी बात की।

## आईपीएल: सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराया

# ईशान-कमिंस ने सनराइजर्स को चेन्नई पर जीत दिलाकर प्लेआफ में पहुंचाया

भाषा ▶▶ चेन्नई

- ईशान का अर्धशतक
- कमिंस को 3 विकेट

ईशान किशन के 70 रन और पैट कमिंस के तीन विकेट की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने सोमवार को चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराकर आईपीएल 2026 में प्लेआफ में जगह पक्की कर ली। जीत के लिये 181 रन का लक्ष्य चेपॉक की धीमी विकेट पर आसान नहीं था। ईशान ने हालांकि 47 गेंद की अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाकर इसे आसान बना दिया। हेनरिच क्लासेन ने 26 गेंद में 47 रन बनाये और दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 75 रन की साझेदारी करके हैदराबाद को 19 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन तक पहुंचाया। सनराइजर्स के अब 16 अंक है और उसे एक मैच और खेलना है । इस नतीजे के बाद गुजरात टाइटंस (16 अंक) भी प्लेआफ में पहुंच गई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (18 अंक) पहले ही प्लेआफ में पहुंच चुकी है और अब बस एक स्थान के लिये मुकाबला है। चेन्नई के 13 मैचों में 12 अंक है और वह दौड़ से पूरी तरह बाहर नहीं हुई है। मैच में सनराइजर्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरूआत नहीं की और ट्रेविस हेड जल्दी आउट हो गए। अभिषेक शर्मा भी 21 गेंद में 26 रन ही बना सके। पावरप्ले में स्कोर एक विकेट पर 45 रन था। क्लासेन को नूर अहमद की गेंद पर 18 के स्कोर पर स्पेंसर जॉनसन ने जीवनदान दिया। इसके बाद क्लासेन और ईशान ने मैच का नक्शा ही बदल दिया। दोनों ने चेन्नई के स्पिनरों अकील हुसैन और नूर को सहजता से खेला। ईशान ने 37 गेंद में 50 रन पूरे किये। वहीं नूर की गेंद पर संजू सैमसन की कुशल स्टम्पिंग का शिकार होकर क्लासेन आउट हो गए। ईशान को अंशुल कम्बोज ने आउट किया लेकिन उस समय सनराइजर्स को जीत के लिये छह रन की ही जरूरत थी।



### आरआर और एलएसजी में मुकाबला आज

- शाम 7.30 बजे से होगा मैच

*जयपुर। राजस्थान रॉयल्स को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को बरकरार रखना है तो उसे लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मंगलवार को होने वाले आईपीएल के मैच में खेल के हर विभाग में सुधार करना होगा। रॉयल्स ने अपने घरेलू मैदान सवाई मान सिंह स्टेडियम में अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है और यहां होने वाला अंतिम मैच घरेलू टीम के लिए करो या मरो जैसा बन गया है। रॉयल्स इसके बाद लीग चरण के अपने अंतिम मैच में मुंबई इंडियंस का सामना करेगा। रॉयल्स की टीम अच्छी शुरुआत के लिए 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी पर काफी हद तक निर्भर रही है, लेकिन इस युवा खिलाड़ी को दूसरे छोर से यशस्वी जायसवाल से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला है।*

# धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में 14, 17 और 20 जून को वनडे

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली एकमात्र टेस्ट और तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के लिए मंगलवार को जब राष्ट्रीय चयनकर्ता भारतीय टीम का चयन करेंगे, तब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कार्यभार प्रबंधन (खिलाड़ियों को चोट से बचाने के लिए शारीरिक और मानसिक दबाव को नियंत्रित करने की प्रक्रिया) और रोहित शर्मा की मैच फिटनेस पर विशेष चर्चा होगी। आईपीएल का फाइनल 31 मई को अहमदाबाद में खेला जाना है, जबकि एक सप्ताह से भी कम समय के अंतराल पर 6 जून से मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) में अफगानिस्तान दौरे का एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा। वनडे मैच धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में क्रमशः 14, 17 और 20 जून को खेले जाएंगे।

### रोहित की फिटनेस चिंता का विषय

इस बात की संभावना कम है कि बुमराह को दोनों प्रारुपों के लिए चुना जाएगा, क्योंकि वनडे में उन्हें तुरंत खिलाने की कोई जल्दबाजी नहीं है। 50 ओवर का विश्व कप अभी काफी दूर है (अक्टूबर-नवंबर 2027)। वहीं, रोहित शर्मा की फिटनेस भी चिंता का विषय बनी हुई है। आईपीएल के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट के कारण वह मुंबई इंडियंस के कई मुकाबलों से बाहर रहे थे। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में भी उन्होंने केवल 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में बल्लेबाजी की थी। ऐसे में चयनकर्ता उन्हें तभी टीम में शामिल करेंगे, जब वह पूरी तरह फिट होंगे।

### विराट के खेलने की पूरी संभावना

दूसरी ओर, विराट कोहली ने आईपीएल में शानदार फॉर्म दिखाकर अपनी उपयोगिता फिर साबित की है। रोहित की तरह अब केवल एक प्रारुप खेलने वाले कोहली के अफगानिस्तान के खिलाफ तीनों वनडे मैचों में खेलने की पूरी संभावना है। सबसे अधिक महत्व एकमात्र टेस्ट मुकाबले को दिया जा रहा है, क्योंकि हाल के समय में भारतीय टीम पारंपरिक प्रारुप में, खासकर घरेलू परिस्थितियों में, संघर्ष करती नजर आई है। बल्लेबाजों की स्पिन-अनुकूल पिचों पर कमजोरियां लगातार सामने आई हैं। पिछले वर्ष नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में यह समस्या खुलकर उजागर हुई थी।



### आजमाया जा सकता हैं प्रिंस यादव को

देवदत्त पडिक्कल को घरेलू सत्र की शुरुआत से लगातार मौके दिए जाएंगे। जम्मू-कश्मीर को ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने वाले आकिब नबी भी चयनकर्ताओं की चर्चा का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे सत्र में 60 विकेट हासिल किए थे। आईपीएल में अपनी तेज रफ्तार और सटीक गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले प्रिंस यादव को वनडे श्रृंखला में आजमाया जा सकता है। बुमराह अगर टीम का हिस्सा नहीं होते हैं, तो मोहम्मद सिराज आक्रमण की अगुवाई करते नजर आ सकते हैं। प्रसिद्ध कृष्णा के भी टीम में शामिल होने की संभावना है।

सीनियर महिला टीम में पहली बार फॉरवर्ड ललथांतलुआंगी को मौका

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हॉकी टीम का ऐलान, सलीमा करेंगी कप्तानी

### पर्थ में 26 से 30 मई तक होगा टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए सोमवार को चुनी गई भारतीय महिला टीम में पहली बार फॉरवर्ड ललथांतलुआंगी को मौका मिला है। पर्थ में 26 से 30 मई तक होने वाला यह दौरा एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप 2025-26 की तैयारियों का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 15 से 21 जून के बीच ऑकलैंड में आयोजित होगा। भारतीय टीम इस दौरे में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतर रही है। इसी वर्ष अर्जेंटीना दौरे पर टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए चार मैचों की श्रृंखला में दो मुकाबले अपने नाम किए थे। सलीमा टेटे के नेतृत्व में टीम को अनुभव और युवा जोश का संतुलित मिश्रण मिलेगा।



### युवा चेहरे अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार

2022 राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता सलीमा के साथ सविता, सुशीला चानू पुखरामबाम, लालरेमसियामी और नवनीत कौर जैसी अनुभवी खिलाड़ी मौजूद रहेंगी। वहीं सोनम, हीना बानो और ललथांतलुआंगी जैसे युवा चेहरे भी अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार हैं। सविता और बिचू देवी खारीबाम गोलकीपिंग विभाग में टीम की मजबूत दीवार होंगी। रक्षा पंक्ति में निक्की प्रधान, ईशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबाम, ललथांतलुआंगी और ज्योति के साथ शिल्पी डबास को भी पहली बार सीनियर टीम में मौका मिला है।

9 अंडर का स्कोर बनाकर लगाए 3 शॉट

विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर पहुंचे

# आरोन राय ने रचा इतिहास, जीता पीजीए चैंपियनशिप का खिताब

एजेंसी ▶▶ न्यूटाउन स्क्वायर

भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने अंतिम दौर में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तीन शॉट से पीजीए चैंपियनशिप जीतकर नया इतिहास रच दिया। वह पिछली एक सदी से भी अधिक समय में इंग्लैंड में जन्मे पहले ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने यह प्रतियोगिता जीती है।

राय पहले फॉर्मूला वन ड्राइवर बनना चाहते थे लेकिन बाद में उन्होंने गोल्फ को अपनाया। राय इस टूर्नामेंट में भाग लेने से पहले विश्व रैंकिंग में 44वें स्थान पर थे लेकिन अब वह 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। राय ने पार-5 वाले नौवें होल पर 40 फुट का ईगल पुट लगाया। इसके बाद भी उन्होंने अपना अच्छा खेल जारी रखा और पांच अंडर 65 के स्कोर के साथ समापन किया। उन्होंने कुल 9 अंडर का स्कोर बनाकर तीन शॉट से खिताब जीता।



# कीर्ति व कुमकुम एशियाई खेलों के लिए भारतीय तीरंदाजी टीम में

- दीपिका, अतनु व वर्मा चूके

भाषा ▶▶ सोनीपत

चार बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी, भारत के पूर्व नंबर एक तीरंदाज अतनु दास और एशियाई खेलों के पदक विजेता अभिषेक वर्मा जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिये भारतीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे।

तीन दिवसीय चयन ट्रायल सोमवार को यहां खत्म हुआ। युवा कीर्ति शर्मा और कुमकुम मोहोद को महिला रिकर्व टीम में जगह मिली है जबकि ओलंपियन अंकिता भकत ने शूटआफ में दीपिका को हराकर टीम में तीसरा स्थान पाया। कंपाउंड वर्ग में अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम अकेली अनुभवी तीरंदाज है।

अभिषेक आठ तीरंदाजों में आखिरी स्थान पर रहे । दुनिया के नंबर सात और भारत के शीर्ष तीरंदाज रिषभ यादव भी जगह नहीं बना सके। जापान में सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों और विश्व कप के तीसरे और चौथे चरण के लिये टीम का चयन किया गया। पुरूष रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मदेवरा शीर्ष, नीरज चौहान दूसरे और यशदीप भोगे तीसरे स्थान पर रहे। अतनु दास एशियाई खेलों की टीम में जगह नहीं बना सके लेकिन विश्व कप के लिये चौथे सदस्य के तौर पर टीम में हैं।

### भारतीय टीम

*रिकर्व पुरूषः धीरज बोम्मदेवरा, नीरज चौहान, यशदीप भोगे, अतनु दास*
*रिकर्व महिलाः कीर्ति शर्मा, कुमकुम मोहोद, अंकिता भकत, दीपिका कुमारी*
*कंपाउंड पुरूषः साहिल जाधव, कुशल दलाल, तिरूमुरू गणेश मणिरत्नम, रिषभ यादव*
*कंपाउंड महिलाः ज्योति सुरेखा वेन्नम, चितिका तानीपूर्ति, प्रिथिका प्रदीप, परनीत कौर*

# फ्रांस से बदला लेने कोर्ट में उतरेंगे भारतीय शटलर

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से शुरू होने वाले मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष एकल में अपने प्रदर्शन में सुधार करके फ्रांस से थॉमस कप के सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने की कोशिश करेंगे। भारत इसी महीने की शुरुआत में डेनमार्क के होर्सेन्स में थॉमस कप के सेमीफाइनल में फ्रांस से 0-3 से हार गया था और उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था। भारत इस मुकाबले में अपने तीनों एकल मैच हार गया था। अब मलेशिया मास्टर्स में भारतीय खिलाड़ियों का फिर से फ्रांस के खिलाड़ियों से मुकाबला होगा और इस बार वह किसी तरह की कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे।





### लक्ष्य की टक्कर उबैदिल्लाह से

कोहनी की चोट के कारण फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में नहीं खेल पाने वाले स्टार भारतीय शटलर लक्ष्य सेन इंडोनेशिया के मोह जाकी उबैदिल्लाह के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। भारत के अन्य खिलाड़ियों का मुकाबला हालांकि फ्रांस के खिलाड़ियों से होगा। इनमें थारुन मन्नेपल्ली फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से, किरण जॉर्ज सातवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स लैनियर से और एचएस प्रणय क्रिस्टो पोपोव से भिड़ेंगे। एस शंकर मुथुसामी सुब्रमणियन को क्वालीफाइंग राउंड से गुजरना होगा।

### मालविका बंसोड़ की यवोन ली से भिड़ंत

महिला एकल खिलाड़ियों में तन्वी शर्मा का मुकाबला थाईलैंड की पिचमोन ओपटनीपुथ से, छठी वरीयता प्राप्त उन्नति हुडा का चीन की हान कियान शी से, मालविका बंसोड़ का जर्मनी की यवोन ली से और अनमोल खरब का डेनमार्क की आठवीं वरीयता प्राप्त लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ड से होगा। रक्षिता श्री संतोष राम का मुकाबला जापान की नात्सुकी निदेरा से होगा, जबकि इशारानी बरुआ को पहले दौर में डेनमार्क की पांचवीं वरीयता प्राप्त लाइन क्रिस्टोफरसन की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।


## बार्सिलोना ने रियाल बेटिस पर जीत के साथ घरेलू मैदान पर रखा रिकार्ड बरकरार

# कैंप नोउ में जीता बार्सिलोना, लेवांडोव्स्की को यादगार विदाई

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

स्पेनिश चैंपियन बार्सिलोना ने रियाल बेटिस पर 3-1 की जीत के साथ घरेलू मैदान पर अपना शानदार रिकार्ड बरकरार रखा और अपने स्टार खिलाड़ी रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को यादगार विदाई दी। बार्सिलोना ने अपने घरेलू मैदान कैंप नोउ में इस सत्र में खेले गए ला लिगा फुटबॉल टूर्नामेंट के सभी 19 मैच जीते। यह उसका अपने घरेलू मैदान पर इस सत्र का आखिरी मैच था।

राफिन्हा के दो गोल और जोआओ कैंसलो के एक गोल ने स्पेनिश लीग में बार्सिलोना को घरेलू मैदान पर अजेय बनाए रखा। बार्सिलोना ने दो दौर पहले ही लगातार दूसरी बार लीग खिताब अपने नाम कर लिया था। अभी एक दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।



### चार सत्र के बाद क्लब छोड़ रहे लेवांडोव्स्की

बार्सिलोना ने घोषणा की थी कि 37 वर्षीय लेवांडोव्स्की चार सत्र के बाद क्लब छोड़ रहे हैं। इसी तरह से एंटोनी ग्रिजमैन ने मेजर लीग सॉकर में खेलने के लिए अमेरिका जाने से पहले मेट्रोलिटानो स्टेडियम में एटलेटिको मैड्रिड के प्रशंसकों को अलविदा कहा। एटलेटिको ने गिरोना को 1-0 से हराया। लेवांडोव्स्की ने बार्सिलोना को चार सत्र में तीन स्पेनिश लीग खिताब जीतने में मदद की। उनके रहते हुए क्लब ने कोपा डेल रे का खिताब भी जीता। उन्होंने बार्सिलोना की तरफ से 192 मैचों में 119 गोल किए। पोलैंड के स्ट्राइकर के लिए यह एक भावुक विदाई थी, जिन्हें मैच के बाद उनके साथियों ने हवा में उछाल दिया।

# प्रज्ञाननंदा ने खेला ड्रा, फोरेस्ट को बराबरी पर रोका

### सुपर शतरंज क्लासिक : कीमर ने बनाई बढ़त

एजेंसी ▶▶ बुखारेस्ट



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने सुपर शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट के चौथे दौर में नीदरलैंड के खिलाड़ी जॉर्डन वैन फोरेस्ट के साथ ड्रॉ खेला, जबकि जर्मनी के विंसेंट कीमर ने आसान जीत के बाद बढ़त हासिल कर ली। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा पर एकमात्र जीत और तीन ड्रॉ के बाद प्रज्ञाननंदा के संभावित चार में से 2.5 अंक है जबकि कीमर ने फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को हराकर तीन अंकों के साथ एकल बढ़त बना ली। अनीश गिरी ने विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ जबकि वेस्ली सो ने रोमानिया के डिएक बोगदान-डेनियल के खिलाफ ड्रॉ खेला। फ़िरोजा स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला देते हुए चौथे दौर में नहीं खेले। प्रज्ञाननंदा ने काले मोहरों से खेलते हुए किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझा और केवल 35 चाल के बाद ड्रॉ पर सहमति जताई।




दोनों देशों में होंगी उच्च-स्तरीय वार्ताएं, रक्षा साझेदारी, आईओआर में शांति-स्थिरता को बढ़ावा देने पर रहेगा जोर

# वियतनाम और दक्षिण कोरिया की यात्रा पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट और दक्षिण चीन सागर में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार से वियतनाम और दक्षिण कोरिया की चार दिवसीय (18 से 21 मई तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसका उद्देश्य सैन्य सहयोग, रक्षा उद्योग से जुड़ी साझेदारी को मजबूती प्रदान करना और हिंद-महासागर क्षेत्र (आईओआर) में शांति-स्थिरता को और अधिक बढ़ावा देना है। रक्षा मंत्रालय ने 18 मई को बताया कि अपनी दोनों देशों की विदेश यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में रक्षा मंत्री वियतनाम की राजधानी हनोई पहुंच गए हैं। जहां हवाईअड्डे पर भारत के राजदूत त्शेरिंग वांगचुक शेरपा और वियतनाम के उच्च-सैन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। यात्रा के दौरान वह भारत, वियतनाम के रक्षा संबंधों, सहयोग (ब्रह्मोस मिसाइल का मुद्दा शामिल रह सकता है।) को मजबूती प्रदान करने के लिए व्यापक चर्चाएं करेंगे। रक्षा मंत्री का वियतनाम प्रवास 18 से 19 मई तक होगा। इसके बाद 19 से 21 मई तक वह अपनी यात्रा के दूसरे पड़ाव के रूप में दक्षिण कोरिया जाएंगे। दोनों देशों की यात्राओं के दौरान राजनाथ सिंह की अपने समकक्ष रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक भी होंगी।



## रणनीतिक साझेदारी को पूरा हुआ एक दशक

*मंत्रालय ने कहा कि वियतनाम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की वियतनाम के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ द्विपक्षीय वार्ता होगी। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर की जा रही है। यहां गौर करने वाली एक बात यह भी है कि इसी मई महीने में वियतनाम के नव निर्वाचित राष्ट्रपति तो लाम 5 से 7 मई तक भारत की यात्रा पर थे। जिसमें इस साझेदारी को और अधिक उन्नत रूप प्रदान करते हुए इसे व्यापक रणनीतिक साझेदारी के उच्च-स्तर तक ले जाया गया था। रक्षा मंत्री वियतनाम के पूर्व राष्ट्रपति हो ची मिन्ह की समाधि पर पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे। क्योंकि उनकी यह यात्रा उनकी 136वीं जयंती के मौके पर भी हो रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 से 10 जून 2022 में भी वियतनाम का दौरा किया था। उस दौरान उन्होंने दोनों देशों की रक्षा साझेदारी को लेकर 2030 तक के एक संयुक्त दृष्टिकोण से जुड़े बयान पर हस्ताक्षर किए थे। ये दृष्टिकोण द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के लिए एक स्पष्ट और परिभाषित मार्ग को प्रदर्शित करता है। दोनों देशों का साझा हित क्षेत्र की शांति, समृद्धि में है।*

### दक्षिण-कोरिया में यह रहेगा कार्यक्रम

मंत्रालय के मुताबिक, दक्षिण-कोरिया की यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कोरिया गणराज्य के रक्षा मंत्री आन ग्यू बैक के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। जिसमें दोनों के बीच रक्षा सहयोग की समीक्षा की जाएगी। साथ ही द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए नई पहल पर विचार-विमर्श करेंगे। दोनों रक्षा मंत्री साझा हित से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपने विचार साझा करेंगे। दक्षिण कोरिया के रक्षा अधिग्रहण कार्यक्रम प्रशासन (डीएपीए) मंत्री ली योंग चेओल के साथ भी राजनाथ सिंह बातचीत करेंगे। इसके अलावा उनके द्वारा भारत-कोरिया व्यापार गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की जाएगी।

### कोरियाई युद्ध में भारत का बड़ा योगदान

*कोरियाई युद्ध में भारत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह एक प्रकार से वैश्विक शांति, स्थिरता को लेकर उसकी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। उस वक्त भारतीय सेना की 60 पैराशूट फील्ड एम्बुलेंस की तैनाती करने का फैसला युद्ध के दौरान शांति, सद्भाव लाने के उद्देश्य से किया गया था। तीन साल से ज्यादा की तैनाती के दौरान इस यूनिट ने 2 लाख से अधिक रोगियों का इलाज किया। लगभग ढाई हजार ऑपरेशन के साथ कई नागरिकों का उपचार किया गया। इस क्षेत्र में तटस्थ राष्ट्र प्रत्यावर्तन आयोग की अध्यक्षता करना भारत का दूसरा प्रमुख योगदान था। यह संयुक्त राष्ट्र को देश का एक प्रस्ताव था और उसे बहुमत से स्वीकार किया गया था। आयोग की मदद से युद्धोत्तर चरण में 5 हजार 230 सैनिकों वाली भारतीय सेना की रक्षक फोर्स ने करीब 2 हजार युद्धबंदियों का शांतिपूर्ण प्रत्यावर्तन किया।*

### भारतीय युद्ध स्मारक का होगा उद्घाटन

*भारत के इसी अहम योगदान को देखते हुए 21 मई को दक्षिण कोरिया में दोनों रक्षा मंत्रियों की मौजूदगी में भारतीय युद्ध स्मारक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। समारोह में दक्षिण कोरियाई मंत्री क्वोन ओह यूल भी शामिल होंगे। दोनों देशों की नीतियों जैसे भारत की पूर्व की ओर नीति और दक्षिण कोरिया की इंडो-पैसिफिक स्ट्रैटेजी का स्वाभाविक तालमेल, हिंद-महासागर क्षेत्र में साझा मूल्यों ने दोनों देशों के रिश्तों में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।*


भारतीय समुदाय से बोले, निश्चिंत रहें क्योंकि आज का भारत कमजोर नहीं, मजबूत है

# वियतनाम की धरती से पाकिस्तान को राजनाथ की चेतावनी, नापाक हरकत की तो मिलेगा करारा जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी दो देशों की विदेश यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में सोमवार को वियतनाम पहुंचते ही सबसे पहले भारतीय समुदाय को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी का सामना कर रहे वियतनाम की जमीन से बिना किसी लाग लपेट के सीधे पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अब उसने भारत के साथ किसी तरह की कोई छेड़छाड़ करने की कोशिश की, तो उसे उसका तुरंत मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। पहले भी हम ऐसा ही करते रहे हैं। उन्होंने प्रवासी भारतीयों को बतौर रक्षा मंत्री के रूप में आश्वासन देते हुए कहा कि आज का भारत कमजोर नहीं बल्कि एक मजबूत भारत है। वैश्विक मंच पर जब कभी भारत बोलता है, तो पूरी दुनिया उसकी बात को कान खोलकर सुनती है। जिसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। इसलिए वियतनाम में रहने वाले भारतीय पूरी तरह से चिंतामुक्त रहें। बीते वक्त में हमारे पड़ोसी दुश्मन देश ने परोक्ष रूप से आतंकवाद का सहारा लेकर देश को कमजोर और अस्थिर करने की कोशिश की है। लेकिन हमारे पास उसकी हर हिमाकत का करारा जवाब देने की पूरी कुवत मौजूद है। आगे भी कोई गुस्ताखी की तो उसे माकूल जवाब दिया जाएगा।

### ऑपरेशन सिंदूर को किया याद



रक्षा मंत्री के मंच पर भाषण देने के लिए लगाए गए माइक वाले स्थान पर ऑपरेशन सिंदूर का एक पोस्टर लगाया गया था। जो भारत के इस सैन्य अभियान की सफलता की पहली वर्षगांठ को प्रदर्शित कर रहा था। रक्षा मंत्री ने इसका जिक्र करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी ने भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम और वीरता का अद्भुत नजारा देखा है। इसके लिए हमें किसी को प्रमाण देने की कोई आवश्यकता नहीं है। क्योंकि अभियान से संबंधित तस्वीरें सार्वजनिक हो चुकी हैं और उन्होंने सीमापार दुश्मन को हुए नुकसान की कहानी बयां कर दी है। इस अभियान के दौरान हमारी सेनाओं के पराक्रम की जितनी प्रशंसा की जाए। वह कम है। यहां बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर को भारत ने 22 अप्रैल 2025 में पाकिस्तान के आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के आतंकियों द्वारा किए गए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 से 10 मई 2025 को अंजाम दिया था। इस दौरान चंद मिनटों में ही पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर में सेनाओं ने आतंकवादियों के कुल 9 ठिकानों में मौजूद 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया था। अभियान के बाद भारत की आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति बरकरार है।

### परमाणु हमले की धमकी बर्दाश्त नहीं

रक्षा मंत्री ने कहा कि परमाणु हथियारों को पहले इस्तेमाल न करने की नीति भारत की रही है। आगे भी हम इस पर कायम रहेंगे। लेकिन हमारी यह प्रतिबद्धता किसी प्रकार परमाणु धमकी को कभी भी स्वीकार नहीं करेगी। राजनाथ सिंह का इशारा साफ तौर पर पाकिस्तान की तरफ था। जो आए दिन भारत के खिलाफ आतंकी हमला करने की साजिश रचने के साथ-साथ जवाबी कार्रवाई से बचने के लिए दोनों देशों के परमाणु शक्ति संपन्न होने का राग अलापता रहता है। उन्होंने कहा, भारत अब पहले वाला भारत इसलिए भी नहीं रहा। क्योंकि अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसका कद काफी बढ़ चुका है। पहले जब भारत वैश्विक मंच पर बोलता था, तो उसकी बातों को गंभीरतापूर्वक नहीं लिया जाता था। लेकिन आज जब भारत वैश्विक मंच पर बोलता है। तो पूरी दुनिया कान खोलकर सुनती है। यह भारत की हैसियत है।

### अपनी विश्वसनीयता को बनाए रखें

*उन्होंने कहा कि मेरी यह यात्रा चार साल बाद हो रही है। शुरुआत में मेरे स्वागत में भारतीय राजदूत ने मेरे बारे में काफी बढ़ा-चढ़ाकर बातें की हैं। लेकिन मैं मानता हूं कि मनुष्य कभी अपने पद की वजह से बड़ा नहीं होता है। मनुष्य अपने जीवन में अपने कर्मों के कारण बड़ा होता है। इस बात का ध्यान मैंने अपने राजनीतिक जीवन में रखा है। व्यक्ति में अहंकार नहीं होना चाहिए। जिसमें यह होगा उसकी वैल्यू कम हो जाएगी। वियतनाम आकार या आबादी में बहुत बड़ा नहीं है। लेकिन क्षमता के मामले में वियतनाम पूरी मजबूती से डटा हुआ है। यहां रह रहे भारतीयों ने भी अपनी विश्वसनीयता को बरकरार रखा है। यदि आपकी विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगेगा। तो पूरे भारत की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगेगा। वियतनाम के लोगों के मन में भी आपके प्रति सम्मान और विश्वास है। दोनों देशों के वर्तमान में अच्छे संबंध हैं, जिसमें भारतीयों का भी योगदान है।*

### छत्तीसगढ़, ओडिशा का विशेष जिक्र किया

*रक्षा मंत्री ने कार्यक्रम में वियतनाम में रह रहे छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कुछ लोगों की व्यक्तिगत उपस्थिति की पुष्टि करने के बाद कहा कि आपके गृह राज्यों में नक्सलवाद की बड़ी समस्या रही है। लेकिन अब आपको ये जानकार बेहद खुशी होगी कि यह समस्या अब पूरी तरह से समाप्त हो गई है। जो भी छिटपुट मसला रह गया है, उसे भी जल्द ही जड़ से उखाड़ फेंका जाएगा। उन्होंने भारतीयों को अपने देश आने, व्यापार और निवेश में योगदान करने के लिए आमंत्रित किया है।*

### नहीं बढ़ी पेट्रोल-डीजल की कीमतें

*उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में हमारी सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। हमने राजनीतिक वादों से इतर बेहतर प्रशासन का एक मॉडल स्थापित किया है। ऐसे में अगर किसी को सरकार चलाने का तरीका सीखना है तो हमसे सीखना चाहिए। पश्चिम एशिया संकट के बावजूद प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आ रहा है। मामले को लेकर हमारे सामने कोई बड़ी चुनौती नहीं आई है। होर्मुज की खाड़ी में हमारे कुछ जहाज फंसे हुए हैं, कुछ देश पहुंच चुके हैं। लेकिन फिर भी प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में पेट्रोल, डीजल की कीमतें बढ़ने नहीं दी हैं। बीते चार साल से यही स्थिति बनी हुई है। अब मामूली रूप से क्रमशः तीन, तीन रुपए की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने स्वीकार किया कि यह चुनौती बड़ी है। जिसमें भारत को छोड़कर दुनिया के बाकी देशों ने पेट्रोलियम उत्पादों में 60% तक की वृद्धि की है। उन्होंने रक्षा से लेकर अन्य क्षेत्रों में बीते 12 वर्षों में किए गए सरकार के कार्यों, सफलताओं के बारे में आंकड़ों के साथ भारतीयों को अवगत कराया।*

बैठक गांधी नगर में 19 से 22 मई तक आयोजित होगी

# ब्रिक्स न्याय मंत्रियों की बैठक आज से भारत करेगा अध्यक्षता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिक्स देशों के वरिष्ठ अधिकारियों और न्याय मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक आज 19 मई से 22 मई तक गुजरात के गांधीनगर में आयोजित होगी। भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता के तहत इस बैठक की मेजबानी कर रहा है। विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधि मामलों के विभाग द्वारा आयोजित यह चार दिवसीय बैठक कानूनी सुधारों, विवादों के त्वरित निपटारे और वैकल्पिक विवाद समाधान को मजबूत करने पर केंद्रित रहेगी। बैठक के अंत में ब्रिक्स न्याय मंत्रियों द्वारा संयुक्त वक्तव्य अपनाया जाएगा, जिसमें मध्यस्थता और एडीआर को मजबूत करने के लिए ठोस प्रतिबद्धताएं शामिल होंगी। मध्यस्थता और मध्यस्थता में क्षमता निर्माण के माध्यम से वैकल्पिक विवाद समाधान को मजबूत करना विषय पर एक घोषणापत्र भी जारी किया जाएगा। यह बैठक ब्रिक्स देशों के बीच न्यायिक क्षेत्र में सहयोग को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है। भारत इस आयोजन के जरिए वैश्विक मंच पर कानूनी सुधारों और त्वरित न्याय व्यवस्था में अपनी नेतृत्व भूमिका को और मजबूत करना चाहता है।




### चर्चा के प्रमुख मुद्दे

- *संस्थागत मध्यस्थता और मध्यस्थता सुधार*
- *वाणिज्यिक एवं सार्वजनिक क्षेत्र के विवादों में एडीआर की भूमिका*
- *अदालतों में लंबित मामलों को कम करना*
- *डिजिटल तकनीक के जरिए सस्ता और तेज न्याय*
- *ब्रिक्स देशों के बीच क्षमता निर्माण, ट्रेनिंग प्रोग्राम और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान*




बीते रविवार संयंत्र पर ड्रोन से हमला, रेडिएशन का रिसाव नहीं हुआ

घटना पर गंभीरता के साथ चिंता जताते हुए सभी पक्षों से की संयम के साथ बातचीत-कूटनीति के रास्ते पर लौटने की अपील

# यूएई के बराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए हमले को भारत ने बताया अस्वीकार्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट के बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए हमले को लेकर भारत ने गंभीर रूप से चिंता जताते हुए ऐसी घटनाओं को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर मामले पर देश का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि यूएई की बराकाह परमाणु सुविधा को निशाना बनाए जाने जैसी घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। भारत इस हमले को लेकर बेहद चिंतित है। क्योंकि ऐसी घटनाएं सिर्फ और सिर्फ तनाव को और अधिक बढ़ाने वाली हैं। हम सभी पक्षों से संयम बरतते हुए तत्काल बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने की अपील करते हैं। मालूम हो कि बराकाह पर हमले की यह घटना एक ऐसे समय में सामने आई है। जब हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई की यात्रा संपन्न हुई है। जहां उनकी यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद अल नाहयान के साथ एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक हुई थी। वार्ता के परिणामस्वरूप दोनों देशों के बीच द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की सप्लाई को लेकर भारत के साथ एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए और आगामी वक्त में भारत में 5 बिलियन डॉलर का निवेश करने की भी यूएई ने घोषणा की है। पीएम मोदी इन दिनों पांच देशों की विदेश यात्रा पर हैं। जिसका पहला पड़ाव यूएई था।




### ड्रोन से हुआ हमला, जानमाल का नुकसान नहीं

*बीते रविवार को बराकाह परमाणु संयंत्र पर ड्रोन से यह हमला किया गया था। जिसके दायरे में संयंत्र की भीतरी सुरक्षा दीवार आई है। यूएई के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि हमले से संयंत्र और उससे जुड़ी हुई परमाणु सुरक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है यानी रेडिएशन का कोई रिसाव नहीं हुआ है। संयंत्र के सभी परमाणु रिएक्टर सुरक्षित हैं और सुचारू रूप से उनका कार्य चल रहा है। हमले से जान माल का भी कोई नुकसान नहीं हुआ है। वहीं, इस हमले की जिम्मेदारी अभी तक फिलहाल किसी देश या संगठन ने नहीं ली है।*

### इसलिए खास है यह संयंत्र

*बराकाह यूएई के अबू धाबी स्थित अलधफरा क्षेत्र में है। जिसे अरब दुनिया के पहले और एकमात्र व्यावसायिक परमाणु ऊर्जा संयंत्र के रूप में भी जाना जाता है। इसके निर्माण पर कुल करीब 20 अरब डॉलर की लागत आई थी। वहीं, इसकी क्षमता की बात करें तो यह यूएई की कुल बिजली जरूरतों का करीब 25% हिस्सा पूरा कर सकता है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109